www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर,शनिवार, 9 सितंबर 2023 I वर्ष – 33 I अंक –131 I पृष्ठ –12 I मूल्य – 4.00





टोंक में कल इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना का शुभारंभ करेंगी प्रियंका गांधी पृष्ठ 3

■ फटा पोस्टर, निकला मोदी!
■ पानी को सहेजने की परम्परा पृष्ठ 4

■ शी जिनपिंग जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल न होकर अमेरिका, भारत को कर रहे अपमानित : अमेरिकी मीडिया पृष्ठ 9

ऑस्ट्रेलिया से हारने के बावजूद तेम्बा बावुमा ने अपनी टीम का बढ़ाया हौसला पृष्ठ 10

*जी-20 शिखर सम्मेलन को दिल्ली तैयार*

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भारत पहुंचे

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी दिल्ली पहुंचे

**जी-20 शिखर सम्मेलन मानव केंद्रित व समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। देश ऐतिहासिक भारत मंडपम में शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर उत्साहित है**
**- मोदी**





**नई दिल्ली,**8 सितम्बर (देशबन्धु)। नई दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए विदेशी मेहमानों का आना जारी है। दिल्ली में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। साथ ही सजावट ही देखते ही बन रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन जी-20 समिट के लिए तीन दिन के दौरे पर शुक्रवार को भारत पहुंचें। वह दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरे। यहां केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने उन्हें रिसीव किया। बाइडेन इसके बाद भारत में अमेरिकी एम्बेसडर एरिक गार्सेटी और उनकी बेटी से भी मिले। अमेरिका के एनएसए जेक सुलिवन ने बताया कि इस दौरान दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। इस दौरान छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों पर समझौता हो सकता है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच जीई जेट इंजन

**छोटे परमाणु रिएक्टरों पर समझौता संभव**

**चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा, दुल्हन जैसी सजी दिल्ली**

डील पर भी बात आगे बढ़ सकती है। वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा व फ्रांस के राष्ट्रपति भी दिल्ली पहुंच गए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक दोपहर करीब 2.15 बजे दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने उनका स्वागत किया। ऋषि सुनक ने कहा कि जी-20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है। भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है। मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ दिनों तक विचार-विमर्श और निर्णय लेने का बहुत अच्छा मौका होगा। अश्विनी कुमार चौबे ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का शुक्रवार को पालम हवाई अड्डे पर स्वागत करते हुए रुद्राक्ष, श्रीमद्भागवत गीता और हनुमान चालीसा भेंट की। चौबे ने जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने यहां पहुंचे सुनक का हवाई अड्डे पर 'जय सियाराम' से अभिवादन किया। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी अपनी पत्नी के साथ दिल्ली पहुंचे हैं। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनिपिंग समिट में शामिल होने के लिए भारत नहीं आ रहे हैं। पुतिन की जगह उनके विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। जी-20 समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 15 वर्ल्ड लीडर्स से बाइलेट्रल बातचीत करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से तीन द्विपक्षीय वार्ता आज उनके आवास पर होंगी।

### उद्योगपतियों को जी-20 रात्रि भोज में आमंत्रित नहीं किया गया

सरकार ने इन खबरों का खंडन किया है कि देश के जाने माने उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि विदेशी समाचार एजेन्सी रॉयटर ने एक लेख में दावा किया है कि प्रमुख उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि यह दावा भ्रामक है क्योंकि किसी भी उद्योगपति को विशेष रात्रि भोज के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में बीते पांच साल में हुआ अभूतपूर्व विकास
# जनता से किया वायदा सरकार ने किया पूरा - खड़गे

**मकान विहीन 47 हजार नए हितग्राही भी मिले, उन्हें भी देंगे पक्का मकान- मुख्यमंत्री**



**राजनांदगांव**, 8 सितम्बर 2023। छत्तीसगढ़ में बीते पांच सालों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। नीति आयोग की रिपोर्ट देखें तो बीते पांच सालों में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गये हैं। हमारी सरकार ने जनता से जो भी वायदे किये, उन्हें सरकार ने पूरा किया। यह बात राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री मल्लिकार्जुन खडगे ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठेकवा में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कही। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने की। इस दौरान 355 करोड़ 23 लाख रुपए के 1867 विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन की सौगात राजनांदगांव के निवासियों को दी। साथ ही हितग्राहियों को 3 करोड़ 25 लाख रूपए की सामग्री का भी वितरण किया गया।

इस मौके पर श्री खडगे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार गरीबों की, पिछड़ों की और किसानों की सरकार है। गांधी जी यह कहते थे कि मैं ऐसे भारत का निर्माण करना चाहता हूं, जहां गरीब से गरीब आदमी भी महसूस करे कि यह देश उसका है। इसी भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ में कार्य किया गया। एक जमाना था जब बहुत कम धान किसानों से खरीदा जाता था। इस साल एक लाख सात हजार मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। 19 लाख किसानों का ऋण माफ कर दिया गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को फसल का उचित मूल्य मिला। इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ किये गये। लघु वनोपज हम लोग खरीद रहे हैं। आदिवासियों को वनाधिकार दिया गया। श्री खडगे ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता बढ़ाकर 2500 रूपए कर दिया। केंद्र सरकार ने भी छत्तीसगढ़ के मिलेट मिशन की बहुत प्रशंसा की।

श्री खडगे ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में आजाद भारत को गढने का कार्य शुरू हुआ। बड़े उद्योग आये, छत्तीसगढ़ में भी उद्योग खुले। लाखों लोगों को रोजगार मिला। यहां पावर प्लांट खुले, स्टील प्लांट खुले। देश के औद्योगिक विकास की नींव रखी गई। श्री खडगे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि सांप्रदायिक सद्भाव की भूमि है। लोग बहुत सरल, सहज हैं। उन्होंने राजनांदगांव की विभूतियों का भी इस अवसर पर स्मरण किया। उन्होंने महंत घासीदास, ठाकुर प्यारेलाल और श्री किशोरीलाल शुक्ल जी का ➢ ➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢

**सार संक्षेप**

## शेख हसीना ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंची बंगालदेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय वार्ता की। हसीना ने दिल्ली पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री आवास में मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर वार्ता की। समझा जाता है कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने जी-20 के एजेंडे पर भी चर्चा की। इससे पहले जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने पहंची हसीना का यहां इंदिरा गांधी हवाई अड्डा पहुंचने पर रेल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश ने स्वागत किया। बंगलादेश जी-20 का सदस्य नहीं है लेकिन भारत ने उसे विशेष अतिथि के रूप में सम्मेलन में आमंत्रित किया है।

## बीएसएफ एसडीजी ने एलओसी का किया दौरा

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल की पश्चिमी कमान के विशेष महानिदेशक (एसडीजी) बी खुरानिया ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के अग्रिम इलाकों और यहां पर तैनात सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। बीएसएफ कश्मीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, एसडीजी खुरानिया ने बांदीपोरा में गुरेज सेक्टर के अग्रिम इलाकों का दौरा किया और एलओसी पर तैनात सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। एसडीजी ने सैनिकों के साथ बातचीत की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना की।

## मणिपुर में फिर हिंसा में दो की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के पैलेल में फायरिंग की दो अलग-अलग घटनाओं में गत गुरुवार को दो लोगों की मौत हो गई। 45 अन्य घायल हो गए। इनमें से 4 को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि पैलेल में सुबह करीब 6 बजे अज्ञात पुरुषों के दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे तुरंत ककचिंग के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं गोली लगने से घायल एक और व्यक्ति को इंफाल क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ले जाया गया। फिलहाल उसकी हालत गंभीर है। गोलीबारी की घटना के बारे में सुनकर थौबल और काकचिन जिले से बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पैलेल पहुंची, लेकिन असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोक लिया। यहां भी दो समूहों के बीच गोलीबारी में 48 साल के व्यक्ति की मौत हो गई।

# विधानसभा उपचुनाव में 'इंडिया' की जीत

## केरल में कांग्रेस, बंगाल में टीएमसी, झारखंड में जेएमएम व उप्र में सपा की जीत




**लखनऊ/रांची,**8 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों के नतीजे आ गए हैं। इनमें त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की। केरल की पुथुप्पली सीट कांग्रेस के खाते में गई। वहीं, बंगाल की एक सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की। झारखंड में जेएमएम अलायंस की ओर से जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश की घोषी सीट समाजवादी पार्टी के सुधारक सिंह के खाते में गई। सभी सीटों पर 5 सितम्बर को उपचुनाव हुए थे। इनमें से पांच सीट-घोसी (यूपी), बागेश्वर (उत्तराखंड), डुमरी (झारखंड), बॉक्सानगर और धनपुर (त्रिपुरा) पर इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने एकसाथ चुनाव लड़ा। धुपगुड़ी (बंगाल) और पुथुपल्ली (केरल) सीट पर विपक्षी पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में थीं।

**सपा के पाले में आई घोसी सीट**

सात सीटों में से धनपुर, बागेश्वर और धूपगुड़ी पर पहले बीजेपी का कब्जा था। उप्र और झारखंड की सीटें समाजवादी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास थीं। त्रिपुरा की बॉक्सनगर सीट और केरल की पुथुपल्ली सीट सीपीएम और कांग्रेस के पास थीं। उत्तर प्रदेश की घोसी सीट मौजूदा विधायक और ओबीसी नेता दारा सिंह चौहान के सपा छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर अब बीजेपी के प्रत्याशी के रूप में दारा सिंह को शिकस्त मिली है। समाजवादी पार्टी के सुधाकर सिंह ने दारा सिंह को 42759 वोटों से हरा दिया।

*ब्रसेल्स में बोले राहुल*

# भारत में गांधी-गोडसे विजन की लड़ाई


**इंडिया गठबंधन से डरकर देश का नाम बदलना चाहते हैं मोदी**
**-राहुल गांधी**



**■ महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के विजन के बीच लड़ाई**

**ब्रसेल्स,**8 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों यूरोप दौरे पर हैं। शुक्रवार को ब्रसेल्स के प्रेस क्लब में राहुल गांधी ने कहा कि भारत में इस वक्त महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के विजन के बीच लड़ाई है। लोकतंत्र और संस्थान पर हमला हुआ है। हिंसा-भेदभाव बढ़ा है। अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी और निचली जातियां पर हमला किया जा रहा है। इंडिया गठबंधन से सरकार घबराई इसलिए देश का नाम बदलना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया अलायंस को लेकर सरकार घबराई हुई है। हम भारत की आवाज हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री डरे हुए हैं इसीलिए वो देश का नाम बदलना चाहते हैं। यह पूरा मुद्दा अडाणी पर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हुआ, जिससे देश का ध्यान भटकाया जा सके। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों यूरोप दौरे पर हैं। उन्होंने ब्रसेल्स में यूरोपीय यूनियन के सांसदों से मुलाकात की। राहुल की इन सांसदों से मुलाकात को एल्विना एल्मेत्सा ने होस्ट किया। उनके साथ पियरे लारोतुरो भी थे। राहुल का इस साल का तीसरा विदेश दौरा है। इससे पहले वे मार्च में ब्रिटेन और जून मे अमेरिका दौरे पर गए थे। राहुल का ये दौरा ऐसे समय हो रहा है जब देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट हो रही है। वो समिट खत्म होने के बाद भारत लौटेंगे। वहीं, भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राहुल इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे। बीते 9 साल में राहुल की 22 विदेश यात्राएं विवादित और सोशल मीडिया पर चर्चा में रही हैं। इनमें एक जर्मनी का वह दौरा भी जिसमें उन्होंने संसद में प्रधानमंत्री मोदी को गले लगाने का राज खोला था। राहुल गांधी ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के बाद सोशल मीडिया पर देश के नाम को लेकर छिड़ी बहस सरकार की घबराहट भरी प्रतिक्रिया और ध्यान भटकाने की रणनीति है। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी उनकी पार्टी क्रोनी कैपिटलिज्म की चिंता जताती है तो इस तरह के विवाद सामने आते हैं।

# ज्ञानवापी सर्वे को 56 दिन का समय और मिला



**मसाजिद कमेटी ने एएसआई सर्वे का किया था विरोध**

**सर्वे टीम को परिसर में जाने से रोका**

**वाराणसी,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। ज्ञानवापी सर्वे को लेकर जिला कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एएसआई टीम को 56 दिन और सर्वे करने का आदेश दिया है। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने 35वें दिन एएसआई टीम को परिसर में जाने से रोका था। अंजुमन कमेटी ने कोर्ट के आदेश के बाद ही टीम को सर्वे के लिए अंदर जाने की बात कही थी। वहीं, गुरुवार को भी सर्वे शुरू होने के बाद मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था, जिसके चलते सर्वे रोका गया था।

**कोर्ट के फैसले के बाद ही टीम को अंदर जाने देंगे**

अंजुमन कमेटी का कहना था कि कोर्ट के आदेश आने के बाद ही सर्वे की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों ने एएसआई की टीम और मसाजिद कमेटी के पदाधिकारियों से बात की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी थी। मसाजिद कमेटी का कहना है कि जिला जज की अदालत ने सर्वे और उसकी रिपोर्ट जमा करने के लिए 2 सितंबर तक की इजाजत दी थी। सर्वे रिपोर्ट नहीं जमा की गई और जिला जज की अदालत ने 8 सप्ताह का समय और मांगा गया। आज सुनवाई के बाद ही फैसले के आधार पर आगे की कार्वाई के लिए टीम को प्रवेश करने देंगे। एएसआई की 30 सदस्यीय टीम ज्ञानवापी परिसर में ही मौजूद रही।

**सात सितम्बर को भी किया था विरोध**

ज्ञानवापी परिसर में सर्वे पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी तीन सितंबर से लगातार अपना विरोध दर्ज करा रही है। स्ढु की टीम से चार तारीख पर सुनवाई के बाद मुस्लिम पक्ष ने सर्वे नहीं करने की अपील की थी, लेकिन सर्वे जारी रहा। 7 सितंबर गुरुवार को मसाजिद कमेटी के विरोध के बीच स्ढु की 30 सदस्यीय टीम ज्ञानवापी परिसर में सर्वे नहीं कर सकी।

# अजित का अध्यक्ष बनना गैरकानूनी : शरद पवार

**पार्टी के नाम व चिन्ह को लेकर चुनाव आयोग को बताया**



**मुंबई,**8 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने आठ सितम्बर को चुनाव आयोग को बताया कि पार्टी में कोई फूट नहीं है। वे पार्टी के अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल प्रदेश अध्यक्ष हैं, जो उनके साथ हैं। ऐसे हालात में अजित गुट पार्टी पर दावा कैसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि अजित पवार का पार्टी का अध्यक्ष बनना और पार्टी के नाम और चिन्ह का इस्तेमाल करना गैरकानूनी है। पार्टी छोड़कर जाने वाले 9 मंत्रियों समेत 31 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्रवाई की जाए। उधर, अजित पवार ने चुनाव आयोग को बताया कि मैं पार्टी का अध्यक्ष हूं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने यह फैसला लिया है। पार्टी का बहुमत और संख्या हमारे पास है। इसीलिए हमारे गुट के विधायकों पर अयोग्यता की कार्रवाई नहीं हो सकती। दरअसल, जुलाई 2023 में अजित पवार 40 विधायकों के साथ महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए थे। इसके बाद शरद पवार ने चुनाव आयोग से उन्हें अयोग्य ठहराने की मांग की है।

**बहुमत हमारे पास : अजित पवार**

अजित पवार गुट ने इलेक्शन कमीशन में दावा किया था कि वो एनसीपी है, जिसके अध्यक्ष अजित पवार हैं। अजित गुट ने इससे जुड़े दस्तावेज भी चुनाव आयोग को सौंप दिए थे। आयोग ने इस पर जवाब देने के लिए शरद पवार गुट को तीन हफ्तों (9 सितंबर) का समय दिया था। इलेक्शन कमीशन की ओर से मिली मियाद खत्म होने से पहले ही शरद पवार ने मेल के जरिए जवाब दाखिल कर दिया।

**युवा-नेतृत्व**

*टाइम पत्रिका की पहली शीर्ष सौ एआई सूची में कई भारतीय*

# अमेरिकी स्नेहा रेवनूर सूची में सबसे युवा

**न्यूयॉर्क, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। कई भारतीयों और भारतीय मूल के तकनीकी विशेषज्ञों ने टाइम पत्रिका की पहली टाइम 100 एआई सूची में जगह बनाई है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया है।**

सूची में 18 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी स्नेहा रेवनूर सबसे युवा हैं, जिन्होंने हाल ही में नैतिक एआई के लिए आयोजित एक युवा-नेतृत्व वाले अभियान इनकोड जस्टिस का नेतृत्व करने के लिए जो बाइडेन प्रशासन से मुलाकात की। रेवनूर को अक्सर एआई की ग्रेटा थुनबर्ग कहा जाता है। नील खोसला, जिन्होंने 2017 में टेलीहेल्थ स्टार्टअप क्यूराई हेल्थ की सह-स्थापना की, वह भी सूची में हैं। वाधवानी एआई के सह-संस्थापक रोमेश और सुनील वाधवानी को भी सूची में नामित किया गया है। मुंबई स्थित वाधवानी एआई एक गैर-लाभकारी संगठन है जिसका मिशन स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और कृषि सहित सामाजिक भलाई के लिए एआई समाधान विकसित करना और

**सूची में 43 सीईओ, संस्थापक व सह-संस्थापक भी शामिल**

तैनात करना है। तुशिता गुप्ता अमेरिका स्थित कंपनी रेफाइबर्ड की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी हैं। इसका उद्देश्य विभिन्न कपड़ा वस्तुओं की संरचना की पहचान करने के लिए एआई का उपयोग करके कपड़ा रीसाइक्लिंग में क्रांति लाना है। प्रतिष्ठित सूची में एक अन्य भारतीय माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च इंडिया की प्रमुख शोधकर्ता कालिका बाली हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी में भाषा संबंधी बाधाओं को तोड़ने के लिए कई साल से समर्पित काम किया है। 2023 टाइम 100 एआई अंक के मुख-पृष्ठ पर नील जैमीसन के इल्यूस्ट्रेशन हैं जिसमें सूची में शामिल 28 लोगों के चित्र हैं। इनमें ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक के डारियो और डेनिएला अमोदेई, गूगल डीपमाइंड के डेमिस हसाबिस और अन्य लोग शामिल हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेसिका सिबली ने कहा कि टाइम का मिशन उन लोगों और विचारों को उजागर करना है जो दुनिया को एक बेहतर, अधिक न्यायसंगत जगह बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई में असाधारण विकास और उन्नति के इस महत्वपूर्ण क्षण में, हमें एआई नवाचार का नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए पहली बार टाइम 100 एआई सूची प्रकट करने पर गर्व है। सूची में 43 सीईओ, संस्थापक और सह-संस्थापक शामिल हैं-एक्सएआई के एलन मस्क, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, एक्ससिएंटिया के एंड्रयू हॉपकिंस, मूनहब के नैन्सी जू, अमिनी के केट कल्लोट, लेलापा एआई के पेलोनोमी मोइलोआ, एंथ्रोपिक के जैक क्लार्क, रकेल वाबी के उर्तासन, कोहेरे के एडन गोमेज़ तथा अन्य।



# हाथी प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग

## किसान संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम मरवाही एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### मरवाही वनमंडल के दर्जन भर गांव पिछले एक साल से हाथियों के आतंक से है परेशान





**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 8 सितंबर** (देशबन्धु) हाथी प्रभावित क्षेत्र मरवाही वन परिक्षेत्र में हाथियों से हुए नुकसान पर उचित मुहावजे की मांग को लेकर मरवाही के किसानो ने आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही को सोपा है, शासन वर्तमान में 9000 रूपए प्रति एकड़ थान के फसल के नुकसान का मुआवजा दे रही है।

मरवाही वन मंडल के दर्जन भर गांव पिछले 1 वर्षों से हाथी के आमद से परेशान हैं, हाथी लगातार क्षेत्र में विचरण करते हुए वन क्षेत्र से सटे गांव में घुस आते हैं, और किसानों की फसल आवास एवं रखे उपज को नुकसान पहुंचाते हैं, साथ ही कभी-कभार हाथी के हमले से कुछ ग्रामीणों की मौत भी हो गई है, कुछ घायल हुए हैं जिसे जनहानि भी हुई है किसानों का मानना है कि जिस तरह से हाथी लगातार उनके रहवासी इलाके में प्रवेश कर क्षति पहुंचा रहा है, जिसका मुआवजा शासन प्रशासन द्वारा ?9000 प्रति एकड़ तय किया गया है जो काफी कम है, किसानों का मानना है कि शासन धान खरीदी का मूल निर्धारित किया हुआ है उसे दर से या उसके आसपास किसानों के हुई फसलों के नुकसान का मुआवजा दे ,किसी के मकान का अगर नुकसान हाथी के आमद से हुआ है तो उसे 2 लाख रुपए मकान क्षति पूर्ति मुआवजा मिलना चाहिए, किसी ग्रामीण की अगर हाथी के हमले से मौत होती है तो उसके परिवार वालों को 50 लाख रुपया मुआवजा एवं किसी एक सदस्य को नौकरी मिलना चाहिए और घायल व्यक्ति को दो लाख मुआवजा देना उचित होगा इसके अलावा हाथी प्रभावित क्षेत्र में हाथियों को भागने खरीदने के लिए हाथी मित्र दल का भी गठन किया गया है वह भी जिम्मेदारी से अपने कार्य को कर रहे हैं, उन्हें भी किसी आपदा की स्थिति में 50 लाख का मुआवजा दिया जाना उचित होगा ग्रामीण जान जोखिम के रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं शासन प्रशासन मौन चुप्पी धारण किए हुए हैं, वन विभाग हाथी को इधर से उधर खदेडने में अपना समय लग रहे हैं, जबकि किसानों की चिंता किसी को नहीं है ,ऐसे में की मांग को लेकर आज अन्य विभाग अधिकारी राजस्व मरवाही को मुख्यमंत्री के नाम गांव पर ज्ञापन सौंप कर उचित मुआवजे की मांग की है।

# नॉमिनी फार्म के साथ पंजीयन अपडेट नहीं कराने से पुराने किसान भी नहीं बेच पाएंगे धान

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी गत वर्ष के पंजीकृत किसानों और नवीन किसानों को 30 सितंबर तक अनिवार्य रूप से कराना होगा पंजीयन

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,, 8 सितंबर** ( देशबन्धु ) राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए पंजीयन प्रारंभ कर दी गई है। इस वर्ष धान खरीदी के दौरान किसानों को कोई परेशानी नहीं हो इसलिए उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नामिनी बनाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। नॉमिनी सुविधा के लिए गत वर्ष के पंजीकृत किसानों और नवीन किसानों को 30 सितंबर 2023 तक संबंधित समिति में पंजीयन कराना अनिवार्य है। गत वर्ष के पंजीकृत किसानों को भी नामिनी फार्म के साथ अपना पंजीयन अपडेट कराना अनिवार्य है। पंजीयन अपडेट नहीं होने पर पुराने किसान भी अपना धान नहीं बेच पाएंगे।

उप संचालक कृषि ने बताया कि खरीफ वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में पारदर्शी सुधार के लिए बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली लागू की जा रही है जिसमें किसान अपना बायोमेट्रिक आधार (अंगूठा लगाकर) प्रमाणीकरण के पश्चात धान की बिक्री कर सकते है। किसानों का समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नॉमिनी बनाने की सुविधा प्रदान किया है जिसके आधार पर स्वत: उपस्थित होकर या उनके द्वारा बनाए गए नॉमिनी के द्वारा धान की बिक्री की जा सकती है। इसके अतिरिक्त समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु विश्वसनीय व्यक्ति की नियुक्ति धान खरीदी केन्द्रों में की जाएगी जो धान खरीदी में सहयोग प्रदान करेंगे। हिस्सेदार, बटाईदार, अधिया रेगहा के तहत गत वर्ष भी भांति पंजीयन किया जाएगा। खेत का मालिकाना हक रखने वाले किसान स्वयं पंजीयन करा सकेंगे अथवा संबंधित कृषक के नॉमिनी के तौर पर पंजीयन करा सकता है। यदि किसी कारणवश पंजीयन पंजीकृत किसान अपना नॉमिनी अथवा आधार नंबर परिवर्तन कराना चाहता है तो उसका अनुमोदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार द्वारा किया जा सकता है। गतवर्ष पंजीकृत किसानों का पंजीयन उनके मृत्यु एवं अन्य कारणों से निरस्त किए जाने हेतु ऐसे किसानों की जानकारी तहसीलदारों को प्रेषित की जाएगी। उसके बाद तहसीलदार को प्रदान लॉगिन आईडी से किसान पंजीयन निरस्त की कार्यवाही की जाएगी। जिले के सभी किसान खरीफ वर्ष 2023-24 में नवीन पंजीयन एवं गत वर्ष के पंजीयन में सुधार के संबंध में अपने संबंधित समिति से संपर्क कर किसान पंजीयन अपडेट कराएं।




**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**छत्तीसगढ़ में बीते पांच साल में हुआ ...**

स्मरण किया। उन्होंने दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी श्री कन्हैयालाल का भी नमन किया। साथ ही गुरू घासीदास और शहीद वीरनारायण सिंह का भी नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह गजानंद माधव मुक्तिबोध की धरती है। हमारे लोक-कलाकारों की धरती है। संस्कारधानी से निकले कलाकारों को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सबको खाद्य सुरक्षा देने का कार्य किया। सबका राशन कार्ड बन रहा है। हम किसानों से 20 चिंटल प्रति एकड़ धान भी खरीदने वाले हैं। कोरोना महामारी के बावजूद हमने किसानों से धान की खरीदी जारी रखी। हम हमेशा किसान, मजदूर के हित में काम करते हैं। हम दो रूपए में गोबर खरीदते हैं। आज गौपालक हो, किसान हो, बेरोजगार साथी हो, हम विभिन्न योजनाओं से सबके खाते में पैसे डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आम जनता को ताकतवर बनाने का काम करते हैं। हमने निर्णय किया है कि सात लाख लोगों को पक्की छत देना है। अभी जो सामाजिक आर्थिक सर्वे कराया है, उसमें 47 हजार लोग ऐसे मिले हैं, जिन्हें मकान चाहिए, उन्हें मकान दिलाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों के संबंध में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने के लिए काम किया गया है। 30 हजार शिक्षकों की भर्ती की है। पुरानी पेंशन स्कीम पुन आरंभ की है। कोटवारों, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया है। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार सुश्री कुमारी शैलजा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव तथा संस्कृति एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत, सांसद बस्तर श्री दीपक बैज, कृषि मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, पीएचई मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा, आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री मोहन मरकाम, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेडिया, संसदीय सचिव व विधायक मोहला-मानपुर श्री इन्द्रशाह मंडावी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण व विधायक डोंगरगढ़ श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल, विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी चन्दू साहू, विधायक खैरागढ़ श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम श्री धनेश पाटिला, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग श्री जितेन्द्र उदय मुदलियार, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग श्रीमती तेजकुंवर नेताम, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्री नवाज खान, अध्यक्ष श्रीमती रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास श्री विवेक वासनिक, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, सरपंच ग्राम पंचायत ठेकवा श्रीमती गुंजा साहू, समाजसेवी श्री पदम कोठारी, पार्षद श्री कुलबीर छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त श्री महादेव कावरे, आईजी श्री राहुल भगत, कलेक्टर राजनांदगांव श्री डोमन सिंह, कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई श्री गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमित कुमार, एसडीएम श्री अरूण वर्मा सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर ज़िला कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा



**गोरेला पेंड्रा मरवाही, 8 सितंबर** ( देशबन्धु )कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में सितंबर 2022 को प्रारंभ की गई भारत जोड़ों यात्रा की पहली वर्षगाँठ पर ज़िला कांग्रेस कमेटी गौरेला पेंड्रा मरवाही के ज़िलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव के अहवान पर ज़िला कांग्रेस कार्यालय से दुर्गा चौक बस स्टैंड तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई इस यात्रा में कांग्रेस पार्टी के नेता हाथों में राष्ट्रीय ध्वज के लेकर पूरे प्रदेश के साथ साथ जिले में प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया.

भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर पूरे प्रदेश के हर ब्लॉक हर ज़िले में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, ज़िला कांग्रेस कांग्रेस सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस सहित सभी प्रकोष्ठों विभागों के कार्यकर्ता शामिल हुए. इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा की भाजपा नफ़रत फैलाने का काम कर रही और कांग्रेस मोहब्बत हम सभी कांग्रेसी आज नफ़रत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान खोलने आये है उत्तम ने कहा कि केंद्र की भाजपा के जंगलराज से जनता बहुत परेशान है.

# गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

### सभी सक्रिय गौठानों में नियमित गोबर खरीदी करने के दिए निर्देश

### एपीओ मनरेगा को कारण बताओ नोटिस जारी



**मुंगेली, 8 सितंबर** (देशबन्धु) कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी सक्रिय गौठानों में विकासखंडवार गोबर खरीदी की जानकारी ली और कहा कि प्रत्येक पखवाड़ा सभी गौठानों में कम से कम 30 क्विंटल गोबर खरीदी होनी चाहिए। उन्होंने गौठान के नोडल अधिकारियों को अपने-अपने गौठानों का नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से है, इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने क्रय किए जाने वाले गोबर से निर्धारित अनुपात में वर्मी कंपोस्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बिना सूचना के अनुपस्थित विभिन्न गौठानों के नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही गौठान में विभिन्न अधोसंरचना निर्माण संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाने पर एपीओ मनरेगा को कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा। उन्होंने विभिन्न विभागों में वर्मी कंपोस्ट उठाव की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी विभाग एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य के अनुरूप उठाव सुनिश्चित करें। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को वर्मी कंपोस्ट की उपयोगिता बताते हुए उन्हें इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। वर्मी कम्पोस्ट में पोषक तत्वों की मात्रा अधिक होती है। इसके उपयोग से खेतों की उर्वरता में वृद्धि होती है। साथ ही मिट्टी की भौतिक संरचना में परिवर्तन होता है और उसकी जल धारण क्षमता भी बढ़ती है।

जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय ने गौठानों में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और कहा कि गौठानों में सुचारू रूप से गोबर खरीदी के लिए अतिरिक्त वर्मी टांका, शेड की आवश्यकता होने पर प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होनें कहा कि सभी नोडल अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि गौठानों का सुचारू रूप से संचालन हो तथा नियमित गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि गौठान समितियां सक्रिय होना चाहिए। बैठक में सभी विभागीय अधिकारयों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री अजय शतरंज सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# अपहरण का फरार आरोपी जबलपुर से गिरफ्तार



**तखतपुर, 8 सितंबर** (देशबन्धु)। अपहरण कर हत्या करने के मामले में फरार आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 302, 364, 365, 201, 120बी अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बांसाझाल चौकी जूनापारा थाना तखतपुर के भगवानराम विश्नोई व जबलपुर से आए स्वराज माजदा के चालक शहबाज सरीफ उर्फ सनम अंसारी के मध्य सब्जी के पैसे को लेकर मारपीट विवाद हुआ था तथा सब्जी व्यवसायी भगवानराम विश्नोई द्वारा सहवान सरीफ उर्फ सनम अंसारी के साथ मारपीट किया गया था, इसी के बदला लेने नियत से सहवान उर्फ सनम अंसारी अपने भाई गुलसेर गुलसेर अहमद व साथी अन्नू गौर, गुलशन खान, शोएब उर्फ छोटू सभी पांचों मिलकर हुण्डई आई-20 कार क्रमांक स्क्क 20 ष्टरु 9305 तथा एक अन्य कार में एक साथ बांसाझाल आए और भगवानराम विश्नोई का अपहरण कर, सभी ने मिलकर मृतक भगवानराम विश्नोई से मारपीट किए व शहवाज उर्फ सनम अंसारी द्वारा स्टील के थरमस से भागवानराम विश्नाई के सिर में मारकर हत्या कर दिया तथा शव को कुण्डा कबीरधाम सडक किनारे फेंक दिए थे, पूर्व में प्रकरण के आरोपी गुलसेर अहमद को गिरस्तार कर रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है ।मामले में आरोपी शहवाज सरीफ उर्फ सनम अंसारी को जबलपुर से गिरस्तार कर उसके पास से मृतक के सिर में मारकर हत्या करने में प्रयुक्त स्टील के थरमस को जस्त कर रिमाण्ड पर भेजा गया है, तथा अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी जारी है।

# स्कूलों में मनाया धुलाई दिवस




**तखतपुर, , 8 सितंबर** (देशबन्धु)। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विकासखंड के प्राथमिक और माध्यमिक एवं हाई स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 8 सितंबर को हाथ धुलाई दिवस शालाओं में मनाया गया और उसके फायदे बच्चों को बताए गए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि साक्षरता पखवाड़ा के तहत 1 सितंबर से 15 सितंबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन विद्यालय स्तर पर होना है। जिसमें क्रमश: स्वच्छता दिवस, हरित क्रांति दिवस, स्वच्छता सहभागिता एवं 8 सितंबर को हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। हाथ धुलाई के बारे में बच्चों को यह बताया गया कि अधिकांश बीमारी गंदे हाथ से होते हैं। ठीक से हाथ धोने से सारी बीमारियों से बचा जा सकता है ।छात्रों ने हाथ धोने के महत्व को समझा और हां धुलाई का अभ्यास किया कन्या अवसर माध्यमिक विद्यालय मे हाथ धुलाई का अभ्यास कराया गया। इस दौरान प्राचार्य नरेंश दुबे, संतोष पांडे, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, कामिनी गुप्ता, मीनाक्षी शर्मा, दिव्या मिश्रा, बी आर सूर्यवंशी,जे डी कुजूर सहित अन्य उपस्थित रहे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना क्रमांकः एनआईटी/11/23/15, दिनांकः 05.09.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामाग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र लागत (रु.) | अर्नेस्ट मनी डिपोसिट (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11235416A | 20.09.2023 | 10:30 | 00 | 72380.00 |

विवरणः- 1. सीएमएस/टीएसएस हार्डवेयर की आपूर्ति एवं स्थापना थिन क्लाइंट, टच स्क्रीन के साथ एलईडी मॉनिटर, कियोस्क, फिंगर प्रिंट मॉड्यूल, ब्रीथ एनालाइजर, वेब कैमरा से युक्त। निर्मित-सीआरआईएस/नई दिल्ली विशिष्टता संख्या 2007/सीआरआईएस/एनडीएलएस-मुख्यालय/सीएमएस/परियोजना/ रोल आउट- II/0030/Pt-I, दिनांक 27/12/2018 के अनुसार।
2. लेजर मुद्रक : विशिष्टता विवरण संलग्न अनुबंध- I (Annexure-I) के अनुसार।
"निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।"
नोटः- विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रमाणिक मानी जाएगी।

वरि.मंडल सामग्री प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/218



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्रम सं. (1): ई-निविदा संख्या :डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-59-23-24, दिनांक 06.09.2023

कार्य : 30.06.2024 तक की समाप्ति के लिए सहायक मण्डल अभियंता / मध्य / बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर यार्ड (बिलासपुर सेटलमेंट को छोड़कर) से अकलतरा के मध्य ADEN/Central/BSP और SSE (P. Way)/BSP कार्यालय सहित वाईट वाशिंग तथा कलर वाशिंग के साथ सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य : ₹94,99,999.81/-। अमानत राशि : ₹1,90,000.00/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 14.09.2023 के 11.00 बजे से। निविदा जमा की अंतिम तिथि : दिनांक 28.09.2023 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/213 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जांजगीर प.ह.नं.10 रा.नि.मं. व तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा में अवस्थित भूमि खसरा नं. 2449 कुल रकबा 0.27 एकड़ में से रकबा 0.03 एकड़ जो विक्रेता/ भूमिस्वामी हरिशंकर पिता स्व. नर्बदा प्रसाद कहरा निवासी वार्ड नं.23 केरा रोड जांजगीर तहसील जांजगीर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि हैं, इस भूमि को मेरे पक्षकार क्रेता ईश्वर सिंह पिता स्व. रामेश्वर सिंह निवासी ग्राम बुड़ेना तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम बयाना राशि दे चुके हैं तथा निकट भविष्य में इस भूमि का विधिवत उपपंजीयक कार्यालय जांजगीर में पंजीयन निष्पादित होना तय है, इस भूमि के खरीदी बिक्री बाबत किसी भी व्यक्ति को या राष्ट्रीयकृत बैंकों व वित्तीय संस्थानों या ग्राम पंचायत को या राजस्व विभाग को अथवा अन्य किसी को भी कोई भी किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर समस्त कागजात सहित दावा, आपत्ति मेरे कार्यालय में कर सकते है उसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं क्रेता भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेवेंगे। सो, सूचना जानें।

जांजगीर भवदीय
दिनांकः 08.09.2023 हरशिंकर
केरा रोड जांजगीर



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)
Email Id:sdmdabhara.steno@gmail.com

**ईश्तहार**

ग्राम ढेकुनाभांठा प.ह.नं.16 तहसील डभरा, जिला सक्ती छ.ग.

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम ढेकुनाभांठा प.ह.नं.16 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका श्रीमती ममता पटेल पति रामकृष्ण पटेल जाति अघरिया निवासी ग्राम ढेकुनाभांठा तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. ने भूमि ग्राम ढेकुनाभांठा प.ह.नं.16 खसरा नंबर 147/3 रकबा 0.121 हे. (0.30 एकड़) भूमि को औद्योगिक प्रयोजन व्यवपर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का औद्योगिक प्रयोजन व्यवपर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 12.09.2023 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 29.08.2023 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा,जिला सक्ती (छ.ग.)



न्यायालय अति. तहसीलदार, बिलासपुर
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ- जिला बिलासपुर तहसील- बिलासपुर प.ह.नं.00039 तालापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबध्द प्रकरण क्रमांक RD202223400108500025

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम तालापारा के वर्तमान भूमिस्वामी जीतराम व सुखरू सतनामी पिता/पति- सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 176/1 (0.0280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कृष्णा बर्मन, देवकी बाई मंगेशकर, सारिका छारी, नीरा बाई उर्फ फातिमा बेगम, लखन रात्रे, कली बाई, सुनीता जांगड़े, राधा बाई, सरिता सोनवानी, श्याम रात्रे, अनीता, आनंद पिता/ पति-क्रमशः शिवराम बर्मन, बाबू लाल मंगेशकर, अमर सिंह छारी, नक्कू, रामलाल रात्रे, कन्हैया लाल बर्मन, मनमोहन जांगड़े, कमल प्रसाद बोधी, पता- जरहाभाटा तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/09/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील
श्री मुकेश कुमार देवांगन
अतिरिक्त तहसीलदार,
बिलासपुर



**Chhattisgarh State Co-Operative Marketing Federation Limited**
Sector - 21, C.B.D. Complex, 6th Floor, Newa Raipur, Atal Nagar, Raipur
Ph. No. 07712425420 Website- markfed.cg.nic.in
Email-mf-ctrlroom-raipur.nic.in

**Request for Proposal - SECOND CALL**
No./ MARKFED / ENGG (CIVIL) / 2702/ 2023
Nawa Raipur Atal Nagar Dated. 08/09/2023

Online proposals via tender no. 141744 invited from eligible agencies for providing 02 - Sub Engineers (Civil) via Place Agency Services at the head office of Chhattisgarh State Cooperative Marketing Federation from 17.08.2023 to 07.09.2023 is thereby cancelled due to insufficient bids.

Further, a second call tender is again invited from eligible agencies for providing 02- Sub Engineers (Civil) via Place Agency Services at the head office of Chhattisgarh State Cooperative Marketing Federation from 09.09.2023 to 23.09.2023 RFP document can be downloaded from www.markfed.cg.nic.in and http://eproc.cgstate.gov.in.Interested bidders are advised to visit our website regularly for RFP, other terms and conditions, key dates including any changes in the same.

Managing Director
Chhattisgarh State Co-operative Marketing Federation Ltd.
(MARKFED HQ)
Nawa Raipur Atal Nagar

Samvad - 38425/2



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् दीपका, जिला- कोरबा (छ.ग.)**
Ph.: 07815 239299, Ph : 495452 : Emaildipkacmo@rediffmail.com

क्रमांक/ 2632/ निर्माण/ न.पा.प./ 2023 **निविदा आमंत्रण सूचना** दीपका, दिनांक : 05.09.2023

नगर पालिका परिषद्, दीपका द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी (भवन/ सड़क 01.01.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची प्राक्कलन के तकनीकी स्वीकृति अनुसार निर्माण/ मरम्मत/ पेवर ब्लॉक/ टाईल्स फिक्सिंग कार्य हेतु मुहर बंद निविदा प्रपत्र पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक : 20.09.2023 समय 2.00 बजे
परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि : 21.09.2023 समय 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 27.09.2023 समय 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 27.09.2023 समय 4.00 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि (कार्यादेश से) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (1) वार्ड क्र. 13 में प्रगति नगर सामुदायिक भवन के सामने टाईल्स फिक्सिंग कार्य लागत राशि 1.22 लाख (2) वार्ड क्र.13 प्रगति नगर में राधाकृष्ण मैदान के पास पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य लागत राशि1.48लाख। (मरम्मत संधारण मद) | 2.70 | 3000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 2 | (1) वार्ड क्र. 14 में पुलिस लाईन एम.डी. 39 के पास चबुतरा का मरम्मत कार्य लागत राशि 1.47 लाख (2) वार्ड क्र. 16 में लव लाठौर घर के सामने छतदार चबुतरा का मरम्मत कार्य लागत राशि 1.49 लाख। (मरम्मत संधारण मद) | 2.96 | 3000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 19 में बी1-53 के पास पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य। (निकाय/ अन्य निधि) | 3.86 | 4000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 4 | वार्ड क्र. 19 में सामुदायिक भवन के पास बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य (निकाय/ अन्य निधि) | 3.81 | 4000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 5 | (1) वार्ड क्र 19 ऊर्जा नगर में बी1-133 से बी1-153 तक पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य लागत राशि 1.49 लाख (2) वार्ड क्र. 19 ऊर्जा नगर में बी1 - 119 से बी 1-136 तक पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य लागत राशि 1.49 लाख। (मरम्मत संधारण मद) | 2.98 | 3000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 6 | (1) वार्ड क्र 20 में बी 353 एन.सी.एच. कॉलोनी के पास पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य लागत राशि 1.49 लाख (2) वार्ड क्र 20 में बी 311 एन.सी.एच. कालोनी के पास पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य लागत राशि 1.49 लाख (3) वार्ड क्र 20 में एम.डी. 945 गली के पास पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य लागत राशि 1.46 लाख। (मरम्मत संधारण मद) | 4.44 | 4500.00 | 750.00 | 01 माह |
| 7 | (1) वार्ड क्र. 19 के एम.डी. 826 के सामने पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य लागत राशि 1.49 लाख (2) वार्ड क्र 19 के एम.डी.856 के सामने पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य लागत राशि 1.49 लाख (3) वार्ड क्र. 16 के एम.डी. 770 के सामने पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य लागत राशि 1.44 लाख। (मरम्मत संधारण मद) | 4.42 | 4500.00 | 750.00 | 01 माह |
| 8 | वित्तीय वर्ष 2023-24 से लघु निर्माण/ मरम्मत कार्य (प्रत्येक कार्य 1.50 लाख रूपये तक) (मरम्मत संधारण मद) | 19.50 | 19500.00 | 750.00 | 1 वर्ष |

नियम एवं शर्ते :- 01 जिस स्थल पर निर्माण/ मरम्मत/ पेवर ब्लॉक/ टाईल्स फिक्सिंग कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को सप्रमाण आवेदन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर निर्माण/ मरम्मत / पेवर ब्लॉक/ टाईल्स फिक्सिंग कार्य कराया जावेगा। 02 अन्य जानकारी कार्यालय के निर्माण शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

"नगर पालिका के करों का भुगतान समय-सीमा में अवश्य करें"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद् दीपका

# देश

**उवाच** “ सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और दूसरे धर्मों के खिलाफ बयान देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, किसी को भी दूसरे धर्मों की आलोचना नहीं करनी चाहिए:- **प्रमोद सावंत, मुख्यमंत्री गोवा**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.4 | 26.4 |
| मुंबई | 28.8 | 23.8 |
| कोलकाता | 3.4 | 26. |
| चेन्नई | 35.5 | 23.1 |

# टोंक में कल इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना का शुभारंभ करेंगी प्रियंका गांधी

## तैयारियों के तहत टोंक, जयपुर और दौसा के नेताओं को सभा में भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई

**जयपुर,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के टोंक जिले के निवाई में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी 10 सितम्बर को इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना की शुरुआत करेंगी। इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना की शुरुआत को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही है। झिलाई गांव के विवेकानंद मॉडल स्कूल में योजना का शुभारंभ करने के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। सभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मंत्री मौजूद रहेंगे। तैयारियों के तहत टोंक, जयपुर और दौसा के नेताओं को सभा में भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभी तक शहरों में आठ रुपए में खाना परोसने की योजना चल रही है। गहलोत ने गांवों में भी इंदिरा रसोई से सस्ता भोजन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसे इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना के नाम से चलाया जाएगा। चुनावी साल में शहरों और गांवों में आठ रुपए में खाना मुहैया कराने की योजना को राजनीतिक फायदे के लिए अहम माना जा रहा है। महिला मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए गहलोत सरकार ने हाल ही में 25 लाख महिलाओं को मुफ्त स्मार्टफोन वितरित किए। इंदिरा प्रियदर्शिनी निधि, मुफ्त राशन समेत कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं के जरिए कांग्रेस अब विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है। प्रियंका गांधी की सभा और इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना की शुरुआत के पीछे यही रणनीति है।

गांधी शुरू से ही विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में सक्रिय रूप से प्रचार कर रही हैं। कर्नाटक और हिमाचल के चुनावों में उन्होंने बड़ी-बड़ी सभाएं कीं। अब इसका विस्तार राजस्थान में भी किया जा रहा है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक आलाकमान के वरिष्ठ नेताओं की योजनाओं की लॉन्चिंग के पीछे की रणनीति बड़ा संदेश देगी। इससे पहले 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में राहुल गांधी की सभा आयोजित की गई थी। कांग्रेस ने 6 सितंबर को भीलवाड़ा के गुलाबपुरा में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा आयोजित की थी। जिसमें खड़गे ने कामधेनु बीमा योजना की शुरुआत की।



**गहलोत ने गांवों में भी इंदिरा रसोई से सस्ता भोजन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसे इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना के नाम से चलाया जाएगा:- प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता**

## जी20 की अध्यक्षता आत्ममंथन का समय, एनडीए सरकार के जनगणना में विफलता को उजागर करता है: कांग्रेस



नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि जी20 के 18वें शिखर सम्मेलन की चक्रीय अध्यक्षता का क्षण विचार करने का समय है, यह ‘एनडीए (नो डाटा अवेलेबल) सरकार की सबसे बड़ी विफलता’ को उजागर करता है क्योंकि वह जनगणना कराने में असफल रही है जिससे अनुमान के अनुसार 14 करोड़ नागरिक खाद्य सुरक्षा अधिकारों से वंचित हो गये हैं। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि हर 10 साल पर होने वाली जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन अब तक नहीं हो पाई है। जी20 के लगभग सभी देश कोविड-19 की चुनौतियों के बावजूद जनगणना कराने में सफल रहे। इंडोनेशिया, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में भी जनगणना का काम हुआ है। रमेश ने कहा, ‘मोदी सरकार अक्षम है। वह देश का सबसे बड़ा सांख्यिकी कार्य कराने में असफल रही है जो 1951 से हमेशा समय पर हुआ है। यह देश के इतिहास में सबसे बड़ी विफलता है।’ उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जनगणना नहीं होने से लगभग 14 करोड़ लोग जनवितरण प्रणाली के तहत राशन पाने से वंचित हैं। उन्होंने कहा, यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तह प्रदत्त मौलिक अधिकारों से उन्हें वंचित रखना है, जिसे संप्रग सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के जरिये लागू किया था।

# भारतीय वायु सेना को मिलेगा पहला एयरबस ‘सी-295 विमान’

## वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ‘सी-295 विमान’ की डिलीवरी लेने के लिए स्पेन जाएंगे

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ‘सी-295 विमान’ की डिलीवरी लेने के लिए स्पेन जाएंगे। इसके साथ ही भारत को इसी महीने पहला एयरबस सी-295 सामरिक सैन्य परिवहन विमान मिलेगा। विमान कंपनी एयरबस के इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मैलार्ड ने पुष्टि की है कि भारतीय वायु सेना को सी-295 विमान की आपूर्ति इसी महीने होने जा रही है।

गौरतलब है कि लगभग 2 वर्ष पहले सितंबर 2021 में भारत में इन सैन्य सामरिक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए एयरबस से एक समझौता किया था। एयरबस के साथ किए गए समझौते के तहत गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड एयरबस के साथ मिलकर 40 विमान बनाएगा। यह फैक्ट्री वर्ष 2026 तक बनकर पूरी होगी। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक सी-295 ट्रांसपोर्ट विमान को दो पायलट उड़ाते हैं। इसमें 73 सैनिक पैराट्रूपर्स, स्ट्रेचर, इंटेसिव केयर मेडवैक, स्ट्रेचर मेडवैक के साथ मेडिकल अटेंडेंट यात्रा कर सकते हैं। यह एक बार में अधिकतम 9,250 किलोग्राम वजन ले जा सकता है। विमान की लंबाई 80.3 फीट, विंगस्पैन 84.8 फीट और ऊंचाई 28.5 फीट है।

गौरतलब है कि इसके अलावा भारत ने 31 एमक्यू-9 बी हथियारबंद हंटर किलर ड्रोन की खरीद के लिए अमेरिका को एक औपचारिक अनुरोध भेजा है। भारत यह युद्धक ड्रोन खरीदने की इच्छा पहले ही जारी कर चुका है। अब औपचारिक अनुरोध भेजकर भारत मौजूदा वित्तीय वर्ष में अंतिम अनुबंध पूरा कर लेना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका से खरीदे जाने वाले कुल 31 ड्रोन में से 15 ड्रोन भारतीय नौसेना के लिए और आठ ड्रोन सेना और शेष 8 ड्रोन वायु सेना को दिए जाएंगे।

नई दिल्ली में 9 और 10 सितम्बर के जी-20 का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन इस कार्यक्रम में शिरकत के लिए भारत आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी और जो बाइडेन की महत्वपूर्ण बैठक भी होनी है।



**2021 में भारत में इन सैन्य सामरिक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए एयरबस से समझौता किया था**

प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की मुलाकात से पहले भारत ने 31 हथियारबंद हंटर किलर ड्रोन के लिए अमेरिकी सरकार को एक औपचारिक अनुरोध भेजा है। इससे पहले भारत का रक्षा मंत्रालय 31 ‘हंटर-किलर’ ड्रोन के लिए लेटर ऑफ रिक्वेस्ट भेज चुका है। जानकारी के मुताबिक, बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन एक या दो महीने के अंदर अपने विदेशी सैन्य बिक्री प्रोग्राम के तहत अमेरिकी कांग्रेस को लागत और अपेक्षित सूचना के साथ ही एलओए के साथ जवाब देगा। रक्षा जानकारों ने बताया कि अमेरिका के ये ड्रोन 40,000 फीट तक की ऊंचाई तक उड़ान भरने की क्षमता रखते हैं। दूर ऊंचाई तक उड़ने की क्षमता के साथ ही हथियारों से लैस यह ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने और निगरानी के लिए भी आसानी से उपयोग में लाए जा सकते हैं।

रक्षा जानकारों का कहना है कि इसके साथ-साथ इन मानव रहित ड्रोन का इस्तेमाल एयरबोर्न अर्ली वार्निंग, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, एंटी-सरफेस वॉरफेयर और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर में किया जा सकता है। अमेरिका के इन ड्रोन एक बड़ी खूबी यह भी है कि यह सभी ड्रोन किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना करीब तीस से चालीस घंटे तक की उड़ान एक बार में भर सकते हैं।

## सार संक्षेप

### असम में मुसलमान कई पत्नियां नहीं रखते क्योंकि वे बेरोजगार हैं: अजमल

गुवाहाटी। असम सरकार राज्य में बहुविवाह पर रोक लगाने पर विचार कर रही है। वहीं ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि मुसलमान आमतौर पर एक विवाह में विश्वास करते हैं और हिंदू अक्सर कई बार शादी करते हैं। अजमल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा, ‘भाजपा और असम के मुख्यमंत्री ने राज्य में रहने वाले मुस्लिम लोगों से उनका सब कुछ छीन लिया है। उनके पास रोजगार, पैसा नहीं है।इसके अलावा हिमंत बिस्वा सरमा मुस्लिम लोगों को अपने जीवन यापन के लिए सड़कों पर सब्जियां बेचने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। इस प्रकार, मुसलमान चाहें भी तो एक से अधिक शादी नहीं कर सकते।’ धुबरी लोकसभा सांसद ने आगे कहा कि आजकल हिंदू अक्सर कई पत्नियां रखते हैं। इससे पहले, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध के पक्ष में एक मजबूत जन समर्थन है।

### राष्ट्रपति भवन में आज ‘गार्ड अदला-बदली’ समारोह नहीं होगा


नई दिल्ली, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। राजधानी में इस सप्ताहांत आयोजित 18वें जी-2 शिखर सम्मेलन के कारण शनिवार (नौ सितंबर) को राष्ट्रपति भवन में गार्ड अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह आयोजित नहीं होगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। जी-2 शिखर सम्मेलन राजधानी में नौ-1 सितंबर को आयोजित किया गया है। इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, चीन , जापान , ब्राजील, रुस, आस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ, संयुक्त राष्ट्र जैसे समूह के सदस्य देशों और अंतराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं के अलावा बंगलादेश, सऊदी अरब, अफ्रीकी यूनियन जैसे आमंत्रित देशों और संगठनों के नेता राजधानी में आना शुरू हो गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-2 बैठक के लिए आए कई नेताओं के साथ शुक्रवार को यहां अलग से बातचीत की।

### भारत में 46 नए कोविड मामले दर्ज

नई दिल्ली, 8 सितम्बर (आईएएनएस)। भारत में शुक्रवार को बीते 24 घंटों के दौरान 46 नए कोविड मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे कुल मामलों की संख्या 4,49,97,583 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा अपडेट के अनुसार, 55 लोग महामारी से उबर चुके हैं, जिससे कुल ठीक होने वालों की संख्या 4,44,65,74 हो गई है। रिकवरी रेट 98.82 फीसदी है। मरने वालों की संख्या 5,32,24 है, जबकि सक्रिय मामले 485 हैं। मंत्रालय के अनुसार, अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 22.67 करोड़ से ज्यादा डोज दी जा चुकी हैं।

# भारत मंडपम’ ने समेटा गया है शानदार सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल इंडिया का अद्भुत नजारा

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी





**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत जी-20 की अगुवाई कर रहा है। शुक्रवार से शुरू हुए इस भव्य कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए तकरीबन 40 देशों के मेहमान दिल्ली पहुंच चुके हैँ। जिनकी मेजबानी कर रहे भव्य आयोजन स्थल भारत मंडपम को ने केवल आकर्षक तौर पर सजाया गया है बल्कि इसमें सदस्य देशों की सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों को भी खासतौर परोसा गया है। भारत मंडपम के अलग-अलग गलियारों में तमाम देशों की अलग-अलग विशेषताओं की झांकियां बरबस लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। विशेष तौर पर बनाया गया संस्कृति गलियारा जिसका मकसद अलग-अलग देशों की अलग-अलग तरह की संस्कृतियों व उनसे जुड़ी समझ और ज्ञान को एक मंच पर साझा करना है। ताकि सदस्य देशों के मेहमान एक-दूसरे की विरासत को आसानी से जान-समझ सकें। इसी उद्देश्य से भारत मंडपम के संस्कृति गलियारा में जी20 के सदस्य देशों और 9 आंमत्रित सदस्य देशों की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी तमाम चीजों को एक साथ रखा गया है। डिजिटल इंडिया अनुभव क्षेत्र को हॉल नम्बर 4 और 14 में स्थापित किया गया है। यहां भारत की प्रौद्योगिक उपलब्धियों का नजारा देखा जा सकता है। यहां से डिजिटल इंडिया की सभी खास पहल जैसे आधार, यूपीआई, डिजीलॉकर, ई संजीवनी, दीक्षाभाषिनी, ओएनडीसी ऑस्क गीता के बारे में जानकारी हासिल की जा सकती है। ऑस्क गीता एक अनोखी पहल है, इसमें भगवत गीता को प्राचीन ज्ञान के स्रोत के तौर पेश किया गया है। एक अन्य झांकी में भारतीय रिजर्व बैंक के अनोखे पवेलियन को दिखाया गया है। जहां लेन-देन के आधुनिक तकनीक का दर्शन होगा। यहां आर्थिक मामलों में आई तकनीकी क्रांति की तमाम जानकारी मिल सकेगी। इसमें बैंकिग क्षेत्र की तकरीबन हर गतिविधियों को दिखाया गया है। इसके अलावा हाल नम्बर-3 में शिल्प बाजार की की प्रदर्शनी लगी है। इसमें तकरीबन सभी देशों के हस्तशिल्प उत्पादों की लगाया गया है। इस शिल्प बाजार में देश के 28 राज्यों व 9 केद्रशासित प्रदेशों के हस्तशिल्प उत्पादों को खरीदा जा सकता है।

# जदएस के साथ गठबंधन से भाजपा मजबूत होगी : येदियुरप्पा

## कांग्रेस का दावा, जद (एस) मिट जाएगी

**बेंगलुरु,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जद (एस) के साथ गठबंधन से कर्नाटक में भाजपा मजबूत होगी। इस बीच, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने दावा किया कि आने वाले दिनों में जद (एस) का अस्तित्व रहेगा या नहीं यह भी ठीक-ठीक नहीं कहा जा सकता। येदियुरप्पा ने फ्रीडम पार्क में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह भाजपा और जद (एस) गठबंधन का स्वागत करते हैं। गठबंधन से ज्यादा सीटें जीतना संभव है। इस संबंध में नई दिल्ली में बातचीत चल रही है। जद (एस) के शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की थी। दोनों पार्टियों के नेता इस पर सहमत हो गए हैं। येदियुरप्पा ने कहा, ‘अमित शाह जद (एस) को चार एमपी सीटें देने पर सहमत हो गए हैं। इसलिए, भाजपा जद (एस) को चार संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने देगी और वह बाकी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ‘इससे हमें अधिक सीटें जीतने में मदद मिलेगी। मुझे विश्वास है कि गठबंधन (कुल 28 में से) 25 से 26 सीटों पर विजयी होगा।’ पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गठबंधन का स्वागत किया और कहा कि विपक्षी एकता समय की जरूरत है।



**वह भाजपा और जद (एस) गठबंधन का स्वागत करते हैं। गठबंधन से ज्यादा सीटें जीतना संभव है। इस संबंध में नई दिल्ली में बातचीत चल रही है:-येदियुरप्पा**

**आने वाले दिनों में जद (एस) का अस्तित्व रहेगा या नहीं यह भी ठीक-ठीक नहीं कहा जा सकता, जद (एस) मिट जाएगी :-डी.के. शिवकुमार उपमुख्यमंत्री**

# रेस्टोरेंट में खाना पैक करने में स्वास्थ्य और सुरक्षा का रखें ध्यान : केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। रेस्टोरेंट में खाना पैक करने के लिए बिना लेपित कागजों और अखबार के इस्तेमाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली एक याचिका पर केरल उच्च न्यायालय ने खाद्य सुरक्षा आयुक्त से जवाब देने को कहा है। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन ने कहा कि खाद्य आयुक्त को सभी रेस्टोरेंट में सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता सहित सभी प्रासंगिक पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए, भले ही वे कितने प्रतिष्ठित हों या नहीं। कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, ‘मेरा विचार है कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त की इस संबंध में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि पैकिंग के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की उचित निगरानी और पर्यवेक्षण नहीं किया जाता है तो नागरिकों का जीवन खतरे में है।’ कोर्ट ने बताया कि कोविड के बाद फूड पार्सल का वितरण बढ़ गया है। आदेश में कहा गया है, ‘पैक्ड कंटेनरों में भोजन का वितरण बड़ी संख्या में बढ़ गया है। जिस तरीके से यह किया जाना है, उसके संबंध में कोई विशेष निर्देश उपलब्ध नहीं हैं।’ न्यायाधीश ने कहा कि यह मुद्दा एक गंभीर सार्वजनिक चिंता का विषय है, और इसलिए सक्षम अधिकारियों को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। यह आदेश कंपोस्टेबल पेपर प्लेटों के निर्माता, अन्ना पॉलिमर के मालिक, नेबू थॉमस चेरियन की एक याचिका पर आया है।





याचिकाकर्ता ने दावा किया कि अन्ना पॉलिमर को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा प्रमाणित किया गया था और खाद्य माइग्रेशन, खाद्य ग्रेड और ग्रीस-प्रूफ गुणों के लिए कठोर परीक्षणों से गुजरना पड़ा था।

याचिकाकर्ता ने बताया कि खाद्य सुरक्षा

# जी2 शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति के नहीं आने को भारत ने नहीं दिया कोई महत्व

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने शुक्रवार को जी20 शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुपस्थिति और यूक्रेन संघर्ष पर वार्ता के पटरी से उतरने की आशंका को यह कह कर महत्व नहीं दिया कि वह सभी देशों को एक मंच पर लाने में कामयाब रहा है। यह अगले दो दिनों में शिखर सम्मेलन के दौरान दिखेगा। जी20 शिखर सम्मेलन से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि चीन एक बहुपक्षीय खिलाड़ी है और बहुपक्षीय चर्चा में मुद्दे द्विपक्षीय मुद्दों से अलग होते हैं।

कांत ने शी की अनुपस्थिति से कार्यक्रम पर प्रभाव पड़ने के सवाल का जवाब देते हुए कहा, ‘चीन विकास के मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण लाता है। हालांकि, ऐसे आयोजनों में आम सहमति होती है और सभी को एक साथ होना होता है, क्योंकि हर देश के पास वीटो पावर है। हम सभी को एक साथ लाने में कामयाब रहे हैं। हमने हर देश के साथ काम किया और उन्हें अपने साथ लाया, जिसे आप शिखर सम्मेलन के दौरान देखेंगे।’ यूक्रेन संघर्ष के कारण जी20 शिखर सम्मेलन के पटरी से उतरने के सवाल पर शेरपा ने कहा, ‘जी20 विकास के मुद्दों पर चर्चा करने का एक मंच है। हालांकि, पिछली बार बाली (जी20 शिखर सम्मेलन) में यह महसूस किया गया था कि युद्ध और संघर्ष अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं और इसलिए इस पर चर्चा हुई।





### जी 20 में भारत, अमेरिका, सऊदी व यूएई को रेलवे सौदे की घोषणा की उम्मीद

नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारत, सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेता शनिवार को एक प्रमुख संयुक्त बुनियादी ढांचा समझौते की घोषणा करने की उम्मीद कर रहे हैं, जो रेलवे के नेटवर्क के माध्यम से खाड़ी देशों को जोड़ेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया है। एक्सियोस की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह क्षेत्र के बंदरगाहों से शिपिंग लेन के माध्यम से भारत से भी जुड़ेगा। यह परियोजना उन प्रमुख पहलों में से एक है, जिसे व्हाइट हाउस मध्य पूर्व में आगे बढ़ा रहा है, क्योंकि क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ रहा है। मध्य-पूर्व चीन के बेल्ट एंड रोड विज़न का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**चुनाव परिणाम** | *घोसी में उपचुनाव परिणाम के होंगे दूरगामी प्रभाव*

# यूपी में बदल सकती है भाजपा की आगामी चुनावी रणनीति

रतिभान त्रिपाठी

**लखनऊ, 8 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की ‘चढ़ी बजार’ और योगी सरकार की ‘विकासवादी छवि’ के बावजूद घोसी उपचुनाव में दारासिंह चौहान की भारी पराजय ने भाजपा को भीतर से झकझोर दिया है। मुंह बचाने के लिए कोई बयान कुछ भी दे लेकिन यह हार पार्टी नेतृत्व को पचाए नहीं पच रही होगी। जिस एक सीट को हासिल करने के लिए पार्टी ने 25 मंत्रियों और 6 विधायकों की फौज झोंक दी थी,उसका परिणाम इस रूप में हासिल होना दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के लिए किसी सुनामी से कम नहीं।**

हर पल मंत्री पद के लिए बेकरार कहे जाने वाले सुभासपा नेता चुनाव परिणाम को बाद जिस तरह से मीडिया से छुपते-बचते दिख रहे थे, वह भी किसी कौतूहल से कम नहीं था। घोसी उपचुनाव परिणाम उत्तर प्रदेश में भाजपा की आगामी चुनावी रणनीति बदल देंगे, ऐसी आशंका जताई जा रही है।

घोसी में भाजपा और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई थी। नवगठित ‘इंडिया’ गठबंधन की साख भी इससे जोड़ी जाने लगी थी। इसीलिए भाजपा ने पिछड़े वर्ग के वोटरों के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राजभर जाति के वोटरों को रिझाने के लिए ओमप्रकाश राजभर को, निषाद वोटरों के लिए योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद, भूमिहार वोटरों के लिए एके शर्मा और कुर्मी वोटरों के लिए स्वतंत्र देव सिंह, ब्राह्मण वोटरों को साधने के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मुस्लिम समाज के पसमांदा वोटरों को साधने के लिए दानिश आजाद अंसारी को चुनाव मैदान में भेजा था। इतने उपाय करने के बावजूद परिणाम हार ही रहा। हार को लेकर अब यह कहा जाने लगा है कि यह तो दारासिंह चौहान की हार है। उनकी दलबदलू छवि से क्षेत्र के लोग बेहद नाराज़ थे। सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर अब यह बयान देकर अपना बचाव करने की कोशिश में लगे हैं कि विपक्ष जब हारता है तो ईवीएम पर सवाल उठाता है। वह कम से कम अब यह आरोप तो नहीं लगा पाएगा। हम गलतियों से सीख लेंगे और आगे के चुनाव में सुधार करेंगे।

हालांकि दो तीन चुनावों को छोड़ दिया जाए तो घोसी सीट पर अक्सर समाजवादियों की ही जीत होती रही है। लेकिन अपनी सरकार होने के बावजूद भाजपा की हार किसी अचरज से कम नहीं। अक्सर विवादों से घिरे रहने वाले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था कि हम लोग 50 हजार वोटों से घोसी जीतेंगे। उनकी बात लगभग सही साबित हुई।

चुनाव में हार के बाद यह चर्चा भी चल पड़ी है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विश्वास में लेने के बजाए दारासिंह चौहान और ओमप्रकाश राजभर को सीधे पार्टी ज्वाइन करवा लिया था। इस बात पर तनातनी चल रही थी। इस चर्चा में कितना दम है, यह अंदरखाने के लोग जान रहे होंगे लेकिन चर्चा तो चर्चा है। उसे कौन रोक सकता है। इसके अलावा इस चुनाव में सुनील बंसल जैसे कुशल संगठन महामंत्री की नामौजूदगी भी कम मायने नहीं रखती है। इसीलिए पार्टीजनों के बीच खुसफुसाहट शुरू है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति में बदलाव किया जाएगा। कुछ लोगों को संभावना थी कि इसी चुनाव परिणाम के बाद 10 तारीख को योगी मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और उसमें दारासिंह चौहान, ओमप्रकाश राजभर व कुछ युवा चेहरों को मंत्री बनाया जाना था। बदले हालात में यह हो पाएगा या नहीं,यह तो वक्त बताएगा लेकिन यह तो तय माना जा रहा है कि हार के बावजूद चौहान की हैसियत बनाए रखने की गरज से उन्हें उस सीट से एमएलसी बनाया जाएगा जो डॉ. दिनेश शर्मा के राज्यसभा जाने के बाद खाली हो रही है। इस चर्चा से भाजपा के बहुतेरे नेताओं में मायूसी छा गई है जो अपने को इस पद के लिए उपयुक्त मानने लगे थे और रेस में शामिल होने की तैयारी में हैं।



■ **दारासिंह चौहान की दलबदलू छवि से बेहद नाराज थे लोग**

■ **25 मंत्रियों और 60 विधायकों की फौज भी जिता न सकी सीट**

■ **भाजपा के बड़े नेताओं के बीच खींचतान की भी चर्चा**

# अभिमत

*देश का कोई कोना नहीं छूटा जहां जी-2 का डंका नहीं बजाया गया। जी-2 के जुनून में अखबारों में विज्ञापन, सड़कों पर पोस्टर-बैनर, विशालकाय एलईडी स्क्रीन से लेकर ई-रिक्शा तक को नहीं छोड़ा। इसके सिंबल को ध्यान से देखिये, खिलते हुए कमल पर टिका संपूर्ण ब्रह्मांड। मित्रों, कमल किस पार्टी का चुनाव चिह्न है? पीएम मोदी जी-2 के पोस्टर ब्वाय बने हुए हैं, उनके विराट स्वरूप को उकेर कर पूरी दुनिया को बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की वजह से भारत की पहचान विश्व मंच पर है।*

## फटा पोस्टर, निकला मोदी!



पुष्परंजन

दिल्ली में लुटियन की सड़कें पोस्टरों से पटी पड़ी है। विदेशी अतिथियों के लिए तय मार्ग एयरपोर्ट से शुरू और राजघाट पर जाकर समाप्त होता है। बीच में आता है लुटियन, बाक़ी सड़कें बकवास। भलस्वा, गाजीपुर, ओखला के कूड़ा पहाड़, पूर्वी–पश्चिमी दिल्ली की मलिन बस्तियों, बजबजाते नालों को मत देखिये। यह देखिये कि भक्त कैसे लहालोट हैं। मोदी विश्वगुरू हैं। महान विचारक। बुद्ध, महावीर, अरस्तु, प्लुटो, माओ, मार्क्स, स्वामी विवेकानंद, टाम बटलर से भी बड़े। मोदी इस धरती के महानायक के रूप में कुछ इस तरह प्रस्तुत हैं, कि जी–20 छोटा पड़ गया।

आख़िरी बार विश्व पुस्तक मेले में मैं प्रगति मैदान गया था। यह लोकेशन तब मोहनजोदड़ो हडप्पा बना हुआ था। देखना है, तो अब जाकर देखिये भारत मंडपम के जलवे। न भूतो न भविष्यति। जब से यह देश जन्मा, इतना दिव्य और भव्य आयोजन किसी नेता ने नहीं किया था। जो दिवंगत हो गये, और जो वैकुंठधाम प्रस्थान करने के वास्ते प्रतीक्षारत पूर्व प्रधानमंत्री हैं, उन्हें भी इसका अफसोस होगा कि इस तरह का विराट समारोह उन्होंने कुर्सी पर रहते क्यों नहीं किया? दुनिया का सबसे बड़ा इन्डोर हॉल, समिट के लिए विदेश से आया झूमर, ग्राउंड ज़ीरो पर खड़े रिपोर्टर दीदे फाड़कर देख रहे हैं, लिख रहे हैं, कमेंट कर रहे हैं।

मदारी का तमाशा देखना हो तो उन बयानों पर ग़ौर कीजिए, जिसमें दावा ठोका जा रहा है कि दिल्ली को सुंदर हमने बनाया। केजरीवाल सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने खम ठोका कि हमने दिल्ली को ब्यूटीफुल बनाया। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहते हैं कि सौंदर्यीकरण का 95 प्रतिशत केंद्र सरकार के फंड से हुआ है। एनडीएमसी को केंद्र सरकार फंड उपलब्ध कराती है। आईटीओ शहीदी पार्क, राजघाट पर सौंदर्यीकरण, रिवरसाइड बेड, धौला कुआं से एयरपोर्ट तक सौंदर्यीकरण, यह सब केंद्र सरकार के फंड से एलजी की देखरेख में की गई है। बीरेंद्र सचदेवा ने बयान दिया कि केंद्र सरकार ने अब तक जी–20 पर 4,064 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि केजरीवाल सरकार ने केवल 51 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मगर, दिल्ली को सुंदर बनाने का दावा करने वाले नेताओं–नौकरशाहों से कोई पूछे कि पूर्वी–पश्चिमी और उत्तरी दिल्ली को बदसूरत बना रहने देने की ज़िम्मेदारी किसकी है? सवाल पूछियेगा, वो बगलें झांकने लगेंगे।

**शिवपूजन सहाय ने 'कहानी का प्लॉट' में लिखा था, 'अमीरी की कब्र पर पनपी ग़रीबी बड़ी ज़हरीली होती है।' लेकिन जी–20 के आयोजन से पहले ग़रीब बस्तियां जिस बेरहमी से उजाड़ी गईं, वो ग़रीबी की कब्र पर अमीरी की घास है, जो उससे कई गुणा अधिक ज़हरीली है। आप उजड़े हुए लोगों का रूदन सुनिये, दिल कांप जाता है।**

सचदेवा के बयानों से एक बात समझ में आती है कि केवल दिल्ली को संवारने पर 4,064 करोड़ स्वाहा हुए हैं। देशभर में जी–20 के नाम पर जितने आयोजन हुए, उसपर केंद्र सरकार ने कितने ख़र्च किये, यह जानना दिलचस्प होगा। हमें उस समय का इंतज़ार रहेगा, जब सीएजी जैसी संस्था इसका ब्योरा देगी कि जी–20 के नाम पर टैक्स पेयर्स के पैसे का कितनी बेरहमी से दुरूपयोग हुआ है। जी–20 के आयोजन पर 10 करोड़ डॉलर से अधिक का खर्च आने का अनुमान है। देश के 50 से अधिक शहरों में जी–20 शिखर सम्मेलन से पहले लगभग 200 बैठकों का आयोजन हो चुका है। इनमें योग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मोदी मन भावे वाले स्वादिस्ट भारतीय भोजन का मेन्यू भी शामिल रहा है।

पिछले एक साल से देश का कोई कोना नहीं छूटा जहां जी–20 का डंका नहीं बजाया गया। जी–20 के जुनून में अखबारों में विज्ञापन, सड़कों पर पोस्टर–बैनर, विशालकाय एलईडी स्क्रीन से लेकर ई–रिक्शा तक को नहीं छोड़ा। इसके सिंबल को ध्यान से देखिये, खिलते हुए कमल पर टिका संपूर्ण ब्रह्मांड। मित्रों, कमल किस पार्टी का चुनाव चिह्न है? इवेंट मैनेजरों ने जी–20 को भी चुनावी बना दिया। पीएम मोदी जी–20 के पोस्टर ब्वाय बने हुए हैं, उनके विराट स्वरूप को उकेर कर पूरी दुनिया को बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की वजह से भारत की पहचान विश्व मंच पर है।

जी–20 का अगला सम्मेलन 2024 में ब्राज़ील में, और 2025 में दक्षिण अफ्रीका में होना तय है। क्या वहां भी दिल्ली जैसा दिखावा होगा? शिवपूजन सहाय ने 'कहानी का प्लॉट' में लिखा था, 'अमीरी की कब्र पर पनपी ग़रीबी बड़ी ज़हरीली होती है।' लेकिन जी–20 के आयोजन से पहले ग़रीब बस्तियां जिस बेरहमी से उजाड़ी गईं वो ग़रीबी की कब्र पर अमीरी की घास है, जो उससे कई गुणा अधिक ज़हरीली है। आप उजड़े हुए लोगों का रूदन सुनिये, दिल कांप जाता है। फेंके हुए बर्तन और गूदड़ी समेटती बेसहारा औरतें बद्दुआएं दे रही हैं, लेकिन बेहिस शासन पर कोई असर नहीं।

जुलाई 2023 का अंतिम महीना था, जब आवास और शहरी मामलों के कनिष्ठ मंत्री कौशल किशोर ने संसद को बताया कि 1 अप्रैल से 27 जुलाई के बीच दिल्ली में बस्तियां ढहाने के 49 अभियान चलाये गये, जिसमें 230 एकड़ सरकारी जमीन को वापिस लिया गया है। मंत्री कौशल किशोर ने संसद में सफेद झूठ बोला कि जी–20 के लिए एक भी मकान नहीं तोड़ा गया है। आप इन इलाक़ों में जाइये, तो कहानी कुछ और है।

दिल्ली के भैंरो मार्ग स्थित जनता कैंप में जिनके मकान टूटे, उन्हें झांसा दिया गया था कि जी–20 शिखर समारोह से गरीबों के हक में कुछ होगा, यहां से उजड़े बेघरों को पीएम मोदी मकान देंगे। भैंरो मार्ग जनता कैंप के भूतपूर्व हो चुके निवासी मोहम्मद शादाब ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि जो कुछ हो रहा है, वह तो बिल्कुल उलटा है। बड़े लोग आएंगे, हमारी कब्र पर बैठेंगे, और खाएंगे। उजड़ चुकी बस्तियां पीएम मोदी के गगनचुंबी कटआउट्स, नियोन साइन और एलईडी लाइट्स से गुलजार हैं। कोई कह नहीं सकता कि कुछ हफ्ते पहले यहां टाट में पैबंद लगाकर लोग अपना ज़िस्मो–जान छिपाते थे। यह है मोदी का भारतवर्ष, जब वो 'इंडिया–इंडिया' बघारते थे, उनके दिये नारे याद कीजिए–'जहां झुग्गी–वहां मकान'!

दिल्ली शहर का वीवीआईपी एरिया इस समय भिखारी मुक्त है। महानगर के मुख्य स्थानों से भिखारियों को हटा दिया गया है। दिल्ली में 20 हज़ार 719 भिखारी दर्ज़ हैं। मगर, यह पता नहीं चल पाया कि भिखारी गये कहां? पुलिस भी नहीं बताती कि भिखारी कहां तड़ीपार किये हैं? आपको ट्रंप की अहमदाबाद विजिट याद करनी पड़ेगी। उसी शैली में दिल्ली शहर की कई झुग्गी–झोपड़ियों को छिपाने के लिए उनके किनारे कपड़े लगाकर उन्हें ढंक दिया गया है। ग़रीबी छिपाने का गुज़रात मॉडल जी–20 में भी काम आ गया।

लगभग एक हफ्ते से कामकाजी लोग अपने घरों पर दो से चार घंटे लेट पहुंच रहे हैं। सप्लाई वाली ट्रकों का दिल्ली सीमा में प्रवेश नहीं के बराबर है। ज़रूरत के सामान औने–पौने भाव में मिल रहे हैं। धूल–मिट्टी, जाम, नाकेबंदी से परेशान लोग सदरे इंतज़ामिया से 'पारिवारिक संबंध' स्थापित करें भी, तो बला से। मोदी जी ने बोल तो दिया है–'रूकावट के लिए खेद है।' धरती के भगवान ने इतना कह दिया, अमृत वाणी समझिये इसे। खाये–पीये–अघाये लोग एक हफ्ते की पिकनिक मनाने दिल्ली से बाहर निकल गये। जो दिल्ली में किन्हीं वजहों से हैं, लाख तकलीफें के बावजूद जी–20 को कुदरत का करिश्मा और मोदी का प्रताप मान रहे हैं। जी–20 के बहाने देश में अंगूठा छाप से लेकर उच्च शिक्षित लोगों तक को रोबोट बनाया जा सकता है, यह मोदी ने मुमकिन कर दिखाया है।

15–16 नवंबर 2022 को इंडोनेशिया के बाली में जी–20 की शिखर बैठक हुई थी। तब के घोषणापत्र को इंटरनेट से डाउनलोड करके पढ़ियेगा। कोविड के बाद जिस तरह से विश्वव्यापी ग़रीबी बढ़ी है, उसपर साझा चिंता व्यक्त की गई थी। घोषणापत्र में इसका अहद किया गया था कि हम सब मिलकर ग़रीबी को मिटायेंगे। इसका हस्ताक्षर करने वालों में भारत के माननीय प्रधानमंत्री मोदी भी थे। प्रश्न यह है कि क्या साल भर ग़रीबी मिटाने का लक्ष्य प्राप्त हो गया? हो गया, तभी तो जी–20 के आयोजन में भारत ने 10 करोड़ डॉलर से अधिक फूंक डाले। माले मुफ्त, दिले बेरहम। बाली घोषणापत्र के सारे 52 बिंदुओं पर नज़र दौड़ा लीजिए, कोविड और यूक्रेन युद्ध के बाद विश्व की भरभराती अर्थव्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई थी। फ़िर कोई अतिथि देश का नेता मोदी से क्यों नहीं पूछता कि शान दिखाने के वास्ते 10 करोड़ डॉलर क्यों उड़ा डाले?

हम यह भूल जाते हैं कि एशिया में आर्थिक संकट पैदा होने के कारण जी–20 अस्तित्व में आया था। जी–20 की पहली बैठक 2008 में वाशिंगटन डीसी में हुई थी। दुनिया के समृद्ध देशों के वित्त मंत्रियों व रिज़र्व बैंक के गवर्नर तब जी–20 की बैठकों में शिरकत करते थे। बाद के वर्षों में शासन प्रमुखों की भागीदारी होने लगी। 2011 के बाद हर साल शिखर बैठक बारी–बारी से सदस्य देशों की अध्यक्षता में होने लगी। 1999 में स्थापना वर्ष के बाद के कालक्रमों को ठीक से देखिये कि जी–20 शिखर बैठकों पर किस देश ने कितना ख़र्च किया। भारत ने सबकी लकीर छोटी कर दी है। हम पांच ट्रिलियन डॉलर के संकल्प को पूरा करें, न करें, अतिथि देशों को यह बताना है कि हम शाहखर्च थे, और रहेंगे।

जी–20 दो ट्रैक में विभाजित है। फाइनांस ट्रैक और शेरपा ट्रैक। शेरपा ट्रैक का नेतृत्व शासन प्रमुखों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है। यह कृषि, भ्रष्टाचारविरोधी, जलवायु, डिजिटल अर्थव्यवस्था, शिक्षा, रोजगार, ऊर्जा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, पर्यटन, व्यापार और निवेश जैसे सामाजिक–आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित है। फाइनांस ट्रैक का नेतृत्व वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक गवर्नर करते हैं, जो राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों के निस्बतन है। फाइनांस ट्रैक से संबंधित कार्य समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था, अधोसंरचना, वित्तीय विनियमन, वित्तीय ढांचा, अंतरराष्ट्रीय कराधान पर केंद्रित रहते हैं। सवाल यह है कि भारत फाइनांस ट्रैक और शेरपा ट्रैक की अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में कितना सफल रहा है? उत्तर पूछिये तो अधिकारी कुछ गोल–गोल धुमाने लगते हैं, जिससे लगता है कि कोविड और यूक्रेन युद्ध के बाद हम अपनी अर्थव्यवस्था को सही से संभालने में चीन के मुक़ाबले अब भी काफी पीछे चल रहे हैं।

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**2 सितंबर**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छग विलासपुर के एक दीक्षांत समारोह में कहा कि कठिनाई का डटकर मुकाबला करें सफलता कदम चूमेगी।
- इसरो का सूर्य मिशन आदित्य एल–1 सफलतापूर्वक 11.50 बजे सूर्य की कक्षा में पहुंचा।
- इंफाल राजभवन के सूत्रों के अनुसार मणिपुर के हिंसा मामले की तेजी से जांच के लिए 42 एसआईटी बनेगी।
- हांगकांग ने शक्तिशाली तूफान साओली का आठ नंबर संकेत जारी किया।।

**3 सितंबर**

- एक देश एक चुनाव के लिए कमेटी गठित की गई जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अध्यक्ष बनाए गए।
- केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ओडिशा के बालासोर रेल हादसे मामले में तीन अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र तैयार किया।
- सिंगापुर के राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए।
- ब्रिटेन के प्रसिद्ध उद्योगपति मुहम्मद अल फायद का निधन हो गया।

**4 सितंबर**

- जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन म्नागांग्वा ने पद की शपथ ली।
- इसरो ने आदित्य एल–1 को अगली कक्षा में भेजा।
- भारत में जी–20 सम्मेलन 9 व 10 सितंबर को किया गया जिसमें विदेशी अधिकारियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई। भारतीय वायुसेना ने हवाई क्षेत्र की निगरानी एयरक्राफ्ट द्वारा की गई।
- ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से 10 नागरिकों की मौत हो गई।

**5 सितंबर**

- यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रक्षामंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव को बर्खास्त कर दिया गया।
- चीन के दक्षिणी–पश्चिमी प्रांत में गुआंग डोंग में साओली तूफान में 8 हजार नागरिक फंसे।
- सूडान की राजधानी खार्तूम में आरएसएफ हमले में 16 नागरिकों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी में हड़ताली 3 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एस्मा लगाने के बावजूद हड़ताल जारी रखने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई।
- एडीआर की जारी की घई रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जनता पार्टी सबसे अमीर दल है।
- नासा का स्पेस एक्स क्रू–6 फ्लोरिडा के तट पर सुरक्षित उतरा।
- इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू।

**6 सितंबर**

- जी–20 सम्मेलन के रात्रिभोज के आमंत्रण पर प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया के स्थान पर प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखा गया।
- सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद–370 पर सुनावई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा।
- इसरो ने सूर्य मिशन आदित्य एल–1 की दूसरी बार बढ़ाई गई कक्षा।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने विश्वकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की।रोहित शर्मा कप्तान एवं हार्दिक पंड्या उप कप्तान बनाए गए।
- छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी के पुल से बुलेरो वाहन नदी में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई।
- ट्यूनेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री इस्लामिक पार्टी एन्नाहधा के पूर्व महासचिव हमाही जेबाली को गिरफ्तार कर लिया गया।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटीरिया गुंटेरस ने कहा कि प्रतिवर्ष प्रदूषित वायु से 70 लाख लोगों की मृत्यु होती है।
- अमेरिकी अदालत ने 'प्राइड बॉयज' नेता टोरियों को 22 साल की सजा सुनाई।

**8 सितंबर**

- जापान ने अपने पहले चंद्र मिशन एत–ए वाहक राकेट 47 से एक्स रे इमेजिंग तथा स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक उपग्रहों के साथ तनेगाशिया स्पेस सेंटर से प्रक्षेपित किया।
- पिछले 123 सालों में 2023 का जुलाई माह सबसे अधिक गर्म तापमान वाला रहा।
- मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंधित गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया।
- जी–20 सम्मेलन भाग लेने मारिशस के प्रधानमंत्री प्रवींद्र जगनौथ भारत पहुंचे।

## पानी को सहेजने की परम्परा

■ राजकुमार सिन्हा

धरती पर पानी की कुल मात्रा लगभग 13,100 लाख घन किलोमीटर है। इस पानी की लगभग 97 प्रतिशत मात्रा समुद्र में खारे पानी के रूप में और लगभग तीन प्रतिशत मात्रा (390 लाख घन किलोमीटर) साफ या स्वच्छ पानी के रूप में धरती पर अनेक रूपों में मौजूद है। इस साफ पानी का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा धरती के ऊपर और लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा धरती के नीचे विभिन्न गहराइयों में मिलता है। भारत की धरती पर पानी की मात्रा 4000 लाख हेक्टेयर मीटर आंकी गई है तथा भूजल भंडार की मात्रा 396 लाख हेक्टेयर मीटर है।

इस सबके बावजूद जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व में लगभग तीन अरब लोग जल संकट की चपेट में हैं। 'नीति आयोग' के अनुसार 2030 तक भारत के 40 प्रतिशत लोगों की पहुंच पीने के पानी तक नहीं होगी। देश में 15 वर्ष पहले 15 हजार नदियां और 75 साल पहले 30 लाख कुएं, तालाब और झील थे जिनमें से 4500 नदियां सूख गई और 20 लाख कुएं, तालाब और झील गायब हो गए।

पाताल में प्रतिवर्ष जा रहे 120 घन किलोमीटर भूगर्भीय जल के बदले प्रतिवर्ष लगभग 190 घन किलोमीटर जल निकाला जाता है। यानि वर्षा आदि से भूमि के अंदर जाने वाले और निकाले जाने वाले पानी में 70 घन किलोमीटर का अंतर रह जाता है। मध्यप्रदेश में हर साल भूजल करीब 4 इंच नीचे जा रहा है। पिछले 10 साल में 40 इंच यानि सवा तीन फीट तक नीचे जा चुका है। यह इसलिए कि पानी क्षमता से ज्यादा निकाला जा रहा है, लेकिन रीचार्जिंग पर ध्यान नहीं है, जबकि प्रदेश की जमीन में 75 लाख घन मीटर (एमसीएम) पानी को समाने की क्षमता है।

**पानी सरीखे बुनियादी संसाधन को लेकर क्या किया जाए? अव्वल तो जलस्रोतों को चिन्हित करके उनके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्रामसभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को दी जाए। दूसरे, समाज के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर के अध्ययन दलों का गठन किया जाए। तीसरे, पास के नदी-नाले के पानी को बरसात में रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय किए जाएं और चौथे, वर्षा जल को रोकने के लिए गांव के आसपास जल संचय व्यवस्था कायम की जाए।**

भारत की जलनीति में पानी के उपयोग की प्राथमिकताओं का उल्लेख तो है, परन्तु विभिन्न कामों में लाए जाने वाले पानी की सीमाओं का उल्लेख नहीं है। नतीजे में हर साल करीब 90 खरब लीटर पानी बिना उपयोग के बह जाता है। भूजल विशेषज्ञ जॉन शेरी (2020 के 'स्टॉकहोम वाटर प्राइज' के विजेता) के शब्दों में 'भूजल पृथ्वी की रक्षा प्रणाली है।'

जाहिर है, ऐसे में प्रकृति के प्रसाद की तरह मुफ्त मिलने वाला पानी बिकाऊ माल में तब्दील हो रहा है। पीने के पानी का कारोबार 1.80 लाख करोड़ रुपए का हो गया है जो अगले कुछ सालों में 4.5 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा। बोतलबंद पानी में सर्वाधिक 40 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले बिसलेरी की है। जैसे–जैसे बोतलबंद पानी का बाजार बढ़ रहा है, कम्पनियां भूजल दोहन, भूमि उपयोग, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन उत्सर्जन आदि को प्रभावित कर रही हैं।

ऐसा नहीं है कि हमारे पूर्वज पानी के मामले में लापरवाह थे। गोंडकाल में अधिकांश लोगों की आजीविका का आधार खेती और उससे जुड़ी सहायक गतिविधियां थीं, लेकिन गौंड राजाओं द्वारा बनाए गए अधिकांश तालाब नहर–विहीन थे। इसका मतलब है कि तालाबों का उपयोग आधुनिक तरीके से खेतों की सिंचाई के लिए नहीं, बल्कि मुख्यत: नमी और भूजल स्तर बढ़ाने, जलवायु का संतुलन कायम रखने, पेयजल स्रोतों को भरोसेमंद बनाए रखने, आजीविका (मछली, सिंघाड़ा, कमलगटटा और खेती) को स्थायित्व प्रदान करने के लिए होता था। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर, जबलपुर, सागर और दमोह जिलों की गहरी काली मिट्टी में नमी संचित करने और इसी आधार पर रबी में बिना सिंचाई बढ़िया फसल लेने की देशज व्यवस्था प्रचलित थी।

कहते हैं कि पौराणिक राजा विराट ने मण्डला जिले के मवई इलाके में अधिकांश तालाब बनवाए थे। इस मामूली से कस्बे में 150 तालाबों का जिक्र तो अंग्रेजों के गजेटियर में भी मिलता है। बैगाओं की खास जीवन शैली, खेती– पाती और समाज व्यवस्था को देखते हुए अंग्रेजों ने 19 वीं शताब्दी में उन्हें एक खास इलाका 'बैगाचक' बनाकर उसमें बसाया था। बैगा एक तरह से घुमंतू समाज के लोग रहे हैं इसलिए पानी का उनका साधन हर साल नदी–नालों के किनारे झिरिया खोदकर ही रहा है। इन झिरियों के किनारे ही बैगाओं की संस्कृति, समाज फला–फूला है।

भारतीय संविधान में पानी के मामले में केन्द्र और राज्य सरकारों के दायित्वों को रेखांकित किया गया है और अन्तराज्यीय नदियों के संचालन एवं विकास का उल्लेख किया गया है, परन्तु इस पूरी इबारत में समाज का कोई उल्लेख नहीं है। इसी तरह जलनीति में पानी के उपयोग का नियोजन और क्रियान्वयन की प्राथमिकताओं का जिक्र है पर इसमें से समाज गायब है।

अर्थव्यवस्था में भूमंडलीकरण के बाद 1999 में विश्वबैंक ने भारत में पानी के परिदृश्य पर एक रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत आने वाले दिनों में जल प्रबंधन की चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर सकेगा। इसलिए आवश्यक है कि वह विश्वबैंक द्वारा सुझाई तकनीक का पालन करे। लोग मानते हैं कि भारत की 'राष्ट्रीय जलनीति 2002' में निजीकरण का उल्लेख विश्वबैंक की इसी रिपोर्ट के बाद आया। विश्वबैंक जैसी अन्तरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों के प्रभाव में दुनियाभर में नीतिगत बदलाव हुए हैं। भारत में भी तकनीकी सहायता के कारण जलक्षेत्र में बड़े नीतिगत बदलाव किए गए हैं जिससे जलप्रदाय व्यवस्था के परिदृश्य में आमूलचूल बदलाव आया है।

इस नीति का एक प्रभाव 'छोटे तथा मझौले नगरों की अधोसंरचना विकास योजना' (यूआईडीएसएसएमटी) के तहत मध्यप्रदेश की खंडवा और शिवपुरी की जलप्रदाय योजनाओं को 'पीपीपी' (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशीप) माडल के तहत निजी कंपनियों को सौंपा जाना है। इन योजनाओं में लगने वाला 90 प्रतिशत धन देश की जनता का है, लेकिन छोटा निवेश करने वाली कंपनियों को मालिक बना दिया गया है जिसे स्थानीय समुदाय ने स्वीकार नहीं किया है।

अब इस योजना को समाप्त कर 'मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना' बनाई गई है। 2013 में प्रदेश सरकार ने 'मध्यप्रदेश जल विनियमन कानून' पारित किया था। इस कानून के तहत बनने वाला 'जल नियामक आयोग' प्रदेश में पानी का बाजारू उपयोग निर्धारित करेगा। समुदाय की आर्थिक हैसियत बिजली की तरह जलक्षेत्र को भी उनकी पहुंच से दूर कर देगी।

वैश्विक आर्थिक संकट का लाभ उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय वित्त संस्थान पानी के निजीकरण पर जोर दे रहे हैं। ग्रीस, पुर्तगाल, इटली और आयरलैंड में इन प्रयासों का तीव्र विरोध हुआ, जिससे उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह संघर्ष बोलिविया के कोचाबाम्बा और अमेरिका के अटलांटा में पानी के निजीकरण के खिलाफ हुए संघर्ष की तरह सफल हुआ है।

ऐसे में पानी सरीखे बुनियादी संसाधन को लेकर क्या किया जाए? अव्वल तो जलस्रोतों को चिन्हित करके उनके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्रामसभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को दी जाए। दूसरे, समाज के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर के अध्ययन दलों का गठन किया जाए। तीसरे, पास के नदी–नाले के पानी को बरसात में रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय किए जाएं और चौथे, वर्षा जल को रोकने के लिए गांव के आसपास जल संचय व्यवस्था कायम की जाए। संभव है, इन उपायों से हम अपने पानी को लंबे समय तक बचा पाएं।

**(लेखक बरगी बांध विस्थापित संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं।)**

## परिवार नियोजन के लिए अलग नजरिये की जरूरत

■ डॉ.संजना मोहन–लेखा रत्तनानी

परिवार नियोजन के लिए शुरू की गई सरकारी पहल 'मिशन परिवार विकास' (एमपीवी) अब अपने सातवें वर्ष में है। इस मुहिम को मूल रूप से तीन से अधिक की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) के साथ 'उच्च प्रजनन क्षमता' क्षेत्रों के रूप में पहचाने गए 146 जिलों में कुछ सफलता हासिल हुई है। चिन्हित जिले सात राज्यों– राजस्थान, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड हैं। एमपीवी को उम्मीद है कि 2025 तक इन उच्च फोकस क्षेत्रों में टीएफआर 2.1 तक कम हो सकती है।

जनसंख्या नियंत्रण के लिए केंद्रित प्रयासों के परिणाम आंकड़ों में देखे जा सकते हैं लेकिन ये उन छिपी हुई समस्याओं के साथ आते हैं जिन्हें आंकड़े पकड़ नहीं पाते या नहीं पकड़ सकते हैं। उदाहरणार्थ, परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के सरकारी प्रयासों के बाद इन क्षेत्रों में गर्भ निरोधकों के उपयोग में तेजी आई है लेकिन गर्भ निरोधक का सबसे लोकप्रिय तरीका सर्जरी से जुड़े परिवार नियोजन की अपरिवर्तनीय विधि है। नतीजों के नजरिए से यह अच्छा है लेकिन महिलाओं के दृष्टिकोण से हमेशा अच्छा नहीं है। स्थायी विधि की लोकप्रियता राष्ट्रीय वरीयता को प्रतिबिंबित करती है जहां एनएफएचएस–5 के अनुसार वर्तमान में विवाहित महिलाओं के 36.3 प्रतिशत ने इस विकल्प को अपनाया जिससे यह गर्भ निरोधक सभी विकल्पों में सबसे लोकप्रिय हो गया। एमपीवी जिलों वाले राज्यों में कई और महिलाओं ने स्थायी विधि का विकल्प चुना। चूंकि एमपीवी पिछड़ेपन के उच्च स्तर वाले जिलों में अनिवार्य रूप से चलती है, वह इन जिलों में कमजोर संचार तथा स्वास्थ्य देखभाल के खराब वितरण का संकेत देती है इसलिए महिला नसबंदी के नकारात्मक पक्ष यहां अधिक स्पष्ट होंगे।

**तीन घटनाक्रमों ने संभवत: नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट–मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था–संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है।**

महिला नसबंदी जैसी स्थायी विधि आमतौर पर तब अपनाई जाती है जब दंपति के पास उतने बच्चे होते हैं जितने वे चाहते थे तथा अब और बच्चे पैदा न करने का विकल्प चुनते हैं। ग्रामीण भारत में बच्चों व युवा वयस्कों की मृत्यु असामान्य नहीं है। खासकर आदिवासी समुदायों में कई अप्रत्याशित घटनाओं के कारण– जैसे सर्पदंश, तेंदुए के हमले, पेड़ से गिरने, गांव के तालाब में डूबने और कई रोकथाम योग्य या उपचार योग्य बीमारियों का इलाज न होने के कारण मौतें होती हैं। समय पर देखभाल व उपचार न मिल पाने के कारण अक्सर बच्चों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे मामले भी सामने आए हैं जहां दुर्घटनाओं के बाद दो या तीन बच्चों के बाद नसबंदी का विकल्प चुनने वाली महिलाएं खुद को अचानक कम बच्चों के साथ या बेटे के बिना पाती हैं। ऐसे मामलों में सर्जरी का उलटना असंभव नहीं है लेकिन बहुत मुश्किल है। इसके अलावा परिवार पर हुआ आघात का असर अंतहीन है। ग्रामीण भारत में महिला नसबंदी की बढ़ती स्वीकार्यता के ये दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम हैं। वे गर्भ निरोध के अपरिवर्तनीय तरीकों की विशिष्ट भारतीय समस्याओं को भी उजागर करते हैं। खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा भी सर्जरी के दौरान जटिल समस्याओं और यहां तक कि मौतों का कारण बनता है। एक बड़ा आघात यह भी होता है कि अगर सर्जरी से महिला बच जाती है तो वह अपने बच्चों को खो देती है और अब उसे और बच्चे नहीं हो सकते।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मार्च 2018 में लोकसभा में बताया था कि वर्ष 2014–2017 में नसबंदी के बाद कुल 358 मौतें हुईं। मंत्री ने लोकसभा को बताया कि 'भारत सरकार द्वारा प्रकाशित नसबंदी सेवाओं में मानक और गुणवत्ता आश्वासन– 2014 में निर्धारित मानदंड निर्धारित किए गए हैं और इन्हें नसबंदी प्रक्रियाएं करते समय सेवा प्रावधान में गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और सेवा प्रदाताओं को उपलब्ध कराया गया है।'

सिर्फ आंकड़ों के संदर्भ में देखें तो एनएफएचएस–3 से एनएफएचएस–5 की अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नसबंदी (वर्तमान में विवाहित महिलाओं के प्रतिशत के रूप में) राजस्थान में 32.2 प्रश से बढ़कर 44.5, बिहार में 22.6 से 35.3, छत्तीसगढ़ में 39.8 से 47.6, झारखंड में 19.8 से 37.4 और मध्य प्रदेश में 46.9 से बढ़कर 55.7 फीसदी हो गई है।

हाल के तीन घटनाक्रमों ने संभवत: नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट–मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था–संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है। दूसरा, गांवों में स्मार्टफोन और उच्च कनेक्टिविटी की पहुंच ने ग्रामीणों की आकांक्षाओं को बढ़ा दिया है। गांव में होने वाली शादियों में डीजे बजाना, जन्मदिन मनाना, ग्रामीण लड़कियों का बदलता पहनावा इसके उदाहरण हैं। शहरों में छोटे परिवारों के आकार और जीवन शैली को भी ग्रामीण परिवार नोट कर रहे हैं तथा इसे खुद अपनाने को तैयार हैं। नसबंदी की संख्या बढ़ाने में योगदान देने वाला तीसरा कारक काम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में पुरुषों के प्रवास की बढ़ती प्रवृत्ति है। दक्षिणी राजस्थान में ही करीब 70 प्रतिशत परिवारों में कम से कम एक पुरुष सदस्य आजीविका के लिए गुजरात या महाराष्ट्र अथवा किसी और राज्य के शहरों में पलायन करता है। पति की अनुपस्थिति में महिलाओं के लिए बच्चों का पालन–पोषण करना और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इन हालातों में नसबंदी ऑपरेशन हर किसी के लिए हालातों पर एक जीत जैसा लगता है।

प्रसूति विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि ऑपरेशन अंतिम विकल्प होना चाहिए क्योंकि ऑपरेशन के लिए शरीर को खोलने के अपने जोखिम हैं इसलिए अन्य उपलब्ध तरीकों का उपयोग किया जाना चाहिए जो सुरक्षित हैं। महिला नसबंदी से जटिलताएं और मौतें असामान्य नहीं हैं लेकिन ये घटनाएं इस विधि का चयन करने वाली महिलाओं की संख्या को प्रभावित नहीं करतीं। शायद उन्हें नसबंदी करने के लिए उचित प्रोत्साहन के साथ लुभाया जाता है। फिर भी हम इस समस्या से भाग नहीं सकते। भारत में जनसंख्या नियंत्रण का पूरा बोझ महिलाओं द्वारा वहन किया गया है और अभी भी वहन किया जा रहा है। यह बोझ विशेष रूप से नसबंदी के मामले में है। पिछले दस वर्षों का सच यही है जो सरकार के एनएचएफएस 2005–2006 से एनएचएफएस 2015–2016 के सर्वेक्षण में दिखाई दे रहा है।

गर्भधारण रोकने के लिए आज कई विकल्प उपलब्ध हैं इसलिए महिलाएं ट्यूबेक्टोमी के लिए 'ना' कह सकती हैं। अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूसीडी) जैसे कॉपर–टी या अन्य हार्मोनल उपकरण लंबी अवधि के लिए प्रभावी हैं। ये लगभग स्थायी विधि की तरह काम करते हैं। महिलाओं के लिए इनका एक या दो बार उपयोग करना पूरे प्रजनन चक्र में गर्भावस्था को रोकने के लिए पर्याप्त हो सकता है। इस प्रकार यह एक स्थायी विधि के रूप में भी कार्य करता है।

जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नियमित रूप से नहीं खुलते हैं, डॉक्टर और नर्स पूरी तरह से मौजूद नहीं हैं और लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों पर बहुत कम भरोसा है वहां जन्म दर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए नसबंदी एक निश्चित तरीका है। विकल्प उपलब्ध कराने और सुझाने के लिए हमारे डॉक्टरों तथा नर्सों को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता होगी। इन तरीकों को उपलब्ध कराने और इन विभिन्न तरीकों से जुड़े भय एवं मिथकों को दूर करने के लिए लोक संवाद बढ़ाना होगा। इस मामले में कॉपर–टी एक उदाहरण है जिसके बारे में एक आम डर यह है कि 'यह पेट में ऊपर जाएगा।'

इस भय पर काबू पाने के लिए महिलाओं के डर को सुनने और स्वीकार करने की आवश्यकता होगी तथा महिलाओं को यह समझने में मदद मिलेगी कि ये भय निराधार क्यों हो सकते हैं। इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सातों दिन और चौबीसों घंटे खुला रखने और वहां स्वास्थ्य कर्मियों को मौजूद रहने की आवश्यकता होगी ताकि वे अन्य तरीकों के उपयोग से होने वाले रक्तस्राव व पेट दर्द जैसे किसी भी दुष्प्रभाव का प्रबंधन करने में सक्षम हो सकें।

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पर नए सिरे से जोर देना, नए स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की स्थापना, पीएचसी तथा उप–केंद्रों में डॉक्टरों व कुशल कर्मचारियों की बढ़ती संख्या इस सिलसिले में स्वागतयोग्य कदम हैं जो इस आदर्श बदलाव को संभव बना सकते हैं।

**(डॉ. संजना चिकित्सक व लेखा वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट:दी बिलियन प्रेस)**

उल्टा पुल्टा

**पहला कैदी** – तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
**दूसरा कैदी** – बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो
पुलिस ने पकड़ लिया।
**पहला कैदी** – वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
**दूसरा कैदी** – वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें,
बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।



# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एयू में एनएसयूआई का हल्लाबोल

## कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। आज रंजेश सिंह एनएसयूआई प्रदेश सचिव के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में एनएसयूआई के साथियों एवम छात्र छात्राओं ने निम्न लिखित पांच सूत्रीय मांग को लेकर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय कुलपति को ज्ञापन सौपा।

एनएसयूआई ने पांच सूत्रीय मांग रखी है जिसमें सभी महाविद्यालय में योग्य शिक्षको की भर्ती धारा 28 के तहत सत्र प्रारंभ होने तक भर्ती पूर्ण करने हेतु आदेशित करे और अगर कोई भी महाविद्यालय नियमो विश्वविद्यालय के आदेशों की अवेहलना करती है तो ऐसे महाविद्यालय पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते है। छः साल से बंद पड़ी क्ढ्रष्ठ की प्रवेश प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से शुरू करने और एवम पीएचडी के पढ़ाई करने वाले सभी अभ्यर्थियों को फैलोशिप दिए जाने की मांग रखी गई।

लगातार खराब परिणाम आने वाले महाविद्यालय प्रशासन पर कार्यवाही कड़ी कार्यवाही एवम मनमाने तरीके से जांच करने वाले शिक्षको पर भी कार्यवाही करने की मांग क्योंकि सकड़ो की संख्या में छात्रों को एक समान नंबर दिया गया है अतः दोषीयो पे कार्यवाही किया जाए। सभी महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से सभी कक्षाओं एवम महाविद्यालय कैंपस में कैमरे की व्यवस्था प्रारंभ करने हेतु आदेशित करे ताकि महाविद्यालय से संबंधित सभी एक्टिविटी की जानकारी विश्वविद्यालय को मिले एवम महाविद्यालयो और शिक्षको की लापरवाही के कारण छात्रों का नुकसान ना हो। सभी महाविद्यालय की नियमित निरीक्षण हेतु विशेष कमिटी की गठन और शिकायत एवम सुझाव हेपलाइन नंबर जारी करे एवम शिकायत कर्ता की पहचान गोपनीय रखा जाए विश्वविद्यालय प्रशासन एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय कुलपति से चर्चा करते हुए बताया की विश्वविद्यालय से संबंधित लगभग सभी महाविद्यालय का परिणाम लगातार खराब परिणाम आ रहा है जिसका प्रमुख कारण महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्था है रंजेश सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में योग्य शिक्षको का पूर्ण अभाव है कॉलेज फाइल तो भेजती है पर भर्ती नही करती बावजूद इसके धड़ल्ले से प्रवेश चल रहा है। वही पीएचडी जैसी महत्वपूर्ण विषय में छः साल से प्रवेश नहीं हुआ है 12 साल में सिर्फ 1बार बस प्रवेश लिया गया है और यह पीएचडी छात्रों को फैलोशिप भी नही दिया जाता है पीएचडी की पढ़ाई के बाद हम गुणवत्ता वाले शिक्षक यूजीसी के नियामुसार धारा 28 के योग्य शिक्षक भी मिलते हैं जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगी जिसे तुरंत प्रारंभ कर और भर्ती प्रक्रिया भी शुरू करने की मांग कि गई वही सभी महाविद्यालय में सीसीटी कैमरे अनिवार्य करने की मांग की गई जिससे महाविद्यालय की एक्टिविटी की जानकारी विश्वविद्यालय प्राप्त को जिससे महाविद्यालय प्रशासन की मनमानी पर रोक लगेगी और एक जांच कमिटी की गठन किया जाए जो लगातार महावियालय की निरीक्षण करें साथ ही एक हेल्प लाइन नबर भी जारी की जाए जिसमे आम छात्र भी सीधे विश्वविद्यालय को शिक्षा संबंधित शिकायत या सुझाव पहुंचा सके एवम शिकायत कर्ताओं की पहचान को गोपनीय रखने की बात कही गई। जिसको कुलपति ने गंभीरता से लेते हुए जल्दी से जल्दी बारी बारी सभी मांगी को पूरी करने कि बात कही और अधिकतम तीन महीनो के भीतर सभी मांग पूर्ण हो जाने की बात कही ।

जिस पर रंजेश सिंह ने कहा कि अगर छात्रहित में सारे मांग जल्द ही पूरी नही होती है तो आज सिर्फ जिले से सैकड़ो के संख्या में एनएसयूआई के साथी आए है आगे हजारों की संख्या में सभी संभाग से छात्रनेता और छात्राओं के साथ उग्र अंदोलन करते हुए तालाबंदी करेगे। घेराव के दौरान एनएसयूआई प्रदेश सचिव अमीन श्रीवास्तव,पुष्पराज साहू,प्रदीप सिंह,साक्षी ठाकुर, रेणुका ,कल्याणी साहू, मोना यादव, करण यादव, ओमप्रकाश मानिकपुरी, नरबद यादव, डीगेश सिंह , पोसू,विक्की यादव,विक्की साहू,हरीश, विक्की बनर्जी राजेंद्र पाली, मनु ठाकुर, आकाश श्रीवास्तव एवम सैकड़ो की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज 12 से

## जिले के खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दमखम

### प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न स्तरों पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। हरेली तिहार के शुभ अवसर पर 17 जुलाई से पूरे प्रदेश में एक साथ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन 12 से 13 सितम्बर तक स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में किया जाएगा। जहां जिले के युवा खिलाड़ियों के साथ ही हर आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इन खेलों में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी एवं कंचा और एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में प्रथम वर्ग में 18 वर्ष की आयु तक, दूसरे वर्ग में 18 से 40 वर्ष और तीसरे वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी होंगे। जिला स्तर पर इन खेलों के आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए खेल विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों को दायित्व सौंपे गये है। इन विभागों के द्वारा खेलों के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई, भोजन, विद्युत एवं आदि व्यवस्थाएं की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### वजन त्योहार पर आंगन बाड़ी केंद्रों का रविन्द्र ने किया निरीक्षण



**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह ने वजन त्योहार के अवसर पर आंगन बाडी क्रेंद्रो का किया निरीक्षण । श्री सिंह वजन त्योहार पर क्रेन्द्रो मे बच्चो का वजन नाप के साथ ही लम्बाई नाप करा कर बच्चो को टाफी वितरण किये। इस अवसर पर सुपरवाईजर दुबे कार्यकर्ता रमा नागदौने अंजु वाहने मंजुता मेश्राम मितानिन कल्पना नाईक प्रभा चौहान एंव नगर व वार्ड के वरिष्ठ नागरिक शिवा मुदिलयार हरीश तिवारी रामु शुक्ला चन्द्रहास शर्मा चन्द्रनाथ चटर्जी किशोरलाल गुप्ता विजय दुबे रजीत खनुजा उत्तम चटर्जी चन्द्रहास केशरवानी राघवेन्द्र सिंह प्रशांत पाण्डेय संगीत मोईत्रा पकज बर्डे केशव गोरख सतोष चौहान राजेश जोसफ सदीप मिश्रा गुड्डु चदेल छोटु बर्डे विक्की नानवानी सतोष पाण्डेय राहुल दुबे पियुष अग्रवाल योगेश पिल्ले अजय तिवारी ईशाक कुरैशी विजय तिवारी बंटी अग्रवाल दिनेश मुदिलयार ओमप्रकाश शर्मा बिनोद कछवहा दिनेश साहु निटु परिहार दिलीप साहु सजय यादव राज चौहान हरीश चेलकर नेब्रोन मसीह नरेंद्र सिंह मुकेश दुबे सोहेल शर्मा रितिक सिंह जावेद खान राजेश साहु सन्नी चौहान राजा यादव मृत्युंजय तिवारी अजय गोस्वामी उदय गंगवानी पिन्टु आडील कर्ण सिंह अब्दुल खालिद मनोज साहु राकेश केशरीय सजय शुक्ला जनक बंधे पप्पु विष्ट आदि शामिल थे।

### लॉ कॉलेज के छात्रों ने मशाल रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक



**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। साल के अंत में होने वाले विधानसभा निर्वाचन में लोगों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में द विजडम ट्री फाऊंडेशन एवं जिला छत्तीसगढ़ अशासकीय कल्याण प्रबंधक संघ बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मतदान जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें जिला के चारों विकासखंड से लगभग 127 शिक्षक और शिक्षिकाएं नेशनल कॉन्वेंट स्कूल भारती नगर बिलासपुर में प्रत्यक्ष रुप से उपस्थित रहे।

डीपी विप्र लॉ कॉलेज बिलासपुर और डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई मशाल रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली अशोकनगर बिलासपुर में निकाला गया। राष्ट्रीय सेवा योजना डीपी विप्र विधि महाविद्यालय तथा डीपी विप्र महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी यूपेश कुमार, विभांशु अवस्थी के नेत्तृत्व में मतदाता जागरूकता मशाल रैली निकाली गई, जिसमें स्वयं सेवकों ने अशोक नगर बस्ती निवासियो को जागरूक किया। इस दौरान जिला पंचायत बिलासपुर के परियोजना अधिकारी श्री ओम पाण्डेय, राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक श्रीमति कांति अंचल उपस्थित रहीं।

# जन्माष्टमी पर बच्चे बने राधा कृष्ण

**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता दान तथा नरेंद्र द्विवेदी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर अक्षत रोली चंदन से तिलक कर तथा धूप दीप पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम कर प्रारंभ हुआ। शाला की प्रधान पठिका श्रीमती शशि सिंह तथा बाल केबिनेट के छात्र छात्राओं द्वारा सभी अतिथियों का श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। शाला के शिक्षक योगेश करंजगांवकर ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत 4 वर्षों से



ऑनलाइन किया जा रहा था इस वर्ष कार्यक्रम में 100 बच्चे श्री राधा कृष्ण कि मनमोहन रूप सज्जा मे उपस्थित हुए है,बच्चों द्वारा राधा कृष्ण के भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। अपने उद्बोधन मे अनिता दान ने शाला के शिक्षकों तथा अभिभावको की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी बच्चे राधा कृष्ण के रूप में इतने मनमोहक लग रहे हैं मानो भगवान आज धरती पर उतर आए हो। शाला की प्रधान पठिका श्रीमती शशि सिंह द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा सभी बच्चों को प्रसाद का वितरण किया गया।

# सूने मकान में चोरी करने वाला पकड़ाया

## आरोपी से चोरी के घरेलू सामान बरामद




**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। सरकंडा थाना क्षेत्र में सूने मकान से घरेलू सामान की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

सरकंडा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी शेष कुमार साहू निवासी आशावन बिरकोना रोड थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की वह पिताजी की तबीयत खराब होने से 16 अगस्त को अपने पिताजी को देखने भिलाई गया हुआ था कि 6सिंतबर को पड़ोसी ने फोन करके बताया कि इसके घर का ताला टूटा हुआ है और घर से सामान बिखरा हुआ है । सूचना मिलने पर प्रार्थी अपनी पत्नी के साथ वापस बिलासपुर आकर घर में देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था कमरे किचन का सामान बिखरा हुआ था घर में लगे नल के टोटी, कासा के बर्तन, सिलेंडर, टीवी तथा अन्य घरेलू सामान के साथ-साथ चांदी के पायल और बच्चों के चांदी के जेवर को कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है कि सूचना पर तत्काल अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी का अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया तथा अज्ञात चोर का पता तलाश लगातार आसपास के क्षेत्र में किया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिला की एक व्यक्ति बंधव पारा के पास पुराने घरेलू सामान को बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है कि सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची जहां एक व्यक्ति को पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम अजय यादव बंधवा पारा का रहना बताया पूछताछ करने पर प्रार्थी के घर दिनांक 6-9-23 को ताला तोड़कर चोरी करने की घटना स्वीकार किया आरोपी के कब्जे से चोरी गए चांदी के जेवर सहित टीवी, सिलेंडर तथा अन्य घरेलू सामान कीमती करीब 25000 को जप्त किया गया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# लगातार असफलता मिलने पर भी नहीं मानी हार

## कड़ी मेहनत कर हिर्री के दीपक पटेल बनें नायब तहसीलदार

**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। कहते हैं सफलता एक दिन में नही मिलती, असफलता के बाद भी अगर लक्ष्य के प्रति निष्ठापूर्वक और समर्पणभाव से लगातार अभ्यास और मेहनत किया जाए तो एक दिन सफलता जरूर मिलती है। उक्त बातों को आज ग्राम हिर्री निवासी दीपक पटेल ने चरितार्थ किया है। विकासखंड मस्तूरी के ग्राम हिर्री निवासी दीनबंधु पटेल के पुत्र दीपक पटेल का नायब तहसीलदार के पद पर चयन हुआ है। परिजनों को श्री दीपक पटेल के चयन की जानकारी हुई तो घर में जश्न शुरू हो गया। दीपक पटेल ने बताया उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर हिर्री में हुई। उसके बाद उन्होंने 9 से 12 की पढ़ाई संत जोसेफ स्कूल जयराम नगर एवं स्नातक की पढ़ाई बीएससी डीपी कॉलेज बिलासपुर में पूरी हुई। बीएससी के बाद ही उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 5 बार प्री, मेन्स एवं इंटरव्यू में शामिल हुए। हर बार किसी न किसी



स्तर पर कठिनाई के कारण सफलता नहीं मिल पा रही थी। उन्होंने हार नही मानी लगातार अपने लक्ष्य में अडिग रहकर तैयारी करते रहे। अंततः सीजी पीएससी 2022 में उन्हें इस साल नायब तहसीलदार पद मिला है। उन्होंने अपने इस सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों एवं मित्रों को दिया है। उन्होंने कहा कि तैयारी के दौरान उनकी दीदी ने उन्हें बहुत मॉरल सपोर्ट दिया। पिता दीनबंधु पटेल एवं माता श्रीमती गंगमती ने बताया कि बेटे का चयन नायब तहसीलदार के पद पर होने से परिवार बेहद खुश है।

# चाकू से दुकानदार को धमकाने वाल पकड़ाया

**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, सिविल लाइन नगर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल के मार्गदर्शन में थाना तारबाहर के अंतर्गत आपराधिक गतिविधि में संलिप्त लोगों पर नजर रखी जा कर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में सूचना प्राप्त हुआ कि राजीव प्लाजा में मोबाइल दुकान में समीर डिंडोर धारदार चाकू लेकर दुकान वाले को डरा रहा है।

सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए तारबाहर पुलिस ने आरोपी समीर के कब्जे से गवाहों के समक्ष बटन वाला चाकू जप्ती कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी का कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में भर्ती के लिए दावा आपत्ति 15 तक

**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी अंतर्गत विकासखण्ड मस्तूरी के ग्राम सरगंवा, जोंधरा, कुकुर्दीकेरा, जयरामनगर, लोहर्सी, भदौरा, वेदपरसदा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम सरगंवा और गोबरी में मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदों पर एवं ग्राम आमाकोनी, डोमगांव, विद्याडीह, हरदीगांव, बुढ़ीखार, भड़हा, गोबरी, मानिकचौरी, डगनिया, बिनैका, थेम्हापार, पाराघाट और कुकुर्दीकला में आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती की जानी है। इन पदों के लिए प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 15 सितम्बर 2023 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय मस्तूरी में कार्यालयीन समय में आमंत्रित किये गये है।

# उपभोक्ताओं के साथ छल कर रहे श्री सिद्धिविनायक हाइट्स मोपका के पार्टनर, किया जाएगा आंदोलन

## फ्लैट देने करोड़ों की राशि लेने के बाद मकान देने में किया जा रहा हीलाहवाला




**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। छतीसगढ़ में भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की स्थापना के बाद भी उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होती नजर नहीं आ रही है। दूसरी ओर बिल्डरों के द्वारा उपभोक्ताओं के साथ छल करने की घटनाएं कम होने की बजाय बढ़ती ही जा रही है,उनके खून पसीने की कमाई को बिल्डर्स हड़प कर रहे है। ऐसे ही एक मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़ित हितग्राही बिलासपुर प्रेस क्लब पहुंचे।

पीड़ित वीर कुमार जैन,मनीष सोबित,सुयश दांडेकर,अमित कुमार अरोरा ने पत्रकारों को बताया कि राजकिशोर नगर में श्री सिद्धीविनायक अपार्टमेंट है,जहाँ श्री सिद्धीविनायक बिल्डकॉन, पार्टनरशिप फर्म के (1) संजय सुल्तानिया, पिता श्री स्व. ओ.पी. सुल्तानिया, मीनाक्षी इन्टरप्राइजेस तिफरा ओम रानी कुटी,रोहणी विहार, बिलासपुर (छ.ग.) (2) श्रीमती रूचि अग्रवाल, पति स्व श्री विजय अग्रवाल, पार्क के सामने, क्रांति नगर, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा सन् 2017 में सिद्धीविनायक हाईट्स के नाम से 42 फ्लैट का निर्माण कार्य राजकिशोर नगर ओम गार्डन के पीछे प्रारंभ कराया गया। उपभोक्ताओं से लिखित एग्रीमेंट करके वादा किया गया कि 2 वर्ष में सभी सुविआओं के साथ उपभोक्ताओं को फ्लैट हेन्डओवर कर दिया जाएगा। जिसमें 2 लिफ्ट, गार्डन, मंदिर, बाउड्रीवाल,ट्रांसफार्मर आदि का उल्लेख प्रिन्टेड ब्राउसर में सभी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया गया। किन्तु वर्षो बाद आज तक न ही,उपभोक्ताओं को फ्लैट सौंपा गया और न ही साईट पर कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग 23 उपभोक्तओं को फ्लैट की रजिस्ट्री करने के बाद उनकी गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपया बिल्डर्स ने हड़प लिया है।

इसके अलावा अन्य उपभोक्ताओं से एडवांस में राशि लेकर फ्लैट कब सौंपेंगे पूछने पर कोई भी पार्टनर संतोषप्रद जवाब उपभोक्ताओं को नही दे रहे है। थक हारकर 10 उपभोक्ताओं ने वकील के माध्यम से (रेरा) में एक केश फाइल किया था जिस पर माननीय कोर्ट ने अपना आदेश 21 जून को सुनाया। कोर्ट ने दोनो पार्टनर को यह आदेश दिया कि 3 माह के भीतर सभी उपभोक्ताओं को फ्लैट दिए जाएं अथवा ब्याज सहित उपभोक्ताओं की राशि वापस की जाए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री सिद्धीविनायक अपार्टमेंट संघ समिती के सदस्यों का कहना है कि वे रेरा के आदेश से सन्तुष्ट नहीं है।उन्होंने फ्लैट खरीदने के लिए रुपए दिये थे न कि ब्याज सहित पैसे वापस लेने के लिए। अतः हमे शीघ्र से शीघ्र फ्लैट ही चाहिए। अगर बिल्डर्स द्वारा फ्लैट नहीं दिए जाते है तो संघर्ष समिति उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि श्री सिद्धी विनायक बिल्डकान रेरा में पंजीकृत नहीं है। बिल्डर्स पर रेरा द्वारा जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की जा सकती है। उन्होंने जिला और राजस्व प्रशासन से इस मामले में ध्यान देने की अपील की है। पत्रकार वार्ता के दौरान अजय कुमार नाथ,मुकेश अरोरा,त्रिपेन दत्ता, रंजीत दास,अब्दुल रज्जाक,शेख बख्तावर सहित अन्य पीड़ित उपभोक्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने किया स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष का अवलोकन



**कोरबा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर , 21-कोरबा, 22-कटघोरा तथा 23 पाली तानाखार के लिए ई. व्ही. एम. मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रॉंग रूम, मतगणना रूम, तथा मतदान दल को सामग्री वितरण स्थल, मतदान दल से चुनाव उपरांत सामान की वापसी, तथा निर्वाचन पश्चात् पुनः ई व्ही एम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने हेतु चयनित आईटी कॉलेज झगरहा के ब्लॉक बी एवं ब्लॉक सी को आरक्षित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा सुश्री सीमा पात्रे द्वारा राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु चिन्हांकित आईटी कॉलेज का आज प्रातः 11 बजे निरीक्षण कराया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रारंभिक तैयारी एवं चिन्हांकित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण और निर्धारित बिंदुओं को अवगत कराते हुये स्थल का परीक्षण कराया गया। उन्हें आई.टी. कॉलेज झगरहा के ब्लॉक सी का विधानसभावार 04 स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हांकित कक्ष का अवलोकन, ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग उपरांत विधानसभावार पृथक स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों का संग्रहण स्थल से अवगत कराया गया। उन्हें ब्लॉक बी में मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा मतदान उपरांत सामग्री की वापसी स्थल का अवलोकन कराया गया। जिसमें विधानसभावार सामग्री वितरण हेतु पृथक-पृथक काउंटर रखे जाने की जानकारी देते हुए स्थल का अवलोकन कराया गया तथा मतदान उपरांत सामग्री उसी काउंटर से वापस जमा कराए जाने की जानकारी दी गई। मतदान उपरांत प्राप्त ईव्हीएम मशीनों को विधान सभावार पृथक-पृथक निर्मित स्ट्रांग रूम में मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु चयनित स्ट्रांग रूम, मतगणना हेतु विधानसभावार चिन्हांकित कक्ष का अवलोकन कराया गया। अवलोकन के दौरान मतगणना अधिकारी कर्मचारी, तथा मतगणना हेतु नियुक्त एजेंटों के आने जाने का रास्ता का अवलोकन कराया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### गुरु बालक दास की जयंती पर किया गया सम्मान



**कोरबा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। 100 गवां श्री गुरु गद्दीधाम एवं सतनाम विकास समिति पताढ़ी में मुख्य अतिथि राजमहंत जेपी कोशले एवं राजमहंत रामचन्द पाटले की अध्यक्षता में गुरु घासीदास के द्वितीय सुपुत्र एवं उनके उत्तराधिकारी राजा गुरु बालकदास की 222वीं जयंती एवं सम्मान समारोह मनाया गया। समिति द्वारा 100 अधिकारी-कर्मचारी, संरक्षक, पूर्व पदाधिकारी एवं ग्रामीण जनों को बैच लगाकर श्रीफल, गमछा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गुरु बालक दास के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं आरती उतार कर उनके कृत्यों को याद किया गया। गुरु बालक दास ने सतनामी समाज के विकास तथा समाज को स्वावलंबी बनाने के लिए गुरु घासीदास के उपदेश एवं 42 वाडी सत्यनाम संदेश को आगे बढ़ाया। जन-जन तक पहुंचाने के लिए रावटी के रूप में उपदेश देने का कार्य किया। आयोजित कार्यक्रम में गोपाल राम बंजारे, आत्माराम किशान, रामायण लाल रात्रे, रेवाराम टंडन, मनीराम रात्रे का सम्मान किया गया। डॉ. प्यारेलाल आदिले, केएल टंडन, आई पी रत्नाकर, सत्यनारायण शिवधारी, बलिराम बागमरे, राजेंद्र डहरिया, अशोक पाटले, श्री आदिले, श्री कोशले, उमंग राम, लखन लाल लहरे, गेशराम मिरी, दिनेश कुर्रे, गणेश राम, अमृतलाल पुजारी, रंगीला कोशले, डायमंड पाटले, राजेंद्र बघेल, फिरतराम, लक्ष्मी नारायण, होरिल, नेतराम, कमलसाय, घनश्याम, चंन्द्र शेखर, प्रदीप रात्रे, मनीराम जांगड़े आदि सामाज प्रमुख का विशेष योगदान रहा। श्रीमती नीलिमा लहरे सभापति जिला पंचायत कोरबा ने सम्मानित किया।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम




**कोरबा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण तथा जिला शिक्षा अधिकारी व सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के दिशा-निर्देश में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा जिले में 1 से 7 सितम्बर तक आयोजित साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आज शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर में साक्षरता रैली निकालकर शिक्षा के महत्व को बताया गया। साथ ही साक्षरता ध्वज के ध्वजारोहण भी किया गया। इसी प्रकार इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में चित्रकला, निबंध एवं साक्षरता रैली कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# सनकी व नशेड़ी पिता ने ले ली मासूम की जान, खुद का भी गला रेता

### 2 साल पहले पत्नी को मारपीट कर भगा चुका है आरोपी

**कोरबा-बालकोनगर,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। एक हृदयविदारक घटनाक्रम में नशेड़ी और सनकी पिता ने अपने 3 साल के मासूम बेटे की गला रेतकर हत्या कर दिया। इसके बाद उसने खुद का भी गला रेत लिया। पुलिस ने गंभीर हालत में ग्रामीण को अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार घटना बालको थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला के गहनिया के आश्रित मोहल्ला खेतार में गुरुवार शाम लगभग 7 बजे की है। यहां के निवासी अमर सिंह मांझी ने अपने 3 वर्षीय पुत्र पवन मांझी की गला रेत कर हत्या कर दी। अमर सिंह मांझी का भाई इतवार मांझी खाना खाने के लिए जब बच्चे को बुलाने गया तो उसने देखा कि वह खून से लथपथ पड़ा हुआ था। बगल में ही अमर सिंह भी अचेत हालत में पड़ा था। इतवार मांझी ने गांव के पंच रतन मांझी को घटना की सूचना दी। इसके बाद डॉयल 112 को जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलते ही बालको थाना प्रभारी एसआई लक्ष्मण प्रसाद खूंटे घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मी अमर सिंह तथा पुत्र के शव को जिला अस्पताल भिजवाया। एसआई लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि अमर सिंह अभी बात कर पाने की स्थिति में नहीं है, इसलिए उसने पुत्र



को क्यों मारा यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

प्रारंभिक विवेचना में ज्ञात हुआ है कि आरोपी सनकी व नशेड़ी प्रवृत्ति का है। उसने पत्नी को करीब 2 साल पहले मारपीट कर घर से भगा दिया है और मासूम पुत्र के साथ घर पर अकेले रहता है।

बहरहाल अमर सिंह के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मासूम के शव को पोस्टमार्टम उपरांत आज उसके अन्य परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### नवजात को लहूलुहान कर फरार हुई मां

3 साल के मासूम बेटे की निर्ममतापूर्वक हत्या के बीच एक और घटना जिले के दूरस्थ ग्राम व कोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र के सलईगोट भुजंगकछार में सामने आई है।

यहां रहने वाले मोतीलाल की पत्नी कौशल्या बैगा की महज 6 दिन की बच्ची को उसकी मां ने लहूलुहान कर दिया। 6 सितंबर की रात पति-पत्नी अपने कमरे में सोए थे और सुबह जब मोतीराम की नींद खुली तो उसकी पत्नी गायब थी और मासूम बच्ची के हाथ व पैर में दांत काटकर दिए गए गहरे जख्म नजर आ रहे थे। मासूम को उसी हालत में बिलखता छोडक़र मां कहीं भाग गई। परिजनों ने इस बारे में पुलिस को अवगत करा दिया है।

### हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत आज

**कोरबा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा के निर्देशानुसार 9 सितम्बर को हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

डीएल कटकवार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार जिला न्यायालय स्तर एवं बाह्य व्यवहार न्यायालय कटघोरा, करतला एवं पाली हेतु कुल 17 न्यायिक अधिकारियों की खण्डपीठ तैयार की गई है।

जिसमें कुल चिन्हांकित प्रकरणों की संख्या लगभग 910 एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों की संख्या लगभग 2500 है। सभी तरह के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

# माता-पिता प्रकरण दर्ज कराने से पहले बच्चों के भविष्य के बारे में सोचें

### महिला आयोग में झूठी शिकायत दर्ज न कराएं - अध्यक्ष

### छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने की प्रकरणों की सुनवाई

**कोरबा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर सभा कक्ष में महिला उत्पीडऩ से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। आज 223 वीं एवं कोरबा जिला की 6वीं सुनवाई में कुल 25 प्रकरण सुने गए।

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में 9 साल से अलग रह रहे पति-पत्नी का आपस में रिश्ता जुड़ा। आयोग की समझाईश के बाद पति-पत्नी अपने तीनों बच्चों के साथ रहने को तैयार हो गये। आयोग द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी को 1 साल तक निगरानी का आदेश देते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आवेदिका आरक्षक है जिसने दो आरक्षकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और सुनवाई में आवेदिका सूचना मिलने पर भी अनुपस्थित रही। अनावेदक गणों द्वारा एफआईआर दर्ज होने के संबंधित दस्तावेज पेश करने पर आयोग में प्रकरण चलाना संभव नहीं है इस वजह से प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अपने पति देवर और ससुराल वालों के खिलाफ




न्यायालय में 379 377, 498 दहेज प्रताडऩा एवं 125 भरण पोषण का मामला न्यायालय में दर्ज कराई है। दोनो पक्षो में सुलहनामा की कोई गुंजाइश नहीं है। आवेदिका को भरण पोषण मिल रहा है। मामला न्यायालय में चलने की वजह से आयोग में सुनवाई असंभव है। इस वजह से आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में अनावेदक द्वारा फोन पर आवेदिका को धमकी देने की शिकायत आयोग में दर्ज कराया गया जिसमें अनावेदक आज सुनवाई में अनुपस्थित था। आयोग ने शीघ्र सुनवाई हेतु प्रकरण रायपुर स्थानांतरण किया। भिलाई सेक्टर 6 के थाना प्रभारी को आयोग द्वारा आदेश दिया गया की अनावेदक को अगली सुनवाई में एस.आई. के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित किया जाये। अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा घरेलू हिंसा का प्रकरण न्यायालय में चलने के बावजूद आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। अनुपपुर पुलिस के माध्यम से अनावेदकगणों का उपस्थिति सुनिश्चित कराया गया। आवेदिका अनुपस्थित रही प्रकरण न्यायालय में चलने के वजह से आयोग ने नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में अनावेदकगण उपस्थित रहें आवेदिका द्वारा भोपाल मध्यप्रदेश के महिला थाना में 498 दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज करायी है और आज की सुनवाई में अनुपस्थित रही। मामले में एफ.आई.आर दर्ज होने से आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में अनावेदक 1 और 2 उपस्थित अनावेदकगणों द्वारा बताया गया कि आवेदिका से सुलहनामा हो गया है लेकिन आवेदिका की अनुपस्थिति की वजह से प्रकरण समाप्त नहीं किया गया, आयोग ने समझाइश दिया कि आवेदिका अपने हाथ से लिख कर जब आयोग में सुलहनामा आवेदन प्रस्तुत करेगी तब प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका अनुपस्थित थी, अनावेदकगण द्वारा बताया गया कि न्यायालय में 107/16 का प्रकरण चलाया गया, जो समाप्त हो चुका है। जिसमें प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करने पर आयोग प्रकरण नस्तीबद्ध करेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित थी अनावेदक अनुपस्थित था। आवेदिका ने बताया कि उसका पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध है और वह भरण पोषण का पैसा नहीं देता है। जिसको आयोग ने एस.आई. के माध्यम से आगामी सुनवाई हेतु रायपुर में उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया।

# मन में उठी पीड़ा, बदल दिया मुक्तिधाम की तस्वीर

### पोड़ीबहार मुक्तिधाम सेवा समिति करेगी देखरेख

**कोरबा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। जीवन के अंतकाल में मुक्तिधाम से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। मुक्तिधाम में व्याप्त अव्यवस्था और गंदगी का आलम यहां आने वाले शोकाकुल परिजनों सहित शुभचिंतकों को पीड़ा देता है। ऐसी ही पीड़ा से रूबरू हुए युवाओं ने मिलकर पोड़ीबहार मुक्तिधाम की तस्वीर कुछ दिनों के भीतर बदल कर रख दी। इनके कार्यों की सराहना हो रही है।

1 अगस्त को राजेश बसवतिया की माता का दाह संस्कार करने निहारिका व कोरबा के अग्रवाल समाज व अन्य समाज के लोग पोड़ीबहार के मुक्ति धाम में पहुँचे थे। वहाँ पर पसरी गंदगी व पूरे परिसर में अस्त-व्यस्त व्यवस्था को देखकर कुछ युवाओं को बहुत पीड़ा



हुई। 4 युवाओं ने इस परिसर के कायाकल्प करने का संकल्प लिया और फिर अगले दिन से ही इस मुक्तिधाम में चारों सदस्यों ने इसका प्रारूप बना कर वाट्पअप ग्रुपों के माध्यम से लोगों से सहयोग की अपील की। देखते ही देखते काफ़ी लोगों ने इसमें अपनी रुचि दिखाते हुए लगने वाले सामान व नगद राशि का सहयोग देने के लिए सहमति शुरू कर दी। अगले दिन से ही पूरा सिविल कार्य, गार्डन का कार्य, पानी टंकी व नलों का काम, पूरे परिसर के रंगरोगन का कार्य पूरी गति से शुरू हो गया। प्रारंभिक कार्य में जयंत अग्रवाल, सुनील जैन (टोनी), राधेश्याम अग्रवाल (पिंटू), दिव्यानंद अग्रवाल (डब्बू), राजेश बसवतिया (बब्लु) व शंकर ने मिलकर इस कार्य को अंजाम देना शुरू किया। इसके बाद एक समिति का निर्माण किया गया जिसे पोड़ीबहार मुक्तिधाम सेवा समिति से नामांकित किया। इस समिति में राजेश अग्रवाल (आँचल), राजेश अग्रवाल (कंप्यूटर), नितिन अग्रवाल (चश्माघर), प्रदीप अग्रवाल, एसके सेठ, राजन बर्नवाल, बंटी चावलानी, नीरज अग्रवाल व अशोक अग्रवाल को मिलाकर कुल 16 सदस्यों ने मिलकर मुक्तिधाम की तस्वीर पूरी तरह बदल दिया।

### 9 लाख रुपए खर्च कर दी सुविधा

समिति के सदस्यों ने बताया कि मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए लकड़ी व गोबर के कंडे परिसर में ही उपलब्ध करवाया गया है। अभी तक कुल 9 लाख रुपए व्यय कर परिसर में पानी, यूरिनल, स्वच्छ व सुन्दर गार्डन का निर्माण, शव हेतु ग्रेनाइट का स्टैंड, लोहे की गार्डर सब लगवा कर पूर्ण रूप से यह परिसर स्वच्छ व सुंदर बना दिया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि आगे भी परिसर की पूर्ण देखभाल समिति करती रहेगी। लोगों से अपील भी की गई है कि वे ज़्यादा से ज़्यादा इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें व हर तरह का सहयोग व अपने मार्गदर्शन समिति को देते रहें

# आधी रात सुसाइड नोट लिखकर महिला ने फांसी लगाई

**कोरबा-दर्री,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। दर्री थाना क्षेत्र के पुष्प पल्लव कॉलोनी में एक 42 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका योगेश्वरी सोनी का शव रसोईघर में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। पति अजय सोनी ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे जब वह उठा तब पत्नी को नहीं पाया। इधर-उधर खोजने के बाद वह किचन की तरफ बढ़ा जिसका कमरा बंद था, खिडक़ी से उसने झांककर देखा तो पत्नी फांसी के फंदे पर झूल रही थी। सूचना बाद सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस ने मृतका के पास से एक सुसाईड नोट भी बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि मृतका अपने परिजनों के साथ रहकर भी अकेलेपन का जीवन जी रही थी। उसका एक 10 साल का पुत्र है जो दिव्यांग है।

परिजनों के कारण वह काफी प्रताड़ित बताई जा रही है।

अपने बेटे की तबियत को लेकर वह काफी चिंतित रहा करती थी और सुसाइड नोट में भगवान कृष्ण से विनती करते हुए लिखती है कि यदि उसकी मौत से उसके बच्चे का जीवन संवर सकता है तो भगवान ऐसा करें।

उसने सुसाइड नोट में अपने अकेलेपन का भी जिक्र किया है। हालांकि पुलिस ने सुसाइड नोट में उल्लेखित बातों की जानकारी साझा नहीं की है लेकिन पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह काफी तनावग्रस्त जीवन जी रही थी।

### परिजनों ने लगाया प्रताडऩा का आरोप

मृतका योगेश्वरी सोनी के भाई नेहरूलाल सोनी ने एक आवेदन दर्री पुलिस को देते हुए बताया कि उसके पति अजय सोनी के द्वारा विवाह वर्ष 2011 के कुछ महिने बाद से ही प्रताडऩा दी जा रही थी। आधी रात को घर से बाहर निकाल देता था। पड़ोसी द्वारा थाना में सूचना देने पर घर में जाने देता था। 7 सितंबर को अजय सोनी व उसकी मां, बड़े भाई की बेटी अंकिता के द्वारा योगेश्वरी के पुत्र प्रतीक को खोखरा जिला जांजगीर-चाम्पा में संचालित एनजीओ में छोडक़र लौट आए थे। नेहरूलाल ने संदेह जताया है कि आधी रात को योगेश्वरी को सास विमला सोनी, अंकिता व अजय के द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाया गया जिससे खुदकुशी कर लिया है।

### कोरबा विधानसभा के 250 कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**कोरबा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा क्षेत्र के 250 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति पर भरोसा करते हुए आज भाजपा में प्रवेश किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पंडित दीनदयाल कुंज में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी लखनलाल देवांगन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह के द्वारा इन सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा का गमछा पहनकर पार्टी में प्रवेश कराया गया।

जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिक निगम में चयनित पार्षदों की बैठक भी हुई। छाया पार्षद भी इस बैठक में शामिल हुए। इन सबकी उपस्थिति में 250 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा में प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर लखनलाल देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा आम जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं इन 9 वर्षों के कार्यकाल में प्रारंभ की गई है। इन योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन देश भर में किया जा रहा है और छत्तीसगढ़ की जनता,कोरबा विधानसभा की जनता को भी प्रधानमंत्री की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर अशोक चावलानी, भोजराम राजवाड़े, नवीन पटेल, तुलसी ठाकुर, रमेश पोद्दार, विकास अग्रवाल, प्रफुल्ल तिवारी, आलोक सिंह, अजय विश्वकर्मा, शिव बालक तोमर, ईश्वर चन्द्रा,उमा भारती सराफ, मंजू सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### जन्माष्मी पर मैदान में जुआ पर दांव, 5 गिरफ्तार

#### फड़ से बरामद हुए 60 हजार रुपए

**कोरबा-उरगा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में काफी दिनों के बाद जुआ का बड़ा मामला पकड़ में आया है। जन्माष्टमी के दिन उरगा थाना अंतर्गत ग्राम बरपाली में संचालित निजी स्कूल के सामने मैदान में कुछ लोग हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। इसकी सूचना पर पुलिस ने यहां दबिश दी। मौके से राहुल अग्रवाल पिता राजकुमार 32 वर्ष, मनीष अग्रवाल पिता पवन 36 वर्ष, पुष्पराज यादव पिता गेंदूराम 40 वर्ष, विनय अग्रवाल पिता विजय 36 वर्ष व रामकुमार यादव पिता कृपाराम 35 वर्ष सभी निवासी बरपाली को ताश के साथ दबोचा गया। राहुल अग्रवाल के पास से कुल 34 हजार रुपए बरामद किए गए। मनीष अग्रवाल से 11 हजार 500 रुपए, पुष्पराज से 2500 रुपए, विनय अग्रवाल से 9 हजार रुपए व रामकुमार यादव से कुल 3 हजार रुपए बरामद कर जप्त किए गए। सभी के विरूद्ध जुआ अधिनियम की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### प्री-मेडिकल एवं प्री-इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, 10 सितम्बर को प्राक्कयन

**कोरबा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत प्री. मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों का प्राक्कयन परीक्षा 10 सितंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक रायपुर के सड्डू, उरकुरा मार्ग स्थित प्रयास बालक आवासीय विद्यालय में आयोजित किया गया है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्री. मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों से जिला स्तर पर आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिलों से परीक्षण उपरांत पात्र पाए गए अभ्यर्थियों का प्राक्कयन परीक्षा 10 सितंबर को आयोजित किया गया है। सहायक आयुक्त ने जिले के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे विभागीय वेबसाईट के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही अभ्यर्थियों से प्रवेश पत्र में अपना रोल नंबर, स्वयं सत्यापित फोटो तथा संपूर्ण विवरण भरकर परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिले में अब तक 800.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कोरबा,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में 1 जून से अब तक 800.7 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 07 सितंबर तक औसत वर्षा 980.7 मिमी हुई है। बीते 24 घंटों में 17.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 818.6 मिमी, भैंसमा में 880.0 मिमी, करतला में 839.4 मिमी, कटघोरा में 880.4 मिमी, दर्री में 911.0 मिमी, पाली में 690.2 मिमी, हरदीबाजार में 651.2 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 779.2 मिमी एवं पसान में 756.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा दर्री तहसील में दर्ज की गई है।

### जीपीएफ ऋणात्मक शेष के निपटारा हेतु तीन दिवसीय शिविर 13 से

कोरबा, 08 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिला के अंतर्गत विभिन्न शासकीय कर्मचारियों के जीपीएफ में प्रदर्शित होने वाले ऋणात्मक शेष के निराकरण हेतु महालेखाकार रायपुर से 13 ,14 ,15 सितंबर को तीन दिवसीय शिविर का आयोजन जिला कोषालय कोरबा में किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पीआर महादेवा ने बताया कि जिन कर्मचारियों का ऋणात्मक शेष प्रदर्शित हो रहा है, उनके पासबुक एवं अन्य संबंधित दस्तावेज सहित शिविर में उपस्थित होने हेतु समस्त आहरण अधिकारियों को सूचित किया गया है। विशेषकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी-उपरोड़ा, विकासखंड शिक्षा आधिकारी करतला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा के ज्यादा प्रकरण है। समस्त डीडीओ को सूचित करने के साथ-साथ यह निर्देशित किया गया है कि संबंधित अभिदाता को भी शिविर में अनिवार्यता उपस्थित करने हेतु सूचित करें। ऋणात्मक शेष वाले अभिदाताओं की सूची समस्त संबंधित आहरण अधिकारियों को प्रेषित की गई है।

## सार-संक्षेप

### सीमा चेकिंग के दौरान कार में रखे चालीस लाख रुपए जब्त



**मनेन्द्रगढ़** 08 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के झगराखाण्ड थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बोरी में रखे 40लाख जब्त किए हैं। सरगुजा रेंज में मध्यप्रदेश से अवैध शराब परिवहन, अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीले इंजेक्शन एवं अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने थाना व चौकी को अंतरराज्यीय सीमा चेकिंग करने के निर्देश दिये गये है, पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर - सद्धार्थ तिवारी द्वारा नाकाबंदी कर सियाज कार क्रमांक सी जी04 एन वाय 0880 को घुटरी टोला चेक पोस्ट में पकड़ा गया। कार के पीछे की सीट में प्लास्टिक बोरी में 40,00000/- रूपये ( चालिस लाख रूपये) बरामद कर अभिषेक गोयल पिता घनश्याम दास गोयल उम्र 41 वर्ष निवासी भैयाथान रोड, वार्ड नं 06, सूरजपुर थाना सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) को हिरासत में लिया गया है।

### साधुराम विद्या मंदिर में धूमधाम से मना जन्माष्टमी




**सूरजपुर** 08 सितंबर (देशबन्धु)। साधुराम विद्या मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव विद्यालय परिसर में धूम-धाम से मनाया गया ।भगवान कृष्णा जी की पूजा अर्चना एवं आरती कर जन्माष्टमी के महत्व को बताया गया । प्री प्राइमरी और प्राइमरी के छोटे-छोटे बच्चे कृष्ण एवं राधा के पोशाक पहने काफी खुश नजर आए । इस अवसर पर मटकी फोड़ भी कराया गया जिसको लेकर बच्चे काफी उत्साहित रहे। स्कूल प्रांगण में मटकी फोड़ हाउस वाइज कराया गया था । सभी बच्चे अपने-अपने हाउस को जीतने के लिए प्रोत्साहित रहे। बालक वर्ग में जल हाउस को प्रथम,आकाश हाउस को द्वितीय एवं पृथ्वी हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । वहीं बालिका वर्ग में अग्नि,जल एवं पृथ्वी को क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।

दूसरी और वर्ल्ड चैरिटी डे के अवसर पर प्री प्राइमरी के बच्चों ने नगर के प्रसिद्ध देवीपुर महामाया मंदिर में जाकर गरीबों को फल, बिस्किट तथा अन्य सामग्री प्रदान किया। नगर के प्रसिद्ध उद्यमी पी आर ए परिवार ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल कायम किया है । गरीब एवं बेसहारा लोग साधुराम विद्या मंदिर के छोटे-छोटे बच्चों के हाथों फल आदि प्राप्त कर काफी खुश हुए । उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया । बच्चों के साथ उपस्थित शिक्षकों ने उन्हें प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया ।

### जिले को मिली नई वेटनरी मोबाइल यूनिट की सौगात



**सूरजपुर** 08 सितंबर (देशबन्धु)। पशुधन विकास विभाग के द्वारा सभी 06 विकासखण्ड़ों में अब प्रत्येक गौठान, ग्राम में पशुधन, पशुपालकों को विभागीय पशु चिकित्सा सेवायें एवं योजनाओं का लाभ उनके ग्राम तक मोबाईल वेटनरी यूनिट एवं काल सेन्टर 1962 हेल्प लाईन नम्बर का संचालन किया जाना है। जिसका उद्घाटन आज सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रेमनगर विधायक खेलसाय सिंह, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. नरेन्द्र सिंह एवं अन्य पदाधिकारीगण की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर 06 विकासखण्ड़ों हेतु 06 वाहनों को रवाना किया गया। इस योजना के तहत विकासखण्ड़ स्तर पर मोबाईल वेटनरी यूनिट वाहन अपने निर्धारित गौठान, ग्राम भ्रमण रोस्टर अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन एवं पशुपालकों को पशु चिकित्सा सेवायें प्रदान करेगी।

मोबाईल वेटनरी यूनिट वाहन विकासखण्ड़ स्तरीय कार्यालय में स्टेशन रहेगा। मोबाईल वेटनरी यूनिट का संचालन का निर्धारित समय सामान्यत: प्रात: 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मोबाईल वेटनरी यूनिट द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस पर 02 गौठान, ग्राम में भ्रमण कर कैम्प आयोजित कर पशुओं का उपचार, टीकाकरण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, कृमिनाशक दवा वितरण, रोग जांच, विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार (वाहन में लगे ऑडियो विजुअल एड द्वारा) इत्यादि कार्यों का नि:शुल्क सम्पादन किया जायेगा।

### मनेन्द्रगढ़ सीट में चिरमिरी का नाम जोड़ने की मांग

**चिरमिरी** 08 सितंबर (देशबन्धु)। मनेंद्रगढ़ विधानसभा में चिरमिरी का नाम जोड़े जाने को लेकर अब सरगर्मियां बढ़ गई हैं।



लोगों ने कहा कि ऐतिहासिक कोयला नगरी चिरमिरी के साथ राजनैतिक आकाओं ने उपेक्षा के साथ साथ शासन-प्रशासन द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। एक बड़े आबादी वाले जिले में सबसे ज्यादा मतदाता है। जिला मुख्यालय बनाओ संघर्ष समिति द्वारा 182 दिनों तक क्रमिक भूख हड़ताल कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। इस आंदोलन को समाप्त करा दिया गया। संघर्ष समिति ने कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। कोयला नगरी के रूप में जाने जाने वाले चिरमिरी को राजनीतिक रुप से भी विशिष्ट पहचान मिल सके इसके साथ ही बताया जाता है कि चिरमिरी संघर्ष समिति व व्यापार संघ तथा अन्य संगठनों द्वारा आने वाले समय पर मनेंद्रगढ़ विधानसभा का नाम मनेंद्रगढ़ चिरमिरी किए जाने की मांग को लेकर शासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा वही जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ राजनीतिक दलों से इस विषय में उनकी स्पष्ट मंशा बताए जाने को लेकर भी मांग की बात सामने आ सकती है।

# संभागायुक्त शिखा राजपूत ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**अम्बिकापुर** 08 सितंबर (देशबन्धु)। सरगुजा संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी द्वारा शुक्रवार को संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन एवं अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, क्रेडा, जोनल कार्यालय अम्बिकापुर के अधीक्षण अभियंता तथा संभाग के 6 जिलों के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता उपस्थित रहे।

संभागायुक्त श्रीमती शिखा ने संभाग में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुये अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलों में एफएचटीसी के कार्यादेश के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जन की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए तत्काल कार्यादेश जारी करें। उन्होंने समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में



पूर्ण करने और प्रगतिरत कार्यों में गुणवत्ता बरकरार रखते हुये गति लाने हेतु सभी कार्यपालन अभियंताओं को कड़ाई से कार्य करने कहा। संभागायुक्त ने क्रेडा विभाग से फेस-1 एवं फेस-2 में आवंटित सोलर पंपों की स्थापना पर जानकारी ली और जिन स्थानों पर सोलर पंप स्थापना का कार्य शेष है, उसे क्रेडा एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आपस में समन्वय कर कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

### लाइवलीहुड कॉलेज साक्षरता रैली का किया गया आयोजन

**अम्बिकापुर,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर लाइवलीहुड कॉलेज, अम्बिकापुर में साक्षरता रैली एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाषण, निबंध, पोस्टर निर्माण, रंगोली, गीत , संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेहंदी प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों भाग लिया। डायरेक्टर राजेश सिंह राणा, विशेष सचिव मुख्यमंत्री डॉ एस भारतीदासन सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# एम्बुलेंस नहीं मिलने पर शव को कंधे पर ले जाने की खबर का सीएमएचओ ने किया खंडन

### अस्पताल ले जाते रास्ते में हुई महिला की मौत का मामला, परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोपी

**अम्बिकापुर** 08 सितंबर (देशबन्धु)। समाचार एवं सोशल मीडिया में चल रही खबर ग्राम पंचायत पूटा के ग्राम गोरैयाडोल में शव को कंधे में परिजन द्वारा लेकर जाने एवं एम्बुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं होने के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने लापरवाही की बात का खण्डन किया है। उन्होंने बताया कि समाचार माध्यमों के जरिए उक्त जानकारी मिलते ही इस संबंध में जांच हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारी उदयपुर, खण्ड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी, मलेरिया तकनीकी सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी व उस क्षेत्र के मितानिन प्रशिक्षक से संपर्क किया गया एवं विस्तृत रिपोर्ट देने निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त टीम संयुक्त रूप से ग्रामीणों से मिली और



जानकारी एकत्रित की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका श्रीमती शांति प्रजापति पहले से ही ब्लड कैंसर से पीड़ित थी। मृत्यु के पूर्व वे अपनी बड़ी बहन के घर ग्राम अड़ची, पोस्ट दरिमा अम्बिकापुर गई थी जहां अचानक तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था। इस दौरान रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। तत्पश्चात् मृतिका के परिजन ने स्वयं उनके शव को गृह ग्राम गोरैयाडोल, पंचायत पुटा विकासखण्ड उदयपुर लाने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा अस्पताल ले जाने हेतु एम्बुलेंस अथवा मृत्यु पश्चात शव पहुंचाने के लिए शव वाहन को सूचित नहीं किया गया। संबंधित पंचायत सरपंच एवं परिजनों ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि गोरैयाडोल ग्राम, पुटा पंचायत से 04 किमी दूर है एवं गांव के बीच में नाला बहता है। यहां आवागमन मार्ग बाधित होने के कारण मृतिका के परिजनों के द्वारा महिला के शव को उठाकर गांव लाया गया। उनके द्वारा किसी तरह की मदद हेतु स्वास्थ्य विभाग से संपर्क नहीं किया गया। जिस कारण सीएमएचओ ने उक्त घटना को एम्बुलेंस नहीं मिलने से हुई प्रसारित करने पर समाचार का खण्डन किया है।

# साक्षरता के माध्यम से बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं-कलेक्टर

**एमसीबी** 08 सितंबर (देशबन्धु)। अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिनिधित्व में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा ने कहा की साक्षरता वह शक्ति है, जिससे हम बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। शिक्षा हमारे जीवन में बदलाव लाती है तथा इसकी गुणवत्ता के लिए यह आवश्यक है कि शिक्षकों के साथ पालक भी बच्चों की शिक्षा में योगदान दें। अशिक्षित पालकों को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे अपने परिवार के सदस्यों को शिक्षित कर सकें। साक्षरता के लिए व्यक्तिगत रूचि और सामूहिक प्रयासों की बड़ी आवश्यकता है। जनजागरूकता रैली झगराखाण्ड रोड से नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जीचौक पर नशा उन्मूलन के संबंध में नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने कहा कि आज के युग में हस्ताक्षर कर लेना या जोड़-घटाना करलेना साधारण शिक्षा है हमें समय की मांग के अनुसार डिजिटल दुनिया के क्रांतिकारी परिवर्तन के साथ शिक्षित होना है तथा अशिक्षित लोगों को शिक्षित करना होगा और यह सिर्फ हमारे शहर के बच्चे ही नही बल्कि पूरे भारत वर्ष के व्यक्तियों को जागरूक करने की जरुरत है। क्योंकि आजकल प्रत्येक आर्थिक गतिविधियां ऑनलाईन बैकिंग भुगतान, रेल्वे के टिकिट, सब कुछ ऑनलाईन माध्यम से हो रहा है। उन्होंने इस बदलते समय में कहा की सभी छात्र-छात्राओं को बैकिंग व्यवस्था की जानकारी, खाते के प्रकार, उनका परिचालन, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड की जानकारी आदि होनी चाहिए। ऑनलाईन फ्रॉड भी बहुत होते है अत: हमें फ्रॉड से बचने के लिए पासवर्ड किसी को नही बताना चाहिए तथा साइबर जागरूकता पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।




# नोडल अधिकारियों का चुनावी प्रशिक्षण 11 से

**अम्बिकापुर,** 08 सितंबर (देशबन्धु)। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ई-रोल, पोस्टल बैलट, ईईएम, एमसीसी, डीईएमपी, व्हीएम के जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों तथा जिले के इलेक्शन सुपरवाइजर एवं असिस्टेंट सुपरवाइजर का प्रशिक्षण का 11 से 19 सितंबर 2023 तक आयोजन प्रात: 10:00 बजे से शाम 06:30 बजे तक न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाईन रायपुर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित है। प्रशिक्षण में 12 सितंबर को ईव्हीएम नोडल अधिकारी एसडीएम धौरपुर श्री आरएस ठाकुर, 13 सितंबर को ई-रोल और पोस्टल बैलट के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री जेआर शतरंज व श्री फागेश सिन्हा शामिल होंगे। इसी प्रकार 15 सितम्बर को एमसीसी, ईईएम, एमसीएमसी और कंपलेंट मॉनिटरिंग हेतु अपर कलेक्टर श्री टेकचन्द्र अग्रवाल, जिला कोषालय अधिकारी श्री अनिल सिन्हा,जिला जनसंपर्क अधिकारी सुश्री संगीता लकड़ा, जिला रोजगार अधिकारी श्री ललित पटेल, 16 सितंबर को डीईएमपी व पोलिग पार्टी हेतु प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणीपुर नोडल डेम्प संलग्न जिला निर्वाचन कार्यालय श्री एलपी गुप्ता व समाज कल्याण के उप संचालक श्री डीके राय तथा 19 सितंबर को ईईएम हेतु निवार्चन पर्यवेक्षक श्री राजेश सोनी व जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक ग्रेड-03 श्री मेघराज शामिल होंगे। इसी प्रकार जिला स्तरीय मास्टर टेनर्स का प्रशिक्षण 11 से 16 सितंबर 2023 तक आयोजित है, राजमोहिनी देवी कन्या कॉलेज के सहायक प्राध्यापक श्री अखिलेश द्विवेदी और राजीव गांधी पीजी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक श्री अजय पाल सिंह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु राजीव गांधी पीजी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक श्री संजीव लकड़ा आदि शामिल होंगे।

# रैली निकालकर दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ संदेश




**कोरिया** 08 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में लड़कियों के प्रति सदियों पुरानी सोच और परम्परा को दूर करने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया जा रहा है ताकि लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य में बेहतर सुधार, भ्रुण हत्या को रोकना, शिक्षा का सामान अधिकार मिले, बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सही/गलत के बारे में जानकारी देना, उनको प्रेरित व सशक्त बनाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षा के साथ बालिकाओं को अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाने एवं उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना भी इस योजना का लक्ष्य है। इसी कड़ी में आज कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत शिक्षा विभाग के समन्वय से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय के द्वारा रैली निकालकर बेटियों के प्रति सकारात्मक सन्देश दिया गया साथ ही रथ के माध्यम से बाल फ़िल्म भी दिखाया गया।

स्वामी आत्मानन्द विद्यालय, शासकीय कन्या विद्यालय, शासकीय हाईस्कूल के बच्चों के द्वारा रंगोली, निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा संवाद कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में अनुविभागीय दंडाधिकारी, जनपद सीईओ, जिला कार्यक्रम परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, बालगृह, बाल संरक्षण की टीम के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### शिक्षा का अलख जगाने निकली रैली

**कोरिया** 08 सितंबर (देशबन्धु)। साक्षरता किसी भी देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है। देश के जितने ज्यादा नागरिक साक्षर होंगे, देश उतनी ही उन्नति कर सकता है। साक्षरता के इसी महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिले में 1 से 7 सितंबर तक आंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह मनाया गया। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री विनय कुमार लंगेह के मागदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार चतुर्वेदी एवं सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया के नेतृव्य में संस्थाओं में प्रात: प्रभात फेरी, साक्षरता रैली, साइकिल रैली का आयोजन कर शिक्षा का अलख जगाया गया।

# मटका फोड़ प्रतियोगिता में बजरंग दल महंगावा ने मारी बाजी

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर श्याम व राधेकृष्ण के भजनों पर झूमे दर्शक

**सूरजपुर** 08 सितंबर (देशबन्धु)। श्री कृष्ण जन्मोत्सव आयोजन समिति व मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार सूरजपुर के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शहर के हृदय स्थल अग्रसेन चौक के समीप में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जिला स्तरीय मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से मंचासीन रहे जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष व प्रेमनगर भाजपा



प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी, अध्यक्ष अग्रवाल सभा सूरजपुर अमृतलाल अग्रवाल, मुख्य संरक्षक आयोजन समिति पवन अग्रवाल( बीपीए ग्रुप), भाजपा जिला महामंत्री राजेश महलवाला, अनुविभागीय दंडाधिकारी रवि सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( विशेष शाखा) राम श्रृंगार यादव, डीएसपी श्रीमती इस्निग्धा सलामे, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल, एल्डरमैन राहुल अग्रवाल, मनोज डालमिया, राजेश तायल, सीए हिमांशु तायल, कालीचरण अग्रवाल, पत्रकार मुकेश गर्ग, कौशलेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ.इस प्रतियोगिता में बजरंग दल महंगाव ने 46 सेकंड में मटका फोड़ कर प्रथम स्थान हासिल कर 11000 नगद व ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं बजरंग दल मंहगांवा इलेवन खालपारा ने 50 सेकंड में मटकी तोड़ कर द्वितीय पुरस्कार 5100 नगद व ट्राफी तथा बजरंग दल सूरजपुर ने 53 सेकंड में व चिंटू ग्रुप चिरमिरी के द्वारा 54 सेकंड में हांडी फोड़ कर सयुंक्त रूप से तृतीय पुरस्कार 3100 नगद व ट्राफी अपने नाम किया। वही अन्य सभी टीमों को भी प्रतिभागी सहभागिता सेवा सम्मान सांतवना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।इस दौरान आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रही युवाओं की टीम भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल, प्यारे साहू, तुषार ठाकुर, शैलेंद्र विश्वास, महेंद्र साहू, पंकज सोनी, रंजन सोनी, शिवम साहू सहित काफी संख्या में उत्साही युवाओं की टीम आयोजन को सफल बनाने सक्रिय रही ।कार्यक्रम को सफल बनाने में इनकी रही अहम भूमिका पावन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पवन गर्ग, पवन अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, विकास अग्रवाल, पंकज चौबे, राजेश मित्तल, कैलासू अग्रवाल, बंटी जिंदिया, सौरभ जिंदिया, प्रवीण अग्रवाल, रौनक जैन, युवराज अग्रवाल, राजेश डालमिया, दीपक गोयल, मुकेश अग्रवाल, रजनीश गर्ग, नलिन जिंदल, घनश्याम अग्रवाल, आकाश तायल, कमल डालमिया, विजय साहू सहित काफी संख्या में मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार के सदस्यगण सक्रीय रहे.

### खिचड़ी प्रसाद का हुआ वितरण

जिला स्तरीय मटका फोड़ प्रतियोगिता के दौरान मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार आयोजन समिति के द्वारा श्री कृष्ण जी को भोग लगा कर उक्त आयोजन में भाग लेने जिले भर से आए प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ-साथ दही हंडी देखने हजारो की संख्या में पहुंचे सभी दर्शकों के लिए खिचड़ी भोग प्रसाद की व्यवस्था की गई ।

### गौ सेवकों को सेवा सम्मान

जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन सड़क दुर्घटना में घायल होने वाली गौ माता या दुर्घटना में मृत हो जाने पर सूचना प्राप्त होते ही निस्वार्थ भाव से निशुल्क सेवा के लिए सदैव 24 घंटे तत्पर रहने वाले ऐसे नवयुवक गौ सेवकों को आयोजन समिति के संरक्षक पवन अग्रवाल( बीपीए ग्रुप) के हाथो गौ सेवा सम्मान स्मृति चिन्ह व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया. जिसमे पुष्पेंद्र अग्रहरी, प्रदीप राजवाड़े, आमिर खान, जयराज चटर्जी, रोहित कसेरा, अनुज साहू का नाम शामिल है.

## सार-संक्षेप

### सक्ती में धूमधाम से मनाया जाएगा स्थापना महोत्सव

**सक्ती** 08 सितंबर (देशबन्धु)। जिले की प्रथम कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में नवगठित सक्ती जिले की स्थापना को एक साल पूरा होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय सक्ती के निकट स्थित मैदान में 11 सितंबर को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने नवीन सक्ती जिले के प्रथम वर्षगाठ समारोह का भव्य आयोजन करने मंच एवं स्टॉल व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं



ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को, साज सज्जा और गुब्बारे की व्यवस्था के लिए उद्यानिकी विभाग तथा जिला उद्योग एवं व्यपार केन्द्र सक्ती को, बैठक व्यवस्था के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के मार्गदर्शन में तहसीलदार और नायब तहसीलदार को, विद्युत व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग सक्ती को, रंगोली के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को, जिले के विभिन्न विभाग अंतर्गत जिला गठन से अब तक 1 वर्ष की अवधि में विभागो की विशेष उपलब्धियों की प्रदर्शनी के लिए कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुधन विकास, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभाग को, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से समन्वय कर प्रस्तुतिकरण तथा सम्मान समारोह के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती को, ध्वनि विस्तारक यंत्र के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, विद्युत-यांत्रिकी को, पेयजल की व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को, सत्कार व्यवस्था के लिए खनिज विभाग व आबकारी विभाग को, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि स्वीकृति आदेश वितरण की समुचित व्यवस्था के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सक्ती सहित अन्य विविध आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों को व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### दही हांडी प्रतियोगिता में सितारा इलेवन के ग्वालों ने मारी बाजी



**खरसिया** 08 सितंबर (देशबन्धु)। टॉउन हॉल मैदान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद(बजरंगदल) प्रखंड खरसिया के द्वारा 7 सितंबर को भव्य दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। सितारा इलेवन खरसिया के ग्वालों ने मटकी फोड़ के 11 हजार का नगद पुरुष्कार जीता। आयोजन समिति के द्वारा अन्य 7 टीमो को भी सांत्वना पुरस्कार के रूप में 11 सौ का नगद पुरुस्कार दिया।

विश्व हिन्दू परिषद खरसिया(बजरंगदल) के द्वारा विहिप के स्थापना दिवस के अवसर पर दही हांडी एवं कृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम आरती वैष्णव एवं अध्यक्ष विजय जायसवाल ने प्रथम पुरुष्कार एवं सान्त्वना पुरुष्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग,पूर्व पार्षद डॉ श्रवण श्रीवानी,पूर्व पार्षद बंटी सोनी,मनोज अग्रवाल श्राम सखा मंडल,राकेश केशरवानी गौ सेवक,अंकित अग्रवाल हेल्पिंग हैंड क्लब,संजय शर्मा,सहित भारी संख्या में कृष्ण भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विहिप खरसिया के अध्यक्ष भूपेन्द्र किशोर वैष्णव, मंत्री सोनू पार्षद, संयोजक गोपाल गिरी गोस्वामी, सत्संग प्रमुख नीलेश अग्रवाल,सह मंत्री सुमित शर्मा एवँ खण्ड प्रमुख धर्मेंद्र गबेल,गजाधर चौहान,जय प्रकाश श्रीवास,महेश राठौर सहित सभी धर्म प्रेमियों का विशेष योगदान रहा।

### नजूल रिकॉर्ड अपडेट नहीं से होने से आम लोगों को रही परेशानी

**सारंगढ** 08 सितंबर (देशबन्धु)। कोरोनाकाल से पूर्व से नजूल रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने की समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है ज्ञात हो कि सारंगढ में पूर्व में सर्वे व पुराने रजिस्ट्री बयनामा इत्यादि के आधार पर नजूल का नामांतरण इत्यादि की प्रक्रिया जारी थी परंतु यह प्रक्रिया कोरोनाकाल के ठीक पहले से बंद हो गई क्योंकि सारंगढ के समस्त नजूल रिकॉर्ड नजूलशीट नहीं होने का कारण बताते हुए रायगढ मुख्यालय में जमा करवा दिया गया था जिससे इसकी समस्त प्रक्रियाओं पर रोक लग गई तथा नागरिकों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए विधायक उत्तरी जांगडे ने स मामले को विधानसभा में उठाया था जिस पर नजूल रिकॉर्ड अपडेट करने का सिंगल प्रोजेक्ट सारंगढ के लिए पास हुआ था तथा पहले ड्रोन सर्वे और बाद में स्पाट सर्वे हुआ था जो राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग समाप्त हो गया है परन्तु इस समस्या से आज तक क्षेत्र के नागरिकों को निजात नहीं मिली है और उन्हें प्रधानमंत्री आवास इत्यादि कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है वहीं इस नजूल क्षेत्र के कई 152त्न प्रब्याजी दर पर भूखण्ड आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर एडवांस राशि जमा करनेवाले नागरिकों को भी आज तक भू अधिकार पत्र नहीं मिला है।

### न्यायालयों व संबंधित कार्यालयों में लोक अदालत आज

**सारंगढ़** 08 सितंबर (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पूरे देश में इस वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, प्रदेश के सभी जिला न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत खंडपीठ द्वारा समझौता योग्य मामलों का आपसी समझौता और राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रकरण की सुनवाई के दौरान पक्षकार और आवेदनकर्ता न्यायालय में उपस्थित हो सकते हैं या फिर जरूरी कार्य के कारण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, तो वे वकील के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ सकते हैं और अपनी सहमति दे सकते हैं। उनकी सहमति के आधार पर खंडपीठ द्वारा प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।ें बैंक, बिजली, टेलीफोन आदि के वसूली प्रकरण, दुर्घटना, शमनीय अपराध आदि प्रकरण पर सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट सहित देशभर के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या को कम करने और जनता की सहूलियत के लिए कई वर्षों से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता रहा है। आगामी 09 दिसंबर 2023 को चौथा राष्ट्रीय लोक अदालत होगा।

# 16 घंटे बाद नीतीश तिवारी का शव बरामद

**हसदेव बांगो नहर में नहाने के दौरान डूब गया था नाबालिग**



**जांजगीर**, 08 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के हसदेव बांगो नहर में कल शाम अपने दोस्तों के साथ नहाने आया नाबालिग नहर के तेज बहाव में बह गया था। घटना के बाद से ही नाबालिग को तलाशने में दे एसडीआरएफ और पुलिस की टीम जुटी हुई थी। जहां घटना के 16 घंटे बाद नीतीश तिवारी के शव बरामद कर लिया गया है। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। ये हादसा जांजगीर स्थित बड़े नहर में आईबी रेस्ट के हाउस के पास हुआ था। जानकारी के अनुसार, नवागढ़ के बड़े नहर में ही तीन दोस्त नहाने गए हुए थे। 2 में दोस्त नहर के ऊपर खड़े थे और म तभी 14 वर्षीय नितीश तिवारी टे बाजार पारा जांजगीर निवासी नहाने द के लिए पानी में उतर गया। नहाते व वक्त पैर फिसलने से नितीश तिवारी पानी



के तेज बहाव में बह गया। नहर में बहते हुए साथी को बचाने के लिए उसके एक दोस्त ने प्रयास किया लेकिन बहाव के कारण उसे सफलता नहीं मिली और मदद के लिए गुहार लगाने लगा। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोगों ने तलाश शुरू कर दी। वहीं पुलिस की टीम ने नाबालिग की तलाश के लिए गोताखोर को भी बुलाया था। घटना के बाद से सिटी कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार 2 नाबालिग को तलाशने में जुटी हुई थी। उनके प्रयास से सुबह 8 बजे 16 घंटे बाद नीतीश तिवारी का शव धुरकोट भैसदा पुल माइनर के पास मिला है। पुलिस ने शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक नितीश तिवारी स्वामी आत्मानंद स्कूल जांजगीर की कक्षा आठवीं में पढ़ रहा था।

## कलेक्टर ने की खनिज न्यास निधि से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा

### निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश



**जांजगीर**, 08 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला खनिज न्यास से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने डीएमएफ मद से स्वीकृत हुए कार्यों की विभागवार समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने खनिज न्यास मद के तहत 3 वित्तीय वर्षों 2016-17, 2017-18, 2018-19 में स्वीकृत विभिन्न कार्यो की प्रगति, प्रशासकीय स्वीकृति एवं प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ के तहत 2016-17,



2017-18, 2018-19 के तीन वित्तीय वर्षों में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और पूर्ण हो चुके कार्यों का 15 सितंबर तक यूसी-सीसी जारी करने के निर्देश विभाग प्रमुखों को दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस मद से स्वीकृत जो कार्य अब तक शुरू नहीं हो सके हैं, उनका निरस्तीकरण के लिए सूची बनाकर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इसके साथ ही अधिकारी अपने विभाग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि जो काम पूर्ण हो चुके हैं, उनकी उपयोगिता प्रमाण पत्र भी भेजा जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आर.ई.एस, आदिवासी विकास विभाग, क्रेडा, सीजीएमएससी, पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, सर्व जनपद सीईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न

जांजगीर, 08 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए स्थायी समिति की बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजसेवी बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की स्मृति में 18 सितम्बर को शहीद स्मारक प्रतिमा स्थल कचहरी चौक जांजगीर में एक दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

समारोह में कृषक संगोष्ठी, विधिक सेमीनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता आदि का आयोजन होगा। समारोह में बैरिस्टर साहब के जीवनी पर प्रदर्शनी, विभागों को शासन के योजनाओं के प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए है। किसान संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञों द्वारा किसानी के आधुनिक तकनीक, जैविक पद्धति, फसल चक्र की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार विधिक संगोष्ठी में विधि विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों और अन्य प्रसिद्ध कलाकारों के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में समिति के सदस्यों के महत्वपूर्ण सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में सांसद गुहाराम अजगल्ले, विधायक अकलतरा सौरभ सिंह, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य हरप्रसाद साहू, कृषि उपज मंडी नैला अध्यक्ष व्यास नारायण कश्यप, दिनेश शर्मा, बैरिस्ट अकादमी अध्यक्ष देवेश सिंह,रफीक सिद्दिकी, डॉ परस शर्मा, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनील सोनी, संयुक्त कलेक्टर डॉ आराध्या राहुल कुमार, सतीश सिंह सहित स्थायी समिति के सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### वोट करेगा जन-जन की थीम पर मानव श्रृंखला आज

जांजगीर, 08 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में 9 सितम्बर 2023 को प्रातः 8 बजे स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल मैदान जांजगीर में कोसा कांसा कंचन, वोट करेगा जन-जन की थीम पर जिला स्तर पर मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा।

### जिला न्यायालय में 10 को होगा कौशल परीक्षा

जांजगीर, 08 सितम्बर (देशबन्धु)। कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर में स्टेनोग्राफर एवं सहायक ग्रेड-3 संवर्ग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 10 सितम्बर दिन रविवार को प्रातः 10.30 बजे से जिला न्यायालय जांजगीर में कौशल परीक्षा का आयोजन किया जावेगा।

### मतदान केंद्रों में टीम बनाकर किया जा रहा निरीक्षण- जिपं सीईओ

**जांजगीर**, 08 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को देखते हुए मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्था को दुरस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान मतदान केन्द्रों में रैम्प, बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय आदि के संबंध में टीम को निरीक्षण करने कहा गया है। जिपं सीईओ के निर्देश पर सभी जनपद पंचायतों की स्कूलों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

## लाईवलीहुड कालेज में 16 को होगा रोजगार मेला का आयोजन

**जांजगीर**, 08 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर चांपा द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला सह कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन 16 सितम्बर 2023 को लाईवलीहुड कालेज जांजगीर में किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के 11 नियोजक शामिल होगें तथा लगभग 1748 रिक्तियों में भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। निजी क्षेत्र के नियोजकों में डी.बी.पावर लिमिटेड बाड़ादरहा डभरा द्वारा 20 पदों पर, एक्सिस बैंक चांपा द्वारा 10 पदों पर, नव किसान बॉयो प्लांटेक बिलासपुर द्वारा 29 पदों पर, बांबे इंटेलिजेन्स सिक्युरिटी रायपुर द्वारा 100 पदों पर, न्यूट्रीन्टी क्राप केयर बिलासपुर द्वारा 47 पदों पर, फायर सेफ्टी एण्ड डिजास्टर मैनेजमेंट इन्स्टीट्यूट द्वारा 240 पदों पर,डी.एम. गट्टानी होन्डा द्वारा 04 पदों पर, वेदांता स्कील्ड स्कूल बाल्को कोरबा द्वारा 240 पदों पर, केपस्टन सर्विस लिमिटेड हैदराबाद द्वारा 575 पदों पर, टीआरव्ही इंडस्ट्रीज़ कोरबा द्वारा 280 पदों पर, आरसमेंटा सीमेंट प्लांट न्यूको विस्टा लिमिटेड द्वारा 03 पदों पर, भारतीय जीवन बीमा निगम नैला द्वारा 150 पदों पर भर्ती की कार्यवाही कि जावेगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणियक योग्यता न्यूनतम 10 वी 12 वी बीएससी कृषि उत्तीर्ण एवं पावर प्लॉन्ट हेतु शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई.इलेक्ट्रीशियन फीटर,वेल्डर, इंजीनियर हेतु बीटेक, बीई मैकनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं अनुभव निर्धारित किया गया है। वेतनमान संबधित कंपनी द्वारा अलग अलग निर्धारित किया गया है। उक्त मेले में अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले के युवा अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है एवं इस जिले के वेबसाईट का भी अवलोकन कर सकते है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मवेशियों को साथ लेकर किया प्रदर्शन

**जांजगीर**, 08 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय जांजगीर में सड़कों पर बैठे हुए मवेशियों को जांजगीर के एसडीएम कार्यालय में बांधने का प्रयास किया। जुलुस के रूप में बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता गायों को साथ लेकर चल रहे थे। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि पूरे क्षेत्र व अंचल में लगातार गौमाताएं सड़कों पर बैठी हुई है, प्रतिदिन गंभीर व जानलेवा दुर्घटनाएं घटित हो रही है, गौमाताओं की मौत हो रही है या आम जनता गौ माताओं से टकराकर घायल हो रहे है व अनेक लोगों की मौते हो रही है। उन्होंने प्रशासन को अगाह किया था कि शीघ्र ही इसका निराकरण करे व गौमाताओं को गौठान की ओर भेजा जाये। श्री चंदेल ने कहा कि गौठान विरान है, न पानी है न चारा है, न छाया की



व्यवस्था है। सभी सड़कों पर गौमाताएं बसरी हुई है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय जांजगीर नगर, चाम्पा नगर, नवागढ़ क्षेत्र, सभी तरफ सड़कों में गडढ़ों की भरमार है। नेताजी चौक जांजगीर से कचहरी चौक तक 60 लाख रूपये की लागत से पिछले 3 महिने पहले सड़क का निर्माण हुआ था, आज वह सड़क गडढ़ों में तब्दील हो गया हैं पूरे क्षेत्र व अचंल में सड़कों की स्थिति बद से बदत्तर हो गई है। अवैध षराब व नकली शराब, जहरीली शराब के सेवन से इस क्षेत्र व अंचल के 8 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इनकी मौत का जिम्मेदार कौन है। तहसील चौक के सभा के बाद जुलुस के सामने नारेबाजी करते हुए अनेक गायों को साथ लेकर भाजपा के कार्यकर्ता गेरूवा में बांध कर चल रहे थे। भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश के सरकार के खिलाफ जमकर नारे-बाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, वहां पर पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गायों को एसडीएम कार्यालय में बांधने का प्रयास किया, पुलिस बल उनकों रोकने का निरंतर प्रयास करती रही, अंत में जिलाधीश के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया जिसमें स्थानीय सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण किये जाने की मांग किया गया। आज के इस अनुठे कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, भाजपा जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा, उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, वरिष्ठ नेता राजषेखर सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति देवी सिंह, जांजगीर-नैला नगर मण्डल अध्यक्ष आषुतोश गोस्वामी, नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष जगदीश कष्यप, जांजगीर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भुवनेष्वर साहू, शिवगोपाल कष्यप, मोतीलाल डहरिया, परमेष्वर राठौर, अमर सुल्तानिया, संजीव बंजारे, निरंजन कोषले, भाजयुमों जिलाध्यक्ष मुकेष जायसवाल, नरेन्द्र कौषिक, प्रेमषंकर थवाईत, श्रीमती नंदनी राजवाड़े, श्रीमती चंद्रकांता राठौर, भाजयुमों मण्डल अध्यक्ष दिनेष राठौर, नरेन्द्र साहू, गजेन्द्र सिंह, गिरीश मोदी, महामंत्री नंदकिशोर राठौर, समर्थ सिंह आदि उपस्थित थे।

## राम जानकी मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

**जांजगीर**, 08 सितम्बर (देशबन्धु)। राम जानकी मंदिर धनेली मे कृष्णा जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया। कीर्तन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन गाकर लोगो का समा बांधे रखा कीर्तन मंडली मे शोभाराम राठौर,भईयाराम साहु, शोम चरण बरेठ, सीताराम राठौर ,गोविन्द राठौर ,रघुवीर राठौर ,एवं अन्य भक्तजनों के द्वारा कीर्तन भजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित राजेश तिवारी, बल्ला तिवारी, द्वारा भगवान को पंचामृत से नहलाकर पूजा अर्चना कि गई। मंदिर में उत्सव धुम धाम के साथ मनाया। गोपियों के रूप मे श्रृंगार करके पंखुड़ी, नन्ही और सृष्टि और कृष्णा के रूप मे वहु तिवारी को बनाया गया मंदिर में तिवारी परिवार से अरुण तिवारी, राजेश तिवारी, बल्ला तिवारी, नीरज तिवारी, पंकज तिवारी, आशुतोष तिवारी, योगेश तिवारी, प्रकाश चन्द, प्रभात चन्द, दीपक तिवारी, एवं संकल्प, प्रियांशु, छोटा एवं समस्त तिवारी परिवार और कटघोरा से आशुतोष पांडे , अनिकेत पाण्डेय के द्वारा कृष्णा जन्मास्टमी में शामिल होकर उत्साह वर्धन किया। बड़ी संख्या मे ग्रामीण महिलाएं बच्चे उपस्थित थे आरती के पश्चात् प्रसाद का वितरण भी किया गया। दीनदयाल कॉलोनी में मटका फोड़ का कार्यक्रम बहुत भव्य तरीके से मनाया गया कॉलोनी में गली-गली में मटका फोड़ का कार्यक्रम रखा गया था। अरुण तिवारी के घर के सामने भी मटका का कार्यक्रम रखा गया था। साउंड बॉक्स में नवयुवकों द्वारा झुमका पानी की बौछार के उपरांत भी लोगों ने उत्साह से मटका फोड़ कार्यक्रम को संपन्न कराया।

# डॉ. महंत ने दिया नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान का संदेश

**सक्ती** 08 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के बारव्दार में जिलास्तरीय भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर बाराद्वार में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के नेतृत्व में हजारों की संख्या में जिला भर से आए हुए महिला पुरुष कार्यकर्ताओं द्वारा हाथ में कांग्रेस का झंडा लेकर राहुल गांधी जिंदाबाद चरण दास महंत जिंदाबाद का नारा लगाते हुए प्रत्येक घरों के द्वार पर पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत ने लोगों से जनसंपर्क किया सर्वप्रथम विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत के द्वारा भगवान श्री कृष्ण बांके बिहारी श्याम बाबा मंदिर पहुंच कर माथा टेक कर भगवान से प्रदेश के सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांग कर हाथ जोड़ो पदयात्रा का शुभारंभ किया गया बाराद्वार के



मुख्य सड़कों से गुजरते हुए सद्भावना भवन पहुंचकर सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के नेतुत्व में भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत 7 सितम्बर को की गई थी जिसके तहत 4 हजार 81 किलो मीटर की यात्रा करते हुए 12 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश सहित 75 जिले और 76 लोक सभा क्षेत्रों का दौरा 136 दिन में पूरा करते हुए उनके द्वारा हर धर्म के व्यक्तियों से मिलकर धर्म एकता का संदेश देते हुए उनके द्वारा नारा दिया गया था कि नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान लेकर मैं आप सभी के बीच पहुंचा हूं ऐसा उनके द्वारा संदेश दिया गया था और आज 1 वर्ष पूर्ण होने पर हमारे द्वारा शक्ति जिला के बारव्दार में भारत जोड़ो पदयात्रा का वार्षिक कार्यक्रम किया गया है और राहुल गांधी के द्वारा दिए गए संदेश को आए हुए सभी जनमानस को बताते हुए उनके विचारधारा पर चलने की बात कही गई ।

आज के पद यात्रा में विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चंद जायसवाल, जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंग, जिला कोषाध्यक्ष नरेश गेवाडीन, उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल,पूर्व प्रदेश मुख्य संगठक कांग्रेस सेवादल गणपत चौहान, प्रदेश सचिव दिवाकर यादव,अल्प संख्यक अध्यक्ष महबूब, खान महिला जिला अध्यक्ष गीता देवांगन, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष बालेश्वर साहू ,नगर कांग्रेस सक्ती दिगम्बर चौबे, दिनेश शर्मा, सुशील अग्रवाल, सीपी अग्रवाल,जिला किसान अध्यक्ष साधेस्वर गेवल, मण्डी अध्यक्ष रूपनारायण साहु, नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा सुर्यवंशी, विधान सभा प्रभारी शकुन्तला खरे, घनश्याम पाण्डे, सरवन सिदार ,विजय कुंवर मरकाम, मेनका जायसवाल,पप्पू अग्रवाल, भुरू अग्रवाल, कन्हैया कंवर, यशवंत साहु, रविन्द्र शर्मा, दिलेश्वर राठौर, सहस राम कर्ष, मनोज जायसवाल, दीपक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल, दिनेश राठौर , पिंटु ठाकुर ,कमल शर्मा, मनीष कथुरिया ,संजय सीदार ,बंटी अग्रवाल ,डमरू अग्रवाल, धनी राम महन्त, प्यारे लाल पटेल, रथ राम पटेल, पारस यादव, रूक्र यादव, ज्योतिष गर्ग , हितेश (सोनू) द्विवेदी, छोटे लाल यादव ,बल्लू राठौर राजेश साहू, राकेश मौरे, विजय यादव ,बाबा महंत, शाश्वतधर दीवान, डीपी यादव, समारु धीरहे, देवा भारद्वाज, छोटू दास महंत ,कमल साहू, हीरा साय यादव ,उत्तम लहरे, आलोक सोनवानी सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता का पदयात्रा में शामिल हुए।

# देश विदेश

## 107 अल-शबाब लड़ाकों ने सोमाली सरकार के सामने किया आत्मसमर्पण

मोगादिशू, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। सोमालिया के आतंकवाद विरोधी केंद्र ने कहा है कि जुलाई और अगस्त के बीच लगभग 107 अल-शबाब लड़ाकों ने सरकारी सेनाओं के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नेशनल सेंटर फॉर प्रिवेंटिंग एंड काउंटरिंग वायलेंट एक्सट्रीमिज्म के निदेशक अब्दुल्लाही मोहम्मद नोर ने गुरुवार को कहा कि आतंकवादियों ने चार राज्यों हिर्शबेले, गाल्मुदुग, दक्षिण-पश्चिम और जुबालैंड राज्यों में आत्मसमर्पण किया। निदेशक ने सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में पत्रकारों से कहा, 'आत्मसमर्पण करने वालों में कट्टरपंथी बने छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं और समूह कमांडर शामिल हैं।

# शी जिनपिंग जी2 शिखर सम्मेलन में शामिल न होकर अमेरिका, भारत को कर रहे अपमानित : अमेरिकी मीडिया

**वाशिंगटन,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी मीडिया का मानना है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग नई दिल्ली में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल न होकर 'अमेरिका और भारत और उनका समर्थन करने वाली पश्चिमी ताकतों' को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिसमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ सहित 20 से अधिक वैश्विक नेता शामिल होंगे। जिनपिंग ने अपने प्रधानमंत्री ली कियांग को भेजा है। अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग ने कहा कि भले ही आगामी शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली 24/7 घरेलू कवरेज पर थी, लेकिन शी भारत और दुनियाभर में विदेशों में काफी ध्यान आकर्षित कर रहे थे, क्योंकि वह गैरहाजिर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनकी गैरहाजिरी पृथ्वी पर दो सबसे बड़े देशों के बीच संबंधों पर एक नया दृष्टिकोण पेश करती है।

कई पश्चिमी मीडिया घरानों द्वारा उद्धृत कई अज्ञात स्रोतों के अनुसार, शी का इसमें भाग न लेने का मन है। एक अनाम ब्रुसेल्स राजनयिक ने खुलासा किया था कि वह भाग




नहीं ले रहे हैं और अपने बदले प्रधानमंत्री कियांग को भेजेंगे, जिसकी अब पुष्टि हो गई है, क्योंकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घरेलू दबाव वाली व्यस्तताओं के कारण इसे छोड़ दिया है और अपने विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव को भेज रहे हैं। शी ने 23 अगस्त को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर जोहान्सबर्ग में मोदी से मुलाकात की थी। प्रसिद्ध अमेरिकी साप्ताहिक न्यूजवीक ने जी20 पर एक विशेष रिपोर्ट में कहा कि कई पश्चिमी मीडिया घरानों द्वारा उद्धृत कई अज्ञात स्रोतों के अनुसार, शी नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने का मन बना रहे हैं।

जैसा कि 9 सितंबर को जी20 शुरू हो रहा है, नई दिल्ली इसे बहुत गंभीरता से ले रही है। कार्यालय और कॉलेज बंद किए जा रहे हैं और सुरक्षा उपाय बढ़ाए जा रहे हैं, क्योंकि 23 से अधिक प्रमुख होटल

■ **चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग नई दिल्ली में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल न होकर 'अमेरिका और भारत और उनका समर्थन करने वाली पश्चिमी ताकतों' को नजरअंदाज कर रहे हैं**

कार्यक्रम के दौरान 25 से अधिक वैश्विक नेताओं की मेजबानी करेंगे। अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग ने कहा कि आयोजन स्थल, भारत मंडपम के आसपास के अधिकांश लोगों को वैश्विक नेताओं के आगमन के कारण इधर-उधर जाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है, इसका केवल एक ही मतलब हो सकता है कि भारतीय सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न देशों से अपने काफिले को कम करने के लिए कहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को वाशिंगटन डी.सी. में कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह (शी जिनपिंग) इसमें भाग लेंगे।' न्यूजवीक ने एजेंसी की रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी सरकार के अधिकारी नई दिल्ली में शी-बाइडेन बैठक की संभावनाओं को कम कर रहे हैं।

# सिंगापुर सांसद ने भारतीय मूल के मंत्री को निलंबित करने के लिए पेश किया प्रस्ताव

**सिंगापुर,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। सिंगापुर में एक विपक्षी सांसद ने भ्रष्टाचार आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) से जांच के बाद भारतीय मूल के परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन को संसद से निलंबित करने का अनुरोध करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया है। शुक्रवार को साझा किए गए एक फेसबुक पोस्ट में, विपक्षी प्रोग्रेस सिंगापुर पार्टी के हेज़ल पोआ ने कहा कि प्रस्ताव पर 19 सितंबर या उसके बाद संसद में बहस होगी। पोआ ने कहा, 'मैंने 14वीं संसद के शेष सत्र के लिए श्री एस ईश्वरन को संसद की सेवा से निलंबित करने के लिए संसद में एक प्रस्ताव पेश किया है, ताकि उन्हें सांसद भत्ता न मिल सके। प्रधानमंत्री ने ईश्वरन से सीपीआईबी जांच के दौरान कोई भी आधिकारिक कर्तव्य नहीं निभाने को कहा है।' प्रधानमंत्री ली हिसयन लूंग ने पिछले महीने संसद को बताया था कि ईश्वरन को अगली सूचना तक प्रति माह कम वेतन दिया जाएगा। चैनल न्यूज़ एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर के लोक सेवा प्रभाग के अनुसार, यह राशि एक मंत्री के मासिक वेतन 55,000 सिंगापुर डॉलर का लगभग 15 प्रतिशत है। इसके अलावा, ईश्वरन को अभी भी 192,500 सिंगापुर डॉलर का वार्षिक सांसद भत्ता प्राप्त करने की अनुमति है क्योंकि यह एक मंत्री के वेतन से अलग है और



प्रधानमंत्री के विवेक के अंतर्गत नहीं आता है।

पोआ ने कहा कि वह संसद की अगली बैठक में संसद (विशेषाधिकार, प्रतिरक्षा और शक्तियां) अधिनियम 1962 में संशोधन के लिए एक निजी सदस्य विधेयक भी पेश करेंगी। उन्होंने कहा, 'यह सुनिश्चित करेगा कि संसद के पास मंत्री ईश्वरन को भुगतान करने की शक्ति है, अगर उन्हें बाद में किसी भी गलत काम से मुक्त कर दिया जाए और अपने आधिकारिक कर्तव्यों को फिर से शुरू किया जाए। ईश्वरन के निलंबन की मांग संसद के 14वें सत्र से कुछ दिन पहले आई है, जो 18 सितंबर से शुरू हो रहा है। सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के एक सांसद, 61 वर्षीय ईश्वरन को 11 जुलाई को गिरफ्तार किया गया और जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 9 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 10**

### राशिफल

मेष - आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है। व्यापार में प्रतियोगी को पछाड़ना मुश्किल होगा। अच्छी और लाभदायक यात्रा की संभावना है।

वृषभ - उलझनपूर्ण मानसिकता के कारण महत्वपूर्ण अवसर खो सकते हैं। नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है। जिद्दी स्वभाव के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है।

मिथुन - आज आप उत्साहित और ताजगी का अनुभव कर सकेंगे। अच्छे कपड़े और आभूषण खरीदने का योग बन रहा है। स्वादिष्ट भोजन करेंगे और सगे- सम्बंधियों के साथ आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

कर्क - परिवार में लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। किसी उलझन के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ संघर्ष या विवाद होने की संभावना है।

सिंह - आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। पिता के साथ निकटता बढ़ेगी। मान- सम्मान बढ़ेगा। सरकारी कामकाज में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला - साहित्य में रुचि रखनेवाले बौद्धिक लोगों से मिलकर ज्ञान की चर्चा में समय व्यतीत होगा। नए काम की शुरुआत आप कर पाएंगे। किसी लंबे सफर पर या किसी धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है।

वृश्चिक - आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं। आपको समय से भोजन नहीं मिलने की आशंका बनी रहेगी।

धनु - आज का दिन तर्क-वितर्क के लिए अच्छा है। आप किसी भी बात का अनालिसिस अच्छे से कर सकेंगे। प्रवास, मनोरंजन, मित्रों के साथ मुलाकात, स्वादिष्ट भोजन और सुखद चीजों की खरीदारी आपको अधिक आनंदित करेगी।

मकर - व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायक होगा। आर्थिक कामकाज अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

कुंभ - आज आपको अपने स्वास्थ्य तथा संतान की चिंता परेशान करेगी। तेजी से विचार बदलने से आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी। किसी भी काम की नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। यात्रा आज स्थगित ही रखें।

मीन - आपके तन-मन में बेचैनी अनुभव होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। मां की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी। किसी काम के पूरा ना होने से आपका उत्साह ठंडा पड़ जाएगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# हांगकांग में 140 साल में सबसे ज्यादा बारिश

**हांगकांग,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। हांगकांग में लगभग 140 वर्षों में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इसके बाद बड़े पैमाने पर शहर में बाढ़ और जलभराव हो गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को सड़कों और सबवे स्टेशनों पर पानी भर गया और स्कूलों और कार्यस्थलों को बंद करना पड़ा। मौसम ब्यूरो ने कहा कि गुरुवार को शुरू हुई बारिश, लगभग 140 वर्षों में सबसे ज्यादा है। आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि 100 से अधिक लोगों को अस्पताल ले जाया गया और कई लोगों को बचाया गया। गुरुवार रात शहर में मूसलाधार बारिश से सड़कों, शॉपिंग सेंटरों और सार्वजनिक परिवहन में पानी भर गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर वीडियो में लोगों को पानी से बचने के लिए कारों और अन्य ऊंचे प्लेटफार्मों पर चढ़ते हुए देखा गया, जो कुछ क्षेत्रों में कई मीटर ऊंचा हो गया है, जिससे मेट्रो के प्रवेश द्वार अवरुद्ध हो गए हैं। हांगकांग को इसके उत्तर में कॉव्लून प्रायद्वीप से जोड़ने वाला एक प्रमुख



मार्ग क्रॉस हार्बर सुरंग जलमग्न हो गई। बारिश के कारण हांगकांग के पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन भी हुआ, जिससे कुछ राजमार्ग अवरुद्ध हो गए। शुक्रवार दोपहर तक, बारिश कुछ हद तक कम हो गई थी और अधिकारियों ने बारिश की चेतावनी को 'ब्लैक' से घटाकर 'एम्बर' चेतावनी में बदल दिया।

# ली छांग ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव से मुलाकात की

**बीजिंग,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी प्रधानमंत्री ली छांग ने जकार्ता में संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से 7 सितम्बर को मुलाकात की। ली छांग ने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय स्थिति आपस में जुड़ी और अशांत है। स्थिति जितनी गंभीर है, उतनी ही अधिक अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होने और सहयोग करने की आवश्यकता है। हमें खुले और समावेशी विकास की अवधारणा को कायम रखना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व और आवाज को ईमानदारी से बढ़ाना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग



द्वारा प्रस्तावित साझा भाग्य वाले समुदाय और बेल्ट एंड रोड पहल और अन्य पहल वैश्विक विकास और शासन के मुद्दों पर चीनी समाधान प्रदान करती है। चीन अंतरराष्ट्रीय मामलों में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए संयुक्त राष्ट्र का दृढ़ता से समर्थन करना जारी रखेगा और मानव जाति के लिए साझा भाग्य वाले समुदाय के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने को तैयार है। गुटेरेस ने कहा कि चीन अंतरराष्ट्रीय एजेंडे को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। संयुक्त राष्ट्र चीन के साथ बातचीत और सहयोग को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शासन प्रणाली के सुधार को बढ़ावा देने, विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने में मदद करने और सतत् विकास के लिए 2030 एजेंडा को साकार करने में योगदान देने के लिए इच्छुक है।

# हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार, जो बाइडेन को हरा सकती हैंः पोल

**वाशिंगटन,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। एक नए सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में उभरी हैं, जो 2024 के अमेरिकी चुनावों में राष्ट्रपति जो बाइडेन को हरा सकती हैं। रिपब्लिकन नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली एकमात्र महिला हेली ने गुरुवार को जारी सीएनएन/एसएसआरएस पोल में बाइडेन पर छह प्रतिशत अंकों की बढ़त हासिल की। हेली की टीम ने सर्वेक्षणों का स्वागत करते हुए कहा, 'यह सर्वेक्षण पुष्टि करता है कि कई डेमोक्रेट और रिपब्लिकन क्या कह रहे हैं।' हेली के प्रेस सचिव केन फर्नासो ने सीएनएन पोल का जवाब देते हुए कहा, 'व्हाइट हाउस को वापस लेने के लिए निक्की हेली हमारी सबसे अच्छी उम्मीद हैं। हमारे पास केवल एक ही मौका है। यह जीतने के लिए खेलने का समय है।' पिछले महीने के अंत में पहली रिपब्लिकन प्राथमिक बहस से बाहर निकलते हुए, हेली ने सीबीएस न्यूज़ को बताया कि वह पार्टी की 2024 की




■ **एक नए सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में उभरी हैं, जो 2024 के अमेरिकी चुनावों में राष्ट्रपति जो बाइडेन को हरा सकती हैं**

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने जा रही हैं। सीएनएन सर्वेक्षणों के अनुसार, ट्रम्प और बाइडेन के बीच संभावित दोबारा मुकाबले पर, सर्वेक्षण में शामिल 47 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे पूर्व राष्ट्रपति को चुनेंगे और 46 प्रतिशत ने कहा कि वे बाद वाले को चुनेंगे।

# किम जोंग-उन रूस जाने के लिए अलग रास्ता चुन सकते हैं : एनआईएस

**सोल,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के अनुसार, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए रूस जाने वाले हैं। इस हफ्ते



की शुरुआत में, न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट दी थी कि इस यात्रा के दौरान किम जोंग, पुतिन से यूक्रेन जंग में हथियारों की आपूर्ति पर बात करेंगे। समाचार एजेंसी योनहाप ने गुरुवार को संसदीय खुफिया समिति की बैठक के दौरान एनआईएस के एक अधिकारी के हवाले से कहा, 'जैसा कि न्यूयॉर्क टाइम्स से पता चला है, ऐसी संभावना है कि किम जोंग-उन उम्मीद से अलग रास्ता चुनकर एक आश्चर्यजनक कदम उठा सकते हैं।' बैठक के दौरान, एनआईएस के निदेशक किम क्यू-ह्यून ने कहा कि एजेंसी योजनाबद्ध यात्रा की बारीकी से निगरानी कर रही है।

## आज का इतिहास

1449- टुमु के किले की लड़ाई में मंगोलियाई सेनाओं ने चीन के सम्राट को बंधक बनाया।

1553- ब्रिटेन के लिचफिल्ड शहर की स्थापना।

1776- अमेरिकी संसद कांग्रेस ने देश का नाम यूनाइटेड कॉलोनीज से बदल कर आधिकारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका किया।

1791- अमेरिका की राजधानी का नाम राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन के नाम पर वाशिंगटन रखा गया।

1828- रूसी उपन्यासकार लियो टॉल्सटॉय का जन्म।

1850- कैलीफोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना।

1850- प्रसिद्ध हिन्दी लेखक और नाटककार भारतेन्दु हरिश्चंद्र का जन्म।

1909- फिल्म अभिनेत्री लीला चिटनिस का जन्म।

1920- अलीगढ़ का एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम विवि में रूपांतरित किया गया।

1945- प्रथम कंप्युटर बग की खोज हुई।

1949- भारत की संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया।

1967- बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता अक्षय कुमार जन्म।

2001- वीनस विलियम्स ने छोटी बहन सेरेना को ग्रैंडस्लैम फ़ाइनल में हराया।

2005- चीन बीजिंग स्थित छाओयांग पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण।

2012- श्वेत क्रांति का जनक वर्गीज कुरियन का निधन।

**हिंसा** घाटी और पहाड़ी जिलों में हालात तनावपूर्ण

# मणिपुर में झड़पों में 5 से अधिक घायल

**इंफाल, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के पल्लेल में शुक्रवार को अलग-अलग झड़पों और गोलीबारी की घटनाओं में महिलाओं सहित लगभग 5 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि इन झड़पों और गोलीबारी की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने अभी तक हताहतों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। पुलिस के अनुसार, प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प में 11 नागरिक गोली लगने से घायल हो गए।**

जैसे ही गोलीबारी की खबर सोशल मीडिया पर फैली, थौबल और काकचिंग जिलों से सैकड़ों पुरुष और महिलाएं पल्लेल की ओर दौड़ पड़े, लेकिन असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद आंदोलनकारी लोगों ने पथराव कर दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए असम राइफल्स द्वारा आंसूगैस के गोले छोड़े जाने के बाद 30 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। असम राइफल्स के एक जवान को भी मामूली चोट आई है।

रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवानों की एक बड़ी टुकड़ी ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इंफाल से पल्लेल जाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने थौबल में सड़कों को अवरुद्ध कर दिया, जिससे



टकराव की स्थिति पैदा हो गई। आरएएफ जवानों के साथ झड़प में महिलाओं समेत 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हालांकि शाम होने से ठीक पहले तेंग्नौपाल जिले और अन्य स्थानों पर गोलीबारी कथित तौर पर बंद हो गई है, लेकिन स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है। मैतेई समुदाय की शीर्ष संस्था, मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) और प्रमुख आदिवासी संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने हमलों के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाया। दो दिन पहले हजारों प्रदर्शनकारी बिष्णुपुर जिले के फौगाकचाओ इखाई में सेना के बैरिकेड्स को तोड़ने के लिए इकट्ठा हुए थे, ताकि वे तोरबुंग में अपने घरों में लौटने की कोशिश कर सकें, जिसे उन्होंने 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद अपने-अपने घर छोड़ दिया था और राहत शिविरों में शरण ली थी। शुक्रवार की घटनाओं को देखते हुए विभिन्न जिलों में कर्फ्यू में छूट की अवधि को घटाकर दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है।

मणिपुर पुलिस ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, 'कुकी उग्रवादियों और मैतेई गांव के स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट हैं, जो सही नहीं हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि यह घटना पल्लेल में सुरक्षा बलों और सशस्त्र बदमाशों के बीच गोलीबारी से संबंधित थी।

## सुडोकू 6311

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 3 | | | 5 |
| | | 3 | 5 | | | 2 | 6 | |
| | | | | | 2 | 9 | 4 | |
| | | | 8 | 4 | 7 | | | |
| | 8 | 6 | 3 | | | | | |
| | 2 | 5 | | | 8 | 1 | | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6311



**बायें से दायें:-**

१. समाज-विरोधी
४. किसी कार्य को पूर्ण करने के लिए मिलने वाली शासकीय सहायता राशि
६. पकड़ना, रोकना, संभालना
७. हुकूमत करनेवाला, अधिकारी (उर्दू)
८. किसी फल आदि पकने के करीब होना
१०. अनाथ (उर्दू)
११. बांटने वाला
१३. वध करना, मारपीट करना
१४. किंतु
१५. चीरने वाला
१७. उपाधि, पदवी (उर्दू)
१९. पाठ, अनुच्छेद
२१. निशेघ
२२. बड़प्पन
२४. झुका हुआ सिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. ठहाका, जोर की हँसी
२. अपमानित, बेइज्जत
३. किसी कहानी का प्रधान पात्र
४. अप्राप्ति, न आना
५. वृत्त, गोलाकार (उर्दू)
९. अमुचित, अनुपयुक्त (उर्दू)
११. संकट
१२. रखवाला
१३. मां का भाई
१४. सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी
१५. असमानता, जटिलता
१६. नीरस
१८. शवाच्छादन (उर्दू)
१९. नीच, दुष्ट, पापी
२०. सेना का ब्यूह, एक काव्यालंकार
२३. सरोवर

### वर्ग पहेली-6310

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ज | न | यि | क | ■ | व | नो | प | ज |
| ज | ■ | र | ■ | म | का | न | ■ | तं | ■ |
| धा | व | क | ■ | ला | ■ | वा | रां | ग | ना |
| नी | ■ | पा | ■ | स | मा | स | ■ | ■ | ट |
| ■ | उ | ल | झ | न | ■ | ■ | मो | द | क |
| ■ | धा | ■ | र | ■ | उ | त्को | च | ■ | का |
| ह | र | जा | ना | ■ | त्कं | ■ | न | ज | र |
| म | ■ | न | ■ | प | ठा | र | ■ | रू | ■ |
| रा | जी | व | ■ | ठि | ■ | वै | शा | र | द |
| ही | ■ | र | वि | त | न | या | ■ | ■ | क्ष |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6311 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 |

## दुनिया को जानें

### अफरीकी स्वाइन फीवर का मामला सामने आने पर स्वीडन ने विशाल क्षेत्र को किया प्रतिबंधित

स्टॉकहोम, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। अधिकारियों ने घोषणा की है कि देश में अफ्रीकी स्वाइन बुखार का पहला मामला सामने आने के बाद मध्य स्वीडन में 800 वर्ग किलोमीटर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। स्वीडिश कृषि बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि छोटे शहर फगेर्स्टा के आसपास के क्षेत्र में जंगल में प्रवेश निषिद्ध होगा। हालांकि, इलाके को खाली नहीं कराया जाएगा। यह निर्णय अगस्त के अंत से क्षेत्र में मृत पाए गए सात जंगली सूअरों में से एक में अफ्रीकी स्वाइन बुखार का पता चलने के तुरंत बाद लिया गया । समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस बीमारी से इंसानों को कोई खतरा नहीं है, लेकिन सुअर फार्मों के लिए यह विनाशकारी हो सकता है।

जंगल तक पहुंच को प्रतिबंधित करके, अधिकारियों को उस जोखिम को कम करने की उम्मीद है जो वायरस जूते, उपकरण और वाहनों पर फैल सकता है। चूंकि यह वायरस कुत्तों से भी फैल सकता है, इसलिए मालिकों को अपने पालतू जानवरों को जंगल में जाने से रोकने होगा।

# खेल जगत

## सेरेना विलियम्स एक महान खिलाड़ी हैं जिनसे मैं अपनी तुलना नहीं कर सकती : कोको गॉफ



**न्यूयॉर्क,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने कहा कि वो कभी भी अपनी तुलना सेरेना विलियम्स से नहीं करना चाहेंगी क्योंकि सेरेना एक महान खिलाड़ी हैं। गॉफ ने ईएसपीएन से बात करते हुए कहा कि सेरेना सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं और उन्हें अपने जीवन में एकमात्र अफसोस सेरेना विलियम्स के खिलाफ नहीं खेलने का है। कोको गॉफ ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने अमेरिकी टेनिस को आगे बढ़ाया है। हमारे बहुत सारे हमवतन हैं जो अच्छा कर रहे हैं। सेरेना सेरेना है। मुझे उम्मीद है कि उन्होंने जो किया उसका आधा हिस्सा भी मैं कर सकूंगी। लेकिन मैं उनसे अपनी तुलना कभी नहीं करना चाहूंगी। वह ऐसी खिलाड़ी हैं जिनका मैं सम्मान करती हूं और उन्हें फॉलो करती हूं। उनके जैसा ही स्टेट लाइन में होना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। वह मेरी आदर्श हैं। जीवन भर मुझे एक ही अफसोस रहेगा कि मैं उनके साथ नहीं खेल पाऊंगी।

# पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मैच से पहले बुमराह टीम इंडिया में शामिल : रिपोर्ट

**कोलंबो,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले एशिया कप सुपर 4 मुकाबले से पहले भारतीय टीम में फिर से शामिल हो गए हैं। ग्रुप स्टेज में भारत और पाकिस्तान का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था लेकिन अब एक बार फिर क्रिकेट फैंस इस महा-मुकाबले का लुत्फ उठाने के लिए तैयार हैं, क्योंकि 10 सितंबर को सुपर-4 में यह दोनों टीमें आमने-सामने होने वाली है।

इस बीच भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए एक और अच्छी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि जसप्रीत बुमराह, जो अपने बच्चे के जन्म के लिए देश वापस लौट आए थे, एक बार फिर श्रीलंका में टीम के साथ जुड़ गए हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह शुक्रवार शाम को आर.प्रेमदासा स्टेडियम में प्रैक्टिस सेशन के लिए टीम से जुड़ेंगे। खराब मौसम की आशंका के कारण भारतीय टीम को इंडोर प्रैक्टिस सेशन करना पड़ सकता है, जैसा कि उन्होंने गुरुवार को किया था।

रिपोर्ट में बताया गया है कि शुक्रवार सुबह से कोलंबो में बारिश नहीं हुई है, जिससे शाम के प्रैक्टिस सेशन के सफल होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। बुमराह की वापसी ऐसे समय में हुई है जब 10 सितंबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान सुपर 4 मुकाबले को रिजर्व डे दिया गया है। इस




तेज गेंदबाज ने अभी तक वनडे मैच में गेंदबाजी नहीं की है, क्योंकि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान लीग मैच का दूसरा भाग बारिश के कारण रद्द हो गया था। आखिरी बार बुमराह ने वनडे में अपने पूरे दस ओवर का कोटा जुलाई 2022 में लॉर्ड्स में फेंका था।

रिपोर्ट में कहा गया है, कोलंबो में भारी वर्षा होने की उम्मीद है, जिसमें रविवार को बारिश की 90 प्रतिशत संभावना भी शामिल है। यही कारण है कि भारत-पाक मैच के लिए एसीसी ने रिजर्व डे रखने का निर्णय लिया। रविवार और संभवतः सोमवार के बाद भी भारत-पाकिस्तान मैच, यदि रिजर्व डे में जाता है। तो भारत 12 सितंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका और 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

## भारत-पाकिस्तान सुपर 4 मैच में बारिश से निपटने के लिए होगा रिजर्व डे

**कोलंबो।** एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 चरण का 10 सितंबर को कोलंबो में होने वाला बहुप्रतीक्षित मैच यदि बारिश से प्रभावित होता है तो उसके लिए एक रिजर्व डे होगा। 10 सितंबर को कोलंबो के आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले पाकिस्तान बनाम भारत के एशिया कप सुपर 4 मैच के लिए एक रिजर्व डे रखा गया है। अगर खराब मौसम के कारण पाकिस्तान बनाम भारत मैच के दौरान खेल रुक जाता है, तो मैच 11 सितंबर 2023 को वहीं से जारी रहेगा जहां से इसे निलंबित किया गया था। ऐसी स्थिति में टिकट धारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने मैच टिकट अपने पास रखें जो रिजर्व डे पर भी मान्य रहेंगे। इसका मतलब है कि अगर भारत-पाकिस्तान मैच 11 सितंबर तक खिंचता है, तो रोहित शर्मा एंड कंपनी लगातार तीन दिनों तक खेलेगी, क्योंकि उन्हें 12 सितंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका का सामना करना है। दिलचस्प बात यह है कि प्रतियोगिता के बाकी सुपर फोर मैचों के लिए रिजर्व डे रखने के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसमें 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के इस चरण में भारत का आखिरी गेम भी शामिल है।

# आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर शिवम दुबे ने कहा, जडेजा और मुझे विश्वास था कि हम जीतेंगे

**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के ऑलराउंडर खिलाड़ी शिवम दुबे ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2023 फाइनल के आखिरी ओवर के दौरान क्रीज पर रहने के अपने समय को याद करते हुए कहा कि उन्हें और रवींद्र जडेजा को पूरा विश्वास था कि जीत उनकी होगी। चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच खेला गया आईपीएल 2023 का फाइनल मुकाबला टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे रोमांचक फाइनल मुकाबला था। अहमदाबाद में खेले गए इस मुकाबले में पहले बारिश ने बाधा डाला। इसके बाद मैच रिजर्व डे के लिए स्थगित हुआ। हालांकि, रिजर्व डे के दिन भी बारिश ने दोनों टीमों को खूब परेशान किया। हालांकि, देर से ही सही लेकिन मैच का आगाज हुआ और नतीजा भी निकला। इस मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब मैच की आखिरी दो गेंदों पर जडेजा ने मोहित शर्मा पर छक्का और चौका लगाकर चेन्नई को चैंपियन बनाया और गुजरात टाइटंस के हाथों से ट्रॉफी छीन ली।

इस जीत को याद करते हुए शिवम ने कहा, आखिरी ओवर में हमें 13 रन चाहिए थे और क्रीज पर हम (जडेजा) दोनों थे। मुझे और जड्डू भाई को विश्वास था कि हम जीतेंगे। उस विश्वास ने हमें आगे बढ़ाया। हमें इस बात की चिंता नहीं थी कि किसने हिट किया और कौन विजयी रन बनाएगा। उन्होंने आगे कहा, मोहित भाई ने पहली गेंद पर शानदार यॉर्कर फेंकी। हालांकि मैंने उन पर दबाव बनाने के लिए एक बड़े शॉट की योजना बनाई थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उन्होंने शुरुआत की चार गेंदें अच्छी फेंकी और हमें मात्र 3 रन मिले। अब, 2 गेंदों में 10 रनों की जरूरत थी। लेकिन फिर भी हम दोनों ने हार नहीं मानी और हमें विश्वास था कि हम यह कर सकते हैं।



दुबे ने जियोसिनेमा के दैनिक स्पोर्ट्स शो आकाशवाणी पर कहा, पांचवीं गेंद पर जड्डू ने छक्का जड़ा, जिससे खेल पूरी तरह से बदल गया। आईपीएल में आप खिलाड़ियों को 3 या 4 रन दौड़ते हुए नहीं देखेंगे, खासकर इतने बड़े मैदान पर लेकिन हम इसके लिए तैयार थे क्योंकि 3 रन से सुपर ओवर हो सकता है। इसलिए, मैंने खुद को तैयार रखा और जैसे ही मौका आया मैं जितनी तेजी से दौड़ सकता था दौड़ा, बिना यह जाने कि गेंद पहले ही बाउंड्री के लिए जा चुकी है! दुबे के लिए आईपीएल 2023 में चेन्नई के लिए मध्य-क्रम हिटर के रूप में एक अच्छा सीजन रहा। 14 पारियों में 158.33 की स्ट्राइक-रेट से उन्होंने 418 रन बनाए। स्पिनरों के खिलाफ हिटिंग में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे और उन्होंने 176.47 की स्ट्राइक रेट से 22 छक्के लगाए।

आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन को ध्यान में रखकर दुबे की आयरलैंड में टी20 श्रृंखला के दौरान टीम में वापसी हुई, जहां उन्होंने मालाहाइड में दूसरे गेम में नाबाद 22 रन बनाए। दुबे को 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझाऊ में होने वाले पुरुष टी20 इवेंट के लिए भारत की एशियाई खेलों की टीम में भी शामिल किया गया है।

# दक्षिण अफ्रीका सफेद गेंद श्रृंखला के लिए बांग्लादेश, श्रीलंका की महिला टीमों की मेजबानी करेगा

**जोहान्सबर्ग,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने घोषणा की है कि उसकी महिला टीम 2023-24 सीज़न में महिलाओं की सफेद गेंद श्रृंखला के लिए बांग्लादेश और श्रीलंका की मेजबानी करेगी। जहां बांग्लादेश 3-23 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा, वहीं श्रीलंका 27 मार्च से 17 अप्रैल, 2024 तक देश का दौरा करने वाला है। दक्षिण अफ्रीका इस समय पाकिस्तान के सफेद गेंद दौरे पर है और बांग्लादेश और श्रीलंका से भिड़ने से पहले घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। दक्षिण अफ्रीका 3, 6 और 8 दिसंबर को तीन मैचों की टी20 सीरीज में बांग्लादेश से भिड़ेगा। इसके बाद 16-23 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी और यह आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 (आईडब्ल्यूसी) का हिस्सा है, जो 2025 महिला वनडे विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए अंक प्रदान करता है। बांग्लादेश दौरे के आयोजन स्थल चार शहरों में होंगेः बेनोनी, किम्बरली, पूर्वी लंदन और पोचेफस्ट्रूम। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका 2023-24 सीज़न के अंत में श्रीलंका का स्वागत करेगा। इसमें 27 मार्च से 3 अप्रैल तक बेनोनी, पोचेफस्ट्रूम और ईस्ट लंदन द्वारा आयोजित होने वाले तीन टी20 शामिल हैं, इससे बाद 9-17 अप्रैल तक ईस्ट लंदन, किम्बरली और पोचेफस्ट्रूम में तीन वनडे मैच होंगे। सीएसए ने कहा कि दोनों दौरों में संबंधित आईडब्ल्यूसी वन-डे से पहले 50 ओवर का अभ्यास मैच होगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका एकादश अपने बांग्लादेशी और श्रीलंकाई समकक्षों से भिड़ेगी।

# नितिन मेनन 13 वें वन डे विश्व कप 2023 में भारत के अकेले अंपायर और श्रीनाथ मैच रेफरी

नई दिल्ली, 8 सितंबर (देशबन्धु)। नितिन मेनन भारत में होने वाले 13 वें आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में मेजबान देश के अकेले अंपायर होंगे जबकि जवागल श्रीनाथ अकेले मैच रेफरी होंगे।आईसीसी ने विश्व कप के 16 अंपायरों और चार मैच रेफरियों सहित लीग दौर के शुक्रवार को दुबई में 20 अधिकारियों की घोषणा की।

आईसीसी द्वारा विश्व कप के 13 वें संस्करण में 16 अंपायरों मैचों में अपांयर की भूमिका निभाएंगे इनमें आईसीसी के इलीट पैनल के 12 और चर आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल हैं। विश्व कप मैचों के लिए चुने गए ये अंपायर हैंः क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरासमस, क्रिस गैफानी, माइकल गॉफ, एड्रियन हॉल्डस्टॉक,रिचर्ड इलिंगवर्थ,




- आईसीसी ने वन डे विश्व कप के लिए 16 अंपायर और चार मैच रेफरी घोषित किए
- इंग्लैंड-न्यूजीलैंड उदघाटन मैच मेनन व धर्मसेना अंपायर, श्रीनाथ मैच रेफरी

रिचर्ड कैटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रजा, पॉल राइफल,शरफुद्दोला इब्ने शाहिद, रॉड टकर,अलेक्स वॉर्फ, जोइल विल्सन , पॉल राइफल। आईसीसी वन डे विश्व कप के 2019 के लॉडर्स में खेले गए फाइनल में अलीम दार को छोड़ कर तीन -कुमरार धर्मसेना, इरासमस रॉड टकर ऐसे हैं जो इस बार 13 वें संस्करण के लिए बतौर अंपायर चुने गए हैं।

आईसीसी इलीट पैनल के 2023 के विश्व कप के लिए चुने गए मैच रेफरी है, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जेफ क्रो (न्यूजीलैंड), , एंडी पायक्रॉफ्ट (जिम्बाब्वे), रिची रिचर्डसन (वेस्ट इंडीज) व जवागल श्रीनाथ (भारत)। भारत के जवागल श्रीनाथ पिछले वन डे विश्व के फाइनल में पहुंचने वाली और मौजूदा संस्करण के 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले उदघाटन मैच में आमने सामने होने वाली इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के मैच में मैच रेफरी का जिम्मा संभालेंगे। इसी उदघाटन मैच में भारत के नितिन मेनन और श्रीलंका के कुमार धर्मसेना अंपायरिंग का जिम्मा संभालेंगे जबकि पॉल विल्सन टीवी अंपायर सैकत चौथे अंपायर होंगे।

# आईसीसी ने की पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

**दुबई,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लीग दौर के लिए 20 मैच अधिकारियों की घोषणा की है। टूर्नामेंट के 13वें संस्करण में सोलह अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं। जिनमें क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रज़ा, पॉल रिफ़ेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन के नाम हैं।

अनुभवी अंपायरों की सूची में लॉर्ड्स में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2019




फाइनल के लिए नियुक्त किए गए चार अंपायरों में से तीन - धर्मसेना, इरास्मस और टकर शामिल हैं। इसमें केवल अलीम डार का नाम नहीं है, जिन्होंने इस साल मार्च में एलीट पैनल से इस्तीफा दे दिया था। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल का प्रतिनिधित्व इस कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों, जेफ क्रो, एंडी पाइक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल श्रीनाथ की एक चौकड़ी द्वारा किया जाता है। श्रीनाथ पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में आखिरी प्रतियोगिता के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की जिम्मेदारी संभालेंगे। मेनन और धर्मसेना स्थायी अंपायर होंगे, पॉल विल्सन टीवी अंपायर होंगे और सैकत चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे। संपूर्ण लीग खंड के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है, साथ ही टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल के चयन की घोषणा भी उचित समय पर की जाएगी। आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इतने बड़े आयोजन करने के लिए आपको हर क्षेत्र पर अपना जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता होती है।

# ऑस्ट्रेलिया से हारने के बावजूद तेम्बा बावुमा ने अपनी टीम का बढ़ाया हौसला

**ब्लोमफोंटेन,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के शुरुआती मैच में 142 गेंदों पर नाबाद 114 रन बनाए। हालांकि, ये पारी टीम को जीत नहीं दिला पाई लेकिन कप्तान ने अपनी टीम से धैर्य बनाए रखने का अनुरोध किया। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही लेकिन कप्तान ने अकेले ही मोर्चा संभाला और अपनी नाबाद शतकीय पारी के दम पर टीम का स्कोर 222 रन तक पहुंचाया। इस



स्कोर को डिफेंड करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेल दिया। मेहमान टीम ने 113 रन पर 7 विकेट खो दिए थे, लेकिन कन्कशन सब्स्टीट्यूट मार्नस लाबुशेन (नाबाद 80*) और एश्टन एगर (48*) के बीच 112 रन की नाबाद साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से जीत दिला दी।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बावुमा के हवाले से कहा, यदि आपकी टीम जीत के करीब है तो आप उम्मीद करते हैं कि आप जीत के साथ ही मैदान से बाहर आएं। हालांकि, हम हार नहीं मानेंगे। जब आपको ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ मौका दिया जाता है, तो आपको इस तरह के उलटफेर को स्वीकार करना होगा। उन्होंने यह भी महसूस किया कि कुछ दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी पांच महीने से कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं होने के बाद भी अपनी लय हासिल कर रहे हैं। हम बेहतर होंगे। हमारी टीम में कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। हम उनसे ऐसी गलतियां दोहराने की उम्मीद नहीं करते हैं। बावुमा ने यह भी स्वीकार किया कि गेंदबाजी क्रम पहले दस ओवरों में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाया ।

## सार संक्षेप

### यूरो 2024 क्वालीफायर में पोलैंड ने फरो आइलैंड्स को 2-0 से हराया

**वारसॉ।** पौलैंड की राजधानी वारसॉ में रॉबर्ट लेवांडोवस्की के दो गोल की मदद से मेजबान टीम (पोलैंड) ने यूईएफए (यूएफा) यूरो 2024 क्वालीफायर में फरो आइलैंड्स पर 2-0 से जीत दर्ज की है। फर्नांडो सैंटोस के खिलाड़ी सीटी बजने के बाद से दबाब में थे, लेकिन उन्हें मौके भुनाने में दिक्कतें आ रही थीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार ब्रेक के आठ मिनट बाद लेवांडोवस्की ने छह गज के बॉक्स के दाईं ओर से हेडर मारा और उन्होंने 73वें मिनट में ओडमार फेरो के हैंडबॉल के बाद पेनल्टी को गोल में बदलकर पोलैंड को बढ़त दिला दी। मेजबान टीम ने गेम पर नियंत्रण कर लिया और लेवांडोव्स्की ने मैच खत्म होने से सात मिनट पहले पोस्ट के अंदर से एक और गोल दाग दिया और टीम को 2-0 से जीता दिया। पोलैंड ग्रुप ई में छह अंकों के साथ चेक गणराज्य और अल्बानिया के बाद तीसरे स्थान पर है। फ़रो आइलैंड्स ने अब तक केवल एक अंक अर्जित किया है। रविवार को पोलैंड का मुकाबला अल्बानिया से होगा, जबकि फरो आइलैंड्स का मुकाबला मोल्दोवा से होगा।

### सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय अंडर-19 पुरुष फुटबाल टीम के मुख्य कोच शुवेंदु पांडा ने नेपाल के काठमांडू में 21-30 सितंबर तक खेले जाने वाले सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम शुक्रवार को सऊदी अरब में एक्सपोजर-कम-ट्रेनिंग के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम 19 सितंबर को काठमांडू पहुंचेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के सूत्रों ने कहा कि चैंपियनशिप काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। ब्लू कोल्ट्स को ग्रुप बी में भूटान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि मेजबान नेपाल, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं। एकल राउंड-रॉबिन ग्रुप चरण के बाद दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में भिड़ेंगी। भारत भुवनेश्वर में 2022 में आयोजित सैफ अंडर-20 के फाइनल में बंगलादेश को 5-2 से हराकर चैंपियन बना। सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप, 2023 के लिए भारत की टीम के खिलाड़ियों में गोलकीपरः लियोनेल डेरिल रिम्मेई, दिव्याज धवल ठक्कर और मनजोत सिंह परमार हैं। डिफेंडर में थॉमस कनामुत्तिल चेरियन, जहांगीर अहमद शागू, विजय मरांडी, ए सिबा प्रसाद, मनबीर बसुमतारी, सूरजकुमार सिंह नगांगबाम और रिकी मीतेई शामिल हैं।

# एशियाई खेलों स्वर्ण जीतने की मुश्किल चुनौती के लिए हम हैं तैयार : गुरजंट

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 8 सितंबर (देशबन्धु)। लंबे कद के स्ट्राइकर गुरजंट सिंह की प्रतिभा और हॉकी कौशल पर कभी कोई शक नहीं था। निरंतरता का अभाव के चलते वह बराबर भारत टीम से अंदर -बाहर होते रहे। गुरजंट को खुद को खुशकिस्मत मानना चाहिए नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें अनुभवी आकाशदीप सिंह, उनके चचेरे भाई सिमरनजीत सिंह और दिलप्रीत सिंह जैसे कहीं सधा हुआ प्रदर्शन करने वाले स्ट्राइकरों पर तरजीह देते हुए हांगजू(चीन) में होने वाले 19 एशियाई खेलों के लिए भारत की 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम में चुना। 28 बरस गुरजंट ने सीनियर भारतीय टीम के लिए अपने करियर का आगाज 2017 में किया लेकिन पिछले एशियाई खेलों में टीम में चोट के

**हर टीम का ध्यान बढिया हॉकी खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने का होगा। हम जानते हैं क्या दांव पर है। हर टीम की पुरजोर कोशिश स्वर्ण पदक जीतने की होगी। एशियाई खेलों में स्वर्णजीतना बेशक मुश्किल चुनौती है लेकिन हम चुनौती के लिए तैयार हैं: गुरजंट**

चलते जगह बनानशे से चूक गए थे। अब गुरजंट की निगाहें भारत को हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जिता सीधे पेरिस में 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने पर लगी हैं।

गुरजंट 2016 में भारत को लखनउ में एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभा सुर्खियों में आए। फिर टोक्यो ओलंपिक में आठ बार के चैंपियन



भारत को 41 बरस के लंबे अंतराल के बाद कांसे के रूप में पहला जिताने , 2022-23 में एफआईएच प्रो लीग में तीसरा स्थान दिलाने तथा 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत तथा बीते महीने चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में गुरजंट ने अहम योगदान किया।

गुरजंट कहते हैं, 'हमारी टीम का ध्यान अच्छी हॉकी खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने पर है। हमने बेशक हाल ही चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है लेकिन हम कुछ भी तय मान कर नहीं चल सकते। हर टीम का ध्यान बढिया हॉकी खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने का होगा। हम जानते हैं क्या दांव पर है। हर टीम की पुरजोर कोशिश स्वर्ण पदक जीतने की होगी। एशियाई खेलों में स्वर्णजीतना बेशक

- निगाहें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने पर
- एशियाई खेलों में मेरी जिम्मेदारी अचूक निशाने जमा गोल करने की

मुश्किल चुनौती है लेकिन हम चुनौती के लिए तैयार हैं। मेरी निगाहें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर भारतीय टीम को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने पर लगी हैं। एशियाई खेलों में मेरी जिम्मेदारी और ध्यान अचूक निशाने जमा गोल करने की होगी। मैंने बीते कुछ महीनों में अपने हॉकी कौशल को और बेहतर करने काफी मेहनत की।'

वह कहते हैं, मेरी भारत के लिए अब हाकी यात्रा शानदार रही। मुझे अपनी इस यात्रा में टीम के सभी साथियों का पूरा सहयोग मिला और इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। मैं अब बहुत समय से टीम का हिस्सा हूं। मैं बीते कुछ बरसों में बतौर खिलाड़ी बहुत कुछ सीखा है मेरी भारत के लिए अब हाकी यात्रा शानदार रही।

मुझे अपनी इस यात्रा में टीम के सभी साथियों का पूरा सहयोग मिला और इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। मैं अब बहुत समय से टीम का हिस्सा हूं। मैं बीते कुछ बरसों में बतौर खिलाड़ी बहुत कुछ सीखा है। मैं चोट के चलते पिछले एशियाई खेलों में शिरकत करने से चूक गया था। तब घर बैठ कर अपनी भारतीय टीम के लिए मैच देखना मेरे लिए खासा मुश्किल रहा था। मैं खुद बहुत फख्र महसूस कर रहा हूं और रोमांचित हूं कि मुझे अब पहली एशियाई खेलों में भारतीय हॉकी टीम का नुमाइंदगी का मौका मिल रहा है।'

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



नई दिल्ली, 8 सितंबर (एजेंसियां) वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# डीपीआई दुनिया को कर रहा आकर्षित : कांत



**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) एक ओपन सोर्स टेक्नॉलाजी है और इसने दुनिया भर को अपनी ओर आकर्षित किया है।

श्री कांत ने जी 20 राष्ट्राध्यक्षों के कल से यहां होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन से पहले आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन से लेकर यूपीआई तक सभी सुविधायें टेक्नॉजाली आधारित हैं और इस टेक्नॉलाजी ने वित्तीय समाधान को तेजी से आम लोगों तक पहुंचाया है।

उल्लेखनीय है कि भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी -20 शिखर सम्मेलन से पहले विश्व बैंक द्वारा जारी जी-20 दस्तावेज़ में भारत की प्रगति की सराहना की गई है। इसमें कहा गया है कि डीपीआई का भारत पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है, जो समावेशी वित्त से कहीं आगे तक है। विश्व बैंक द्वारा तैयार वित्तीय समावेशन दस्तावेज़ के लिए जी-20 ग्लोबल पार्टनरशिप ने मोदी सरकार के तहत पिछले एक दशक में भारत में डीपीआई के परिवर्तनकारी प्रभाव की सराहना की है।

दस्तावेज़ में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और डीपीआई परिदृश्य को आकार देने में सरकारी नीति और विनियमन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। भारत के डीपीआई दृष्टिकोण की सराहना करते हुए विश्व बैंक के दस्तावेज़ में कहा गया है कि वित्तीय समावेशन में भारत ने केवल छह वर्षों में वह हासिल कर लिया है जो लगभग पाँच दशक में होता। जेएएम ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन दर को 2008 में 25 प्रतिशत से बढ़ाकर पिछले छह वर्षों में वयस्कों के 80 प्रतिशत से अधिक कर दिया है, डीपीआई की बदौलत यह 47 साल तक छोटी हो गई है।

### डीपीआई से भारत ने पांच दशक के काम को छह वर्षों में पूरा किया

नई दिल्ली। डिजिटल इंफ्रा के बल पर भारत ने मात्र छह वर्षों में वित्तीय समावेशन में वह मुकाम हासिल किया है जो पांच दशक में हासिल होता। भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी -20 शिखर सम्मेलन से पहले विश्व बैंक द्वारा तैयार जी-20 दस्तावेज़ में भारत की प्रगति की सराहना की गई है। इसमें कहा गया है कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) का भारत पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है, जो समावेशी वित्त से कहीं आगे तक है। विश्व बैंक द्वारा तैयार वित्तीय समावेशन दस्तावेज़ के लिए जी-20 ग्लोबल पार्टनरशिप ने मोदी सरकार के तहत पिछले एक दशक में भारत में डीपीआई के परिवर्तनकारी प्रभाव की सराहना की है। दस्तावेज़ में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और डीपीआई परिदृश्य को आकार देने में सरकारी नीति और विनियमन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। भारत के डीपीआई दृष्टिकोण की सराहना करते हुए विश्व बैंक के दस्तावेज़ में कहा गया है कि वित्तीय समावेशन में भारत ने केवल छह वर्षों में वह हासिल कर लिया है जो लगभग पाँच दशक में होता। जेएएम ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन दर को 2008 में 25 प्रतिशत से बढ़ाकर पिछले छह वर्षों में वयस्कों के 80 प्रतिशत से अधिक कर दिया है, डीपीआई की बदौलत यह 47 साल तक छोटी हो गई है। दस्तावेज़ में कहा गया है कि इसमें डीपीआई की उपलब्धता पर आधारित अन्य पारिस्थितिकी तंत्र और नीतियां महत्वपूर्ण थीं। इनमें अधिक सक्षम कानूनी और नियामक ढांचा बनाने के लिए हस्तक्षेप, खाता स्वामित्व का विस्तार करने के लिए राष्ट्रीय नीतियां और पहचान सत्यापन के लिए आधार का लाभ उठाना शामिल है। इसके लॉन्च के बाद से, खोले गए पीएमजेडीवाई खातों की संख्या मार्च 2015 में 14.72 करोड़ से तीन गुना बढ़कर जून 2022 तक 46.2 करोड़ हो गई। इनमें से 56 प्रतिशत यानी 26 करोड़ से अधिक खातों महिलाओं के थे।

## चीन के आईफोन बैन से दो दिनों में एप्पल का मार्केट कैप 2 अरब डॉलर गिरा



**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीनी सरकारी कर्मचारियों पर आईफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाए जाने की रिपोर्ट के बाद एप्पल के शेयरों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दो दिनों में कंपनी के शेयर बाजार मूल्यांकन में 6 प्रतिशत से अधिक या लगभग 200 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। चीन प्रौद्योगिकी दिग्गज का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है, जिसका पिछले साल के कुल राजस्व में 18 प्रतिशत योगदान था। यह वह जगह भी है जहां एप्पल के अधिकांश उत्पाद उसके सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन द्वारा निर्मित किए जाते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि बीजिंग ने केंद्र सरकार की एजेंसी के अधिकारियों को आदेश दिया था कि वे कार्यालय में आईफोन न लाएं न ही काम के लिए उनका उपयोग करें।

अगले दिन, ब्लूमबर्ग न्यूज़ ने बताया कि प्रतिबंध राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों और सरकार समर्थित एजेंसियों के श्रमिकों पर भी लगाया जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ये रिपोर्टें आईफोन 15 के लॉन्च से पहले आई हैं, जो 12 सितंबर को होने की उम्मीद है।

रिपोर्टों के जवाब में चीनी सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल का शेयर बाजार मूल्यांकन दुनिया में सबसे अधिक करीब 2.8 ट्रिलियन डॉलर है। एप्पल के कुछ आपूर्तिकर्ताओं के शेयरों में भी गिरावट आई है। स्मार्टफोन चिप्स की दुनिया की सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता क्वालकॉम की कीमत गुरुवार को 7 प्रतिशत से अधिक गिर गई। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया के एसके हाइनिक्स के शेयर शुक्रवार को लगभग 4 प्रतिशत कम थे। ये रिपोर्टें तब आईं जब वाशिंगटन और बीजिंग के बीच तनाव बरकरार है।

## जी 2 शिखर सम्मेलन मानव केंद्रित और समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा : मोदी



**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। शनिवार से यहां शुरू होने वाले दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह सम्मेलन मानव केंद्रित और समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

श्री मोदी ने जी 20 शिखर सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पहले शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' कहा कि देश ऐतिहासिक भारत मंडपम में नौ और 10 सितंबर को 18 वें जी 20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर उत्साहित है ।

उन्होंने कहा, जी- 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन पहली बार भारत में हो रहा है। मैं विश्व नेताओं के साथ अगले दो दिन के दौरान सार्थक चर्चा को लेकर उत्सुक हूं । मुझे दृढ़ विश्वास है कि दिल्ली में हो रहा जी-20 शिखर सम्मेलन मानव केंद्रित और समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा ।

उल्लेखनीय है कि 18 वां जी-20 शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए ज्यादातर सदस्य देशों के नेता यहां पहुंच चुके हैं।

## पूर्व स्विगी सीटीओ डेल वाज ने की अपने खुद के वेल्थटेक स्टार्टअप की घोषणा

**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। स्विगी के पूर्व मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) डेल वाज ने शुक्रवार को वीसी फर्म एक्सेल और एलिवेशन कैपिटल से सीड फंडिंग के साथ आरित्या टेक नाम से अपना खुद का वेल्थटेक स्टार्टअप लॉन्च किया। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में वाज, जिन्होंने अपने उद्यमशीलता उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल में स्विगी छोड़ दी थी, ने कहा कि वह यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं कि हमने एक्सेल और एलिवेशन कैपिटल दोनों के साथ आरित्या टेक के लिए वीसी सीड फंडिंग बंद कर दी है।



उन्होंने कहा कि अब फंडिंग सुरक्षित होने के बाद, यह निर्माण कार्य में वापस आ गया है। उन्होंने सीड फंडिंग के हिस्से के रूप में जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया। वाज ने पोस्ट किया, हम एक छोटी सी चुनी हुई टीम हैं और ग्रोथ/मार्केटिंग और इंजीनियरिंग सहित भूमिकाओं के लिए उत्साही लॉन्ग टर्म बिल्डरों को जोड़ना चाह रहे हैं।

वीसी फर्म एक्सेल और एलिवेशन के अलावा, वाज के नए स्टार्टअप ने एंजेल निवेशकों से भी फंड जुटाया है। पूर्व स्विगी सीटीओ ने आगे कहा, हमारे एंजेल आवंटन को अंतिम रूप दिया जाएगा और जल्द ही बंद कर दिया जाएगा। हमने सीड राउंड के वीसी के नेतृत्व वाले हिस्से के लिए फंडिंग औपचारिकताओं और कागजी कार्रवाई को सरल बनाने के लिए इसे बाद में करने का फैसला किया। वाज जुलाई 2018 में स्विगी में शामिल हुए और फरवरी 2020 में इसके सीटीओ बन गए।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, यदि आपके पास ऑनलाइन ट्रेडिंग क्षेत्र में अनुभव है और आप हमारी यात्रा की शुरुआत में इसमें शामिल होना चाहते हैं, तो मुझे पिंग करें। इस समय हमारे पास केवल कार्यालय (बैंगलोर) आधारित पद हैं।


# शेयर बाजार में छठे दिन भी तेजी

**मुंबई** 8 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, पावर, तेल एवं गैस, कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार छठे दिन भी तेज रही।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 333.35 अंक की छलांग लगाकर 66598.91 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.90 अंक की तेजी लेकर 19819.95 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत उछलकर 32,672.00 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 38,266.53 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3820 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2048 में तेजी जबकि 1645 में गिरावट रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 32 कंपनियों में लिवाली जबकि 18 में बिकवाली हुई।

बीएसई में आईटी, कमोडिटीज, एफएमसीजी और हेल्थकेयर की 0.29 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 16 में तेजी का रुख रहा। इस दौरान रियल्टी 2.13, सीडी 0.61, ऊर्जा 1.33, वित्तीय सेवाएं 0.85, इंडस्ट्रियल्स 1.25, दूरसंचार 0.80, यूटिलिटीज 1.32, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 1.51, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.35, धातु 0.07, तेल एवं गैस 1.43, पावर 1.48, टेक 0.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.10 प्रतिशत चढ़ गए।




वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान 0.33, जर्मनी का डैक्स 0.69, जापान का निक्केई 1.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत गिर गया। हालांकि हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी का रुख रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 116 अंक की तेजी लेकर 66,381.43 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 66,299.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 66,766.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,265.56 अंक के मुकाबले 0.50 प्रतिशत मजबूत होकर 66,598.91 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 48 अंक चढ़कर 19,774.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,727.05 अंक के निचले जबकि 19,867.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,727.05 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत बढ़कर 19,819.95 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 21 कंपनियों में से एनटीपीसी ने सबसे अधिक 2.65 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा मोटर्स 2.02, एलटी 1.93, भारती एयरटेल 1.02, टाइटन 0.85, एचडीएफसी बैंक 0.82, रिलायंस 0.72, एसबीआई 0.72, पावरग्रिड 0.70, एचसीएल टेक 0.63, आईसीआईसीआई बैंक 0.53, मारुति 0.48, एक्सिस बैंक 0.33, इंफोसिस 0.20, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.05 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.05 प्रतिशत चढ़े। वहीं, अल्ट्रासिमको 0.79, आईटीसी 0.71, विप्रो 0.58, टेक महिंद्रा 0.54, टाटा स्टील 0.46, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.42, एशियन पेंट 0.36, टीसीएस 0.36 और सन फार्मा ने 0.06 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## जिंसो के भाव स्थिर



**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 20 रिंगिट फिसलकर 3730 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की गिरावट लेकर 60.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना , मसूर दाल , मूंग दाल और उड़द दाल, अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6550-6650, दाल चना 7550-7650, मसूर काली 8075-8175, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 11700-11800, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2500-2600 रुपये और **चावल :** 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**सार संक्षेप**

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.4 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 1 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.4 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 1 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.44 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 53.7 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 58.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.9 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 5.1 अरब डॉलर हो गई।

### सीतारमण ने नाइजीरिया के मंत्रियों के साथ चर्चा की

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार से राजधानी में हो रहे दो दिवसीय जी- 2 शिखर सम्मेलन की पृष्ठभूमि में आज यहां नाइजीरिया के वित्त और अर्थव्यवस्था मंत्री अदेबायो ओलावाले एडुन और नाइजीरिया के बजट और राष्ट्रीय योजना मंत्री अबुबकर अतीकू बागुडु से मुलाकात की। इस दौरान इन मंत्रियों ने कई क्षेत्रों में आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय क्रेडिट लाइन, केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग, नीति आयोग के सहयोग के माध्यम से नाइजीरिया के लोगों को उनके विकास पथ में भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। नाइजीरियो के मंत्री एडुन ने नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था के विकास में भारतीय मूल के नाइजीरियाई नागरिकों के समृद्ध योगदान की सराहना की।

### अमेजन पर शॉपिंग स्प्री की शुरुआत

**बेंगलुरु।** ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉटइन पर शॉपिंग स्प्री की शुरुआत की गयी जिसमें ग्राहक होम डेकोर, होम इंप्रूवमेंट, किचन अप्लायंसेस, लॉन एवं गार्डन से जुड़े उपकरणों से लेकर वॉल डेकोर, मिक्सर ग्राइंडर, पंखे, वैक्यूम, कुकवेयर, पावर टूल्स, ऑटो प्रोडक्ट, बाथरूम फिटिंग आदि की खरीद ऑफर के साथ कर सकते हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन उत्पादों पर 7 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। होम शॉपिंग स्प्री पावर्ड बाय हिंदवेयर में होम किचन और आउटडोर प्रोडक्ट जैसे होमम डेकोर, होम इंप्रूवमेंट, किचन अप्लायंसेज, लॉन एंड गार्डन, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स, पावर टूल्स आदि की शॉपिंग की जा सकती है। उसने कहा कि एचडीएफसी बैंक के साथ 12 महीने तक के लिए उपलब्ध ईएमआई विकल्पों के साथ 5 रुपये तक इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है। इसके अलावा वनकार्ड बैंक के साथ 9 महीने और उससे अधिक के लिए उपलब्ध ईएमआई विकल्पों के साथ 2 रुपये तक के इंस्टेंट डिस्काउंट का भी लाभ उठा सकते हैं।

## पीवीआर ने आईमैक्स थिएटर का किया विस्तार




नई दिल्ली, 8 सितंबर (एजेंसियां)। प्रीमियम सिनेमा एक्ज़िबिटर पीवीआर आईनॉक्स ने राजधानी के नेहरू प्लेस में स्थित पारस सिनेमा को एक नए अवतार में फिर से खोला है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ ही दिल्ली में पाँचवाँ आईमैक्स और भारत में दूसरा स्टैंडअलोन आईमैक्स थिएटर शुरू हो गया है, जिसमें अगली पीढ़ी के लेज़र प्रोजेक्शन और लेज़र टेक्नोलॉजी के साथ आईमैक्स और एक मल्टी-चैनल साउंड सिस्टम है, जो इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए आईमैक्स थिएटरों में मिलता है।

इस नये सिनेमा के साथ पीवीआर आईनॉक्स के पास नई दिल्ली के 27 सिनेमाघरों में 108 स्क्रीन हो गई हैं, और उत्तर भारत की 103 प्रॉपर्टीज़ में कुल 457 स्क्रीन हो गई हैं। साउथ दिल्ली के वाणिज्यिक केंद्र में स्थित पारस सिनेमा 305 दर्शकों के बैठने की क्षमता के साथ दुनिया के सबसे इमर्सिव सिनेमा अनुभव के साथ वापसी कर रहा है। लेज़र के साथ आईमैक्स में 4के लेज़र प्रोजेक्शन सिस्टम है, जिसमें एक नया ऑप्टिकल इंजन और प्रोप्राइटरी आईमैक्स टेक्नोलॉजी है।

## उद्योगपतियों को जी-20 रात्रि भोज में आमंत्रित नहीं किया गया : सरकार

नई दिल्ली, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने इन खबरों का खंडन किया है कि देश के जाने माने उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि विदेशी समाचार एजेन्सी रॉयटर ने एक लेख में दावा किया है कि प्रमुख उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि यह दावा भ्रामक है क्योंकि किसी भी उद्योगपति को विशेष रात्रि भोज के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।



### विश्व नेताओं के साथ 15 द्विपक्षीय बैठक करेंगे मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 20 शिखर सम्मेलन से पहले और इसके दौरान विश्व नेताओं के साथ 15 द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री जी 20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए यहां आए मॉरीशस, बंगलादेश और अमेरिका के नेताओं के साथ लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर शुक्रवार को द्विपक्षीय बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री आज जी 20 बैठक से इतर ब्रिटेन, जापान, जर्मनी और इटली के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

सम्मेलन के अंतिम दिन (10 सितंबर को) श्री मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ दोपहर भोज पर मुलाकात करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री कनाडा के नेता के साथ भी बातचीत करेंगे। वह कोमोरोस, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, यूरोपीय संघ, ब्राज़ील और नाइजीरिया के नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठक करेंगे। उल्लेखनीय है कि जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए विश्व नेताओं का यहां आने का सिलसिला जारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार को ही यहां पहुंच गए थे।




# साक्षरता से शिक्षा और शिक्षा से विकास का सीधा संबंध-भूपेश

## साक्षरता की शक्ति से बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते है–चौबे

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय वेबीनार

**रायपुर**,8 सिंतबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय वेबीनार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का दिन अक्षरों के अलख जगाने का दिन है। अक्षर ज्ञान की महत्ता बताने का दिन है। अक्षर ज्ञान के प्रकाश से अपने और समाज के जीवन में सुख और समृद्धि फैलाने का संकल्प लेने का दिन है। वास्तव में अक्षर ज्ञान वह पहला द्वार है जहां से ज्ञान के अनंत रास्ते खुलते है। राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में किया गया। वेबीनार में 15 हजार से अधिक व्यक्ति शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि साक्षरता से शिक्षा और शिक्षा से विकास का सीधा संबंध है आज का दिन देश में साक्षरता के वर्तमान सोपान पर गर्व करने का दिन है। लगभग एक चौथाई आबादी को साक्षर बनाने के बारे में चिंतन और प्रण करने का दिन है। इसके लिए व्यक्तिगत रूचि और सामूहिक प्रयासों की बड़ी आवश्यकता है। व्यापक जनभागीदारी से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जाएगा यह अभियान 5 वर्ष तक चलेगा। इस कार्यक्रम में अशिक्षित व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता एवं अंक ज्ञान प्रदान करने के साथ उन्हें जीवन में आने वाले कुशलता के बारे में भी प्रशिक्षित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नवाचारी कार्यक्रमों की देश में लगातार सराहना की जा रही है। हमें प्रदेश के एक चौथाई असाक्षरों को साक्षर किए जाने की दिशा में निरंतर कार्य करना है। उन्होंने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की शुभकामनाएं भी दी।





स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि साक्षरता वह शक्ति है जिससे हम बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। शिक्षा हमारे जीवन में बदलाव लाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रौढ़ शिक्षा और जीवन पर्यन्त शिक्षा को महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि अब प्रौढ़ शिक्षा के स्थान पर सबके लिए शिक्षा का उपयोग किया जायेगा। भारत सरकार द्वारा प्रदेश में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री श्री चौबे ने प्रदेश के सभी नागरिकों, शिक्षा विभाग के लोक शिक्षण, समग्र शिक्षा, एससीईआरटी व राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण सहित सभी निकायों, शिक्षकों से अनुरोध किया है कि वे स्वयंसेवी भावना से स्वयंसेवी शिक्षक बनकर शिक्षा से वंचित व्यक्तियों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए अपना अमूल्य योगदान दें। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने कहा कि साक्षरता किसी भी देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है। देश के जितने ज्यादा नागरिक साक्षर होंगे, देश उतनी उन्नति कर सकता है। साक्षरता के इसी महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामाजिक रूप से पूरे विश्व का ध्यान साक्षरता की ओर केन्द्रित करना है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2023 की थीम ''परिवर्तन के दौर में साक्षरता को बढ़ावा देना- टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण करना'' है। जिसे ध्यान में रखकर हमें कार्य करना है। प्रदेश में साक्षरता कार्यक्रम को मिशन मोड में तथा नवाचारी तरीके से कार्य करने का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने विभाग के सभी निकायों से समन्वय के साथ अपने आसपास के अशिक्षित को साक्षर बनाने के लिए प्रतिदिन एक से दो घण्टे का समय देकर सक्रिय योगदान करने कहा।

स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव, एससीईआरटी एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के संचालक श्री राजेश सिंह राणा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने का निर्णय यूनेस्को द्वारा लिया गया। उन्होंने कहा कि सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2022–27 के दौरान क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश में प्रथम वर्ष पाँच लाख असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य प्रदान किया गया है। उन्होंने जिला साक्षरता मिशन के साथ ही मैदानी अमले एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से लक्ष्य हासिल करने की अपील की। वेबीनार में एनसीईआरटी नई दिल्ली की राष्ट्रीय साक्षरता केन्द्र प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर उषा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष आयु समूह के लोगों के लिए सरकार ने एक मुहिम छेड़ी है। उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मंशानुरूप बुनियादी साक्षरता और अंक ज्ञान जीवन कौशल जैसे–डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, चुनावी साक्षरता, विधिक साक्षरता, बुनियादी शिक्षा, सतत् शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को शामिल किया गया है।

# सांस्कृतिक आयोजन से आंनद की अनुभूति होती है-शैलेष

### करोना चौक में मलखंभ मटकी फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। करोना चौक में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्व.कमल किशोर अग्रवाल की स्मृति में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मलखभ मटकी फोड़ का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के द्वारा पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। करोना चौक में निरंतर 40 वर्षो से जारी मलखंब मटकी फोड़ प्रतियोगिता के अतिथियों में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल सराफा के अध्यक्ष कमल सोनी ने ग्रीस लगे मलखंभ में भगवान श्री कृष्ण जी की चित्र में माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना कर खंबे में लगी मटकी को फोड़ कर शुरुवात की। स्वागत पश्चात अमर अग्रवाल ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर इस तरह के सफल आयोजन से सामाजिक एकता और एक नया संबल प्राप्त होता है। कार्यक्रम का समापन में शहर विधायक शैलेष पांडे अनिल टाह विजय केसरवानी जवाहर सराफ एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल महेश दुबे (टाटा महाराज) के हाथों से हुआ। शैलेष पांडे ने अपने उद्बोधन कहा सांस्कृतिक आयोजन होने से आनंद की अनुभूति होती है। पूरे कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रतिभागियों का हौसला अफजाई करते रहे मटकी फूटने के बाद कस्तूरबा नगर निवासी आर्यन प्रतीक अंश यादव तीनों प्रतियोगियों को रनिंग शील्ड एवं इनाम 15000 नगद सदर बाजार व्यापारियों की तरफ से विभिन्न गिफ्ट हैंपर सराफा की तरफ से चांदी की मूर्ति राधा कृष्ण की एवं बांसुरी अपने हाथों से प्रदान किया । उक्त जानकारी समिति के सदस्य चंचल सलूजा ने जानकारी दी।

## सार-संक्षेप



### श्री कृष्ण का जीवन हर परिस्थिति में सहज विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देती है-बीके गायत्री

**बिलासपुर** , 8 सिंतबर (देशबन्धु)। शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर मे जन्माष्टमी के अवसर पर नन्हे- नन्हे बच्चे राधा कृष्ण के मोहक परिधानों मे सजकर पहुंचे और सभी का मन मोह लिया। कु.विद्या ने वो कृष्णा है, कु. अदिति कु. अनुष्का ने मीठी मीठी राधा रानी लागे, कु.तनु ने अधरम् मधुरम् , कु सोनिया ने राधे कृष्ण की ज्योति अलौकिक, कु. गीतिका ने अच्युतम केशवम, कु.तनु कु.सोनिया ने कृष्ण वंदना गीतों पर मोहक प्रस्तुति देकर खूब मनोरंजन किया। मास्टर गिरीराज ने जन्मदिन पर केक काटकर सबका मुह मीठा किया। सभी बच्चों एवं कलाकारों को ब्रह्माकुमारी रूपा व विद्युत अभियंता भूषण वर्मा, प्रियतम चौधरी के द्वारा सौगात देकर सम्मानित किया। गायत्री बहन ने कहा कि श्री कृष्ण के जीवन चरित्र से विपरीत परिस्थिति मे धैर्यता एवं दृढता से विजय पाने की सीख मिलती है। श्रीकृष्ण का जन्म जेल मे हुआ। बचपन मे ही पूतना, कालिया नाग , कंस आदि का,संहार से लेकर महाभारत युद्ध तक की कूटरचना बुद्धि,चातुर्य और पराक्रम का अद्भुत संतुलन दिखाता है। आगे कहा कि श्री कृष्ण ही ऐसे देवता है जिसे अनेक संबंधों से याद किया जाता है। सतगुरूवार का भोग परमात्मा व सतयुग के प्रथम राजकुमार श्री कृष्ण को स्वीकार कराया गया, तत्पश्चात सभी को भोग वितरण किया।

### कबीरधाम जिले की विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर वन मंत्री से मिले सुभाष परते



**बिलासपुर** , 8 सिंतबर (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, युवा प्रभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते सदैव आम जनों की विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु हर संभव प्रयासरत रहते हैं। इसी संदर्भ में जिला कबीरधाम में संबंधित क्षेत्र के सामाजिक जनों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें चर्चा परिचर्चा के दौरान क्षेत्र के लोगों ने वन अधिकार पट्टा से संबंधित समस्या तथा अन्य समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुभाष परते ने छत्तीसगढ़ राज्य के वन मंत्री मो. अकबर से मिलकर उन्हें आमजनों की वन अधिकार पट्टे से संबंधित एवं अन्य क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया तथा भेंट मुलाकात के दौरान अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि समस्या के निदान हेतु शासन प्रशासन से कोई सहयोग नहीं मिल पा रहा है,विभिन्न प्रकार की अड़चनें आ रही हैं। आज भी संबंधित क्षेत्र में जनजाति समाज पीड़ित एवं शोषित है। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते ने मंत्री से निवेदन किया कि वन अधिकार पट्टे से संबंधित एवं अन्य समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करें,जिस पर मंत्री ने पूर्ण रूपेण निराकरण का आश्वासन दिया।

# एक जमीन को तीन लोगों को बेचने वाला आरोपी पकड़ाया

**बिलासपुर** , 8 सिंतबर (देशबन्धु)। बहला फुसला कर फर्जी हस्ताक्षर करवाकर, एक जमीन को एक ही दिन में तीन व्यक्तियों के पास बिक्री कर धोखाधडी करने वाला फरार आरोपी को सीपत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सीपत पुलिस ने बताया कि आवेदिका नंदनी बाई साहू उम्र 35 वर्ष पति विष्णु प्रसाद साहू निवासी ग्राम व पोस्ट मोपका (महावीर चौक) साहू मोहल्ला, थाना सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पत्र पेश किया की अनावेदक-1 भुवनेश्वरी पति विष्णु साहू 2 विष्णु साहू पिता श्याम दास साहू, दोनो निवासी ग्राम मड़ई थाना व तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3 पार्वती साहू पति केदारनाथ साहू 4 केदारनाथ साहू पिता बलीराम साहू, दोनो निवासी ग्राम लारीपारा छेरकाबांधा, थाना कोटा जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा छलकपट कर धोखा देकर उन्हीं के नाम पर एक आम



मुख्तियार जालसाजी से बनाकर बहला फुसलाकरकर तहसील बिलासपुर में बंटवारा के संबंध में चल रहे अन्य लंबित प्रकरण पर अधिवक्ता बदलना है कहकर आम मुख्तियार पंजीयन करा कर उक्त धोखाधड़ी से तैयार की गई ।

मुख्तियारनामा के आधार पर आवेदिका के पति विष्णु प्रसाद साहू के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा उच्चभट्टी प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. बेलतरा तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1221/8 रकबा 1.4084 हेक्टेयर भूमि को एक ही दिन में तीन व्यक्तियों के पास अनावेदकगण द्वारा बिक्री बयनामा निष्पादित कराकर लगभग 1263500रूपये का धोखाधडी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। विशेष टीम गठित कर प्रकरण के आरोपी की पतासाजी की जा रही जो प्रकरण के उक्त आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेश चौहान सउनि शिव सिंह बक्साल ,सउनि गोपाल खांडेकर, आर बबलू बंजारे शरद साहू, अभिषेक पटेल की विशेष भुमिका रही।

# निषाद समाज ने ली शपथ, बिलासा दाई केवट किला की पुनःस्थापना



**बिलासपुर**,8 सितंबर (देशबन्धु) ।निषाद समाज की गौरव और छत्तीसगढ़ की वीरांगना बिलासा दाई केवट , जिनके नाम पर बिलासपुर शहर पड़ा, और जिनके नाम पर बिलासपुर एयरपोर्ट का नाम हैं। उनके किले पर जाकर शपथ लिए की यंहा माता बिलासा का पुन: किला राष्ट्रीय सचिव और प्रभारी छत्तीसगढ़ संजय सिंह राजपूत और निषाद पार्टी के नेतृत्व में स्थापित किया जाएगा, साथ मे प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज निषाद, जिला अध्यक्ष राजकुमार निषाद, माधो निषाद, कुंज राम निषाद, राजेश निषाद सहित पचरी घाट के सैकड़ो नौजवान साथियों ने शपथ लिया।

# घर में शराब बेचते ग्रामीण पकड़ाया

### आरोपी के कब्जे से 67 नग देशी प्लेन शराब व 03 नग जीप्सी फाईन विस्की अंग्रेजी शराब जब्त

**बिलासपुर** , 8 सिंतबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे)जिला बिलासपुर द्वारा निजात अभियान के तहत् थाना क्षेत्रांतर्गत निशीले पदार्थो का अवैध बिक्री व परिवहन करने वालों के विरूध्द अधिक से अधिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है । जिसके मद्देनजर तथा कृष्ण जन्माष्ठमी उत्सव पर सतत् पेट्रोलिंग किया जा रहा था की दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम देवरी लाखापार का दिलीप कुर्रे अपने मकान बाडी में अवैध रूप से कृष्ण जन्माष्ठमी के अवसर मे शराब भट्ठी बंद होने के कारण भारी मात्रा में शराब रखा है। मुखबीर के बताये गये स्थान में जाकर घेरा बंदी कर रेड



कार्यवाही किया गया जो आरोपी दिलीप कुर्रे द्वारा अपने बाडी के ईटा में सीमेंट के बोरी में 67 नग देशी प्लेन शराब व 03 नग जीप्सी फाईन विस्की अंग्रेजी शराब कुल 12600 एमएल किमती 5720 छिपाकर रखा था जो विधिवत आरोपी के कब्जे से जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर को न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया है। उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. नरेश कुमार चौहान के साथ सउनि शिव सिंह बक्साल आर. चन्द्रप्रकाश भारद्वाज प्रदीप सोनी का सराहनीय योगदान रहा है । जप्त किया गया।

# विधायक बांधी ने ग्राम कर्रा और बनियाडीह में किया 1 करोड़ 15 लाख का भूमिपूजन

**बिलासपुर**, 8 सिंतबर (देशबन्धु)। मस्तूरी. विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को गति देने और ग्रामीणों को सुख सुविधा मुहैया करवाने के लिए विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं ग्रामीण अंचलों में जर्जर सडकों का डामरीकृत करवाकर ग्रामीणों को जर्जर सड़क से निजात दिलाने के लिए विधायक डॉ. बांधी ने अलग-अलग मार्ग पर पहुंचकर ठेकेदार को डामरीकृत निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए है। उनके द्वारा लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर जनता की समस्याओं को भी सुना जा रहा है वही समस्याओं की निराकरण की दिशा में वे लगातार प्रयास कर रहे हैं शुक्रवार को उन्होंने 76.52 लाख की लागत से दर्रीघाट पहुंचकर लिमतरा से पहरीपारा को जोड़ने वाली दो किमी लंबी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्रामीण क्षेत्रों का भी मोदी सरकार विकास कर रही है। परंतु मुझे इस बात की बहुत दु:ख है कि राज्य की कांग्रेसी सरकार, भूपेश बघेल की लबरा सरकार केंद्र की लोक कल्याणकारी योजनाओं को आप तक नही पहुँचने दे रही है।



ऐसी विकास विरोधी सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में आप लोगो को इस भ्रष्ट भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकना है।

# कमिश्नर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य सावधानी पूर्वक करने दिए निर्देश

### आवश्यक व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बिलासपुर** , 8 सिंतबर (देशबन्धु)। कमिश्नर केडी कुंजाम आज बिलासपुर सहित बेलतरा विधानसभा में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल मोपका,



जोन कार्यालय मोपका स्थित मतदान केंद्र, शासकीय कन्या उच्चतर माध्य. शाला नूतन चौक तथा शेफर्ड स्कूल स्थित मतदान केंद्रों का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ एडीएम श्री आरए कुरुवंशी, तहसीलदार बिलासपुर अतुल वैष्णव मौजूद थे। कमिश्नर श्री कुंजाम ने सभी मतदान केंद्रों में सभी अभिविहित अधिकारियों, बीएलओ तथा सुपरवाइजर से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, संशोधन, स्थानांतरण संबंधित प्राप्त फॉर्म 6, 7, 8 की केंद्रवार जांच की। उन्होंने फॉर्म्स की ऑनलाइन एंट्री किए जाने तथा समयसीमा में कार्य पूर्ण करने तथा साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के नाम जोड़ने, सूची में चिन्हांकन के लिए निर्देश दिए। सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी निरीक्षण किया।

## NECC

| 09.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.70 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 190 |

डिलीवरी 4.85 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188